सुप्रभात

रांची, रविवार

26.11.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 133




06 वैश्विक स्मारकों के दिशा-विन्यास पर वैदिक प्रभाव

## कई राज्य झारखंड मॉडल अपना कर गरीबों को दे रहे हैं योजनाओं का लाभ

# गेम चेंजर साबित हो रहा यह अभियान : हेमंत

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

- सीएम ने लिया केंद्र सरकार और भाजपा को निशाने पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम राज्य के लिए गेम चेंजर साबित हो रहा है। यह बातें राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। वह शनिवार को पाकुड़ के बाजार समिति कैंपस में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौके पर सीएम ने पाकुड़ वासियों को 153 करोड़ 81 लाख रुपये की 118 योजनाओं तोहफा का दिया।

समारोह में सीएम, भाजपा और केंद्र सरकार पर जम कर बरसे। विपक्ष को निशाने पर लेते हुए सीएम ने कहा कि जनता ने लंबे समय तक राज्य की सेवा का मौका दिया, पर प्रदेश को पीछे धकेल दिया। इतना ही नहीं उनलोगों ने हमारी सरकार पर कई तरह के लांछन लगाया। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार भी सौतेला व्यवहार करती है। अपना हक मांगने पर इडी सीबीआइ से डरती है, समय आने दीजिये सरकार और जनता जवाब देगी। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर सीएम व अन्य अतिथियों का परंपरागत ढंग से स्वागत किया गया।

**गांव-गांव पर सरकार की नजर :** सीएम ने कहा कि इस अभियान के पिछले दो चरणों में राज्य सरकार की आवाज और नजरें गांव-गांव तक पहुंची हैं। लाखों लोगों को उनका हक-अधिकार मिला। यह कार्यक्रम राज्य वासियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। पिछले दो चरणों में इस अभियान को लोगों का जिस तरह से रिस्पांस और सपोर्ट मिला, उसी के मद्देनजर पुनः इसका तीसरा चरण शुरू किया गया है। कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के बाद पिछले दो दशकों के दौरान जन समस्याओं और लोगों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखी। लेकिन, हमारी सरकार लोगों तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। वे शनिवार को पाकुड़ के बाजार समिति कैंपस में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**पाकुड़ जिला को योजनाओं की सौगात :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 66 करोड़ 76 लाख 20 हजार की राशि से बनी सड़क, मल्टीपरपस हॉल, पीसीसी सड़क, आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट विद्युत शक्ति उपकेंद्र, सोलरबेस माइक्रोलिफ्ट इरिगेशन, पीएचसी भवन, डिग्री कॉलेज महेशपुर, कोल्ड स्टोरेज, मॉडल स्कूल, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, एडवांस डेंटल ओपीडी का उद्घाटन किया। इसके अलावा 87 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपए से बनने वाले विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष, स्मार्ट क्लास, मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र, पथ मरम्मती, विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण, लिट्टीपाड़ा में डिग्री कॉलेज निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया। (शेष पेज 11 पर)

### पाकुड़ को मिली करोड़ों की सौगात




### भोंपू बजानेवालों पर ध्यान न दें

सीएम ने कहा कि हम योजनाओं का लाभ दे रहे हैं और विपक्ष इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भोंपू बजाने वाले पर कोई ध्यान नहीं दें और हम भी नहीं देंगे सिर्फ अपना काम करते रहेंगे। पेंशन के लिए रोज धक्का खाता था और पेंशन का लाभ नहीं मिलता था लेकिन इसे हमने समस्या का समाधान किया। सीएम ने कहा कि बईमानों की सरकारों ने लाभ न देकर अपनी जेब भर लीं। अब यहां के लोगो को पेंशन के लिए दलाल के पीछे घूमना नहीं पड़ेगा, जो पदाधिकारी बुजुर्ग को पेंशन नही देगा वो पदाधिकारी सीधे बर्खास्त होगा।

**झारखंड मॉडल देशभर में कारगर :** सीएम श्री सोरेन ने कहा कि यह अभियान जिस मकसद से शुरू किया गया, काफी प्रभावी, कारगर और सफल साबित रहा है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश के कई राज्य झारखंड के इस मॉडल को अपनाकर गरीबों और जरूरतमंदों को उनके दरवाजे पर सरकार की सेवाओं और योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

**केंद्र सरकार हाथ खड़े कर दिये :** सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार को पता है कि झारखंड में गरीब ज्यादा हैं। जानबूझ कर उसने झारखंड के गरीबों का पीएम आवास नहीं दिया। एफसीआइ से अनाज खरीदने नहीं दिया और गरीबों को अनाज देने में विलंब हुआ तो बाजार से महंगे दर पर अनाज खरीदकर अनाज बंटवाया। पीएम आवास में जब केंद्र ने हाथ खड़े किये, तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास देना शुरू किया। अभी शुरुआत है। आगे और योजनाएं शुरू करेंगे। छात्रावास में रहने वाले छात्रों को भोजन के लिए अनाज देंगे।

### राजधानी में प्रकाश पर्व की धूम



फोटो : समीर

### प्रकाश पर्व के मौके पर भव्य नगर कीर्तन निकाला

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा ने श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रांची के रातू रोड स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में भव्य दीवान सजाया। पंद्रह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी को मत्था टेका और दोपहर 3 बजे से भव्य नगर कीर्तन निकाला। दीवान की शुरुआत से पहले सुबह नौ बजे गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पुष्प पालकी में विराजमान कर शबद गायन करते हुए प्रभातफेरी की शक्ल में गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह की अगुवाई में दीवान में सुशोभित किया गया।

## मोदी ने तेजस में भरी उड़ान, कहा- गजब का अनुभव

# अब स्वदेशी क्षमताओं पर देश का भरोसा और बढ़ा

- आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भारत किसी भी देश से अब कम नहीं

**एजेंसी**

**बेंगलुरू।** पीएम मोदी ने शनिवार को यहां स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में सफलतापूर्वक उड़ान भरी। लड़ाकू विमान में सफल उड़ान के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, यह गजब का एक्सपीरियंस था। मैं आज तेजस में उड़ान भरते हुए अत्यंत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी मेहनत और लगन के कारण हम आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व में किसी से कम नहीं हैं। इस उड़ान से मेरे अंदर देश की स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा और बढ़ गया है। भारतीय वायुसेना, डीआरडीओ और एचएएल के साथ ही समस्त भारतवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। पीएम मोदी रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपक्रम एचएएल के दौरे पर आये थे।

**कई देश तेजस खरीदने को इच्छुक :** उल्लेखनीय है कि तेजस देश के बाहर भी एयर शो में अपनी ताकत और जौहर का प्रदर्शन कर वाहवाही लूट चुका है। कई देशों ने इस विमान को खरीदने में दिलचस्पी भी दिखायी है। तेजस विमान मोदी सरकार की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने और स्वदेशीकरण के लिए उठाये गये बड़े कदम के तहत देश में ही बनाया गया है। तेजस के पहले संस्करण को 2016 में वायु सेना में शामिल किया गया था। अभी वायु सेना के दो स्क्वाड्रनों 45 स्क्वाड्रन और 18 स्क्वाड्रन तेजस को शामिल किया गया है। सरकार ने एचएएल को 83 एलसीए एमके 1ए विमानों का आर्डर दिया है जिस पर 36,468 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। इन विमानों की आपूर्ति फरवरी 2024 तक शुरू हो जायेगी।

**पूर्ण स्वदेशी घातक लड़ाकू विमान :** सरकार ने एलसीए तेजस के उन्नत और अधिक घातक संस्करण एलसीए एमके 2 के विकास के लिए 9000 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी है। इस विमान के लिए देश में ही अत्याधुनिक इंजन बनाने के लिए पीएम की गत जून में अमेरिका यात्रा के दौरान प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस के साथ बातचीत की गयी है जो अंतिम चरण में है। इस संबंध में एचएएल ने जी ई एरोस्पेस के साथ एक समझौता भी किया है।

**पायलट की वर्दी में मोदी :** उड़ान भरने से पहले पीएम पायलट के ड्रेस में नजर आये। उनके चेहरे पर खुशी थी। तेजस में बैठ कर हाथ हिलाते हुए पीएम मोदी ने सबका अभिवादन किया। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोमांचक उड़ान भरी थी।



### वाजपेयी ने दिया था नाम

वायुसेना बेड़े में हल्के फाइटर विमान को शामिल करने की तैयारी 1983 में ही शुरू हो गयी थी। मकसद था रूसी फाइटर मिग-21 के विकल्प में नया फाइटर जेट तैयार करना और देश में हल्का फाइटर जेट बनाना। करीब 18 साल की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार जनवरी 2001 में इसने पहली बार उड़ान भरी। उस समय देश में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी। वाजपेयी ने ही एलसीए को तेजस नाम दिया था। तब उन्होंने कहा था कि ये संस्कृत शब्द है, जिसका मतलब चमक है।

# आठ लड़कियों की न्यूड फोटो बनाने वाला धराया

- डीपफेक की जद में अब रांची भी शामिल
- पुलिस ने मुजफ्फरपुर में विवेक को पकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के एक नामी शिक्षण संस्थान की आठ लड़कियों की तस्वीर डीपफेक के जरिये न्यूड वीडियो बनाकर उसे इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले हैवान को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विवेक कुमार नाम के युवक को पुलिस ने बिहार के मुजफ्फरपुर में दबोचा। उसके पास से मोबाइल भी बरामद किये गये हैं, जिसमें लड़कियों के कई फोटो और इंस्टाग्राम के फेक आइडी का स्क्रीनशॉट पाया गया है।



**शातिर अपराधी है गिरफ्तार युवक :** शनिवार को सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस कांफ्रेस कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रांची पुलिस ने इस कार्रवाई को बेहद गुप्त तरीके से अंजाम दिया जिसके बाद आरोपी गिरफ्त में आ पाया। इसे लेकर लालपुर थाने में पोस्को एक्ट और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी है। सबसे पहले उसने सोशल मीडिया पर अपने आप को अमीर बताते हुए अपनी एक प्रोफाइल बनायी थी। उस प्रोफाइल के आधार पर ही उसने रांची की एक लड़की के साथ दोस्ती की। (शेष पेज 11 पर)

## सुरंग हादसा : मलबे से टूट कर कबाड़ हो गयी अमेरिकन ऑगर ड्रिलिंग मशीन

# अब हाथ से ड्रिलिंग, लंबवत बचाव मार्ग बनाने पर विचार

**एजेंसी**

**उत्तरकाशी।** देश के सबसे बड़े और सबसे मुश्किल उत्तरकाशी टनल रेस्क्यू में लगी अमेरिकन हैवी ऑगर मशीन जवाब दे गयी। करीब चार बार सुरंग का मलबा साफ करने के दौरान ऑगर ड्रिलिंग मशीन से लोहे की रॉड और पाइप टकराये जिससे मशीन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। अब मैनुअली ड्रिलिंग की झायेगी। एक अधिकारी ने बताया कि सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा ढहने से उसमें फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए हाथ से ड्रिलिंग पर विचार किया जा रहा है। सुरंग में 12 नवंबर से फंसे 41 श्रमिकों को निकालने के लिए अब बचावकर्ता शेष हिस्से की हाथ से ड्रिलिंग या लंबवत बचाव मार्ग तैयार करने करने की तैयारी में हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक बार फिर अब मजदूरों का इंतजार और बढ़ गया।



**ऑगर मशीन नष्ट : डिक्स-** रेस्क्यू अभियान चलाने आये ऑस्ट्रेलिया निवासी अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि अब ऑगर ड्रिलिंग मशीन की मदद नहीं मिल पायेगी। बरमा टूट जाने से ऑगर मशीन खत्म हो गयी। यह अपूरणीय क्षति है। ये इतना डैमेज हो गया है कि बरमा से अब और ड्रिलिंग का काम नहीं होगा। अब रेस्क्यू ऑपरेशन में ऑगर मशीन को नहीं देख पायेंगे।

**अब भी कई विकल्प हैं :** अर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि अब भी हमारे पास रेस्क्यू के कई रास्ते हैं। सब लोगों में पॉजिटिव एनर्जी भरी हुई है। रेस्क्यू में थोड़ी देर हो सकती है, लेकिन हम टनल के अंदर फंसी 41 जिंदगियों को बचा लेंगे। टनल के अंदर फंसे सभी 41 लोग ठीक हैं। वो प्रॉपर खाना खा रहे हैं। उन्हें दवाइयां दी जा रही हैं। बस हमें अब सबसे अच्छा रेस्क्यू ऑप्शन डिसाइड करना है। इसमें मैनुअल ड्रिलिंग के साथ वर्टिकल ड्रिलिंग भी शामिल है। अन्य विकल्प भी हमारे पास खुले हुए हैं। श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए सुरंग के ढहे हिस्से में की जा रही ड्रिलिंग शुक्रवार रात पुनः रोकनी पड़ी, जो बचाव प्रयासों के लिए एक और झटका था। (शेष पेज 11 पर)

# अलग उत्तर बंगाल राज्य की मांग तेज, बनाया फ्रंट

- 20 को दिल्ली में धरना राष्ट्रपति, पीएम से भी मिलेंगे

**एजेंसी**

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल में लंबे समय से अलग राज्य बनाने की मांग हो रही है। अब ये मांग जोर पकड़ती नजर आ रहा है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले गोरखा, राजबंशी और आदिवासी समूहों के विभिन्न संगठनों ने अलग उत्तर बंगाल राज्य की मांग को लेकर हाथ मिलाया है। इन लोगों ने एक बैठक में निर्णय लिया कि 20 दिसंबर को दिल्ली में धरना दिया जायेगा। इन लोगों ने दरअसल जिन राजनीतिक दलों और संगठनों ने वर्षों से कामतापुरियों, राजबंशियों और गोरखाओं के लिए अलग राज्यों की मांग की थी, उन्होंने हाल ही में पश्चिम बंगाल के आठ जिलों को मिलाकर एक अलग राज्य की मांग करते हुए 'अलग राज्य के लिए संयुक्त मोर्चा' का गठन किया है। मोर्चा, अपने पहले कदम के रूप में, शीघ्र ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन सौंपने की योजना बना रहा है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को इस मुद्दे पर सिलीगुड़ी में फ्रंट की बैठक हुई। (शेष पेज 11 पर)

### न्यूज डायरी

**हजारीबाग : कुएं में डूबे दो सगे भाइयों की मौत**

**हजारीबाग।** बरही थाना क्षेत्र के धनवार में कुएं में डूबने से उमेश केसरी के दो पुत्र सत्यम (10) व उज्ज्वल (5) की मौत हो गयी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

**राजस्थान में 68 फीसदी से अधिक मतदान**

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा की 199 सीट के लिए शनिवार को शाम पांच बजे तक 68 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। राज्य में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है। दोनों ही दलों के नेताओं ने अपनी पार्टी को जनादेश मिलने की उम्मीद जतायी है।

**धनबाद : अवैध खनन के दौरान महिला की मौत**

**धनबाद।** जिले में कथित अवैध कोयला खनन के दौरान एक महिला की मौत के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में लोगों ने खदान के रास्ते को जाम कर दिया। पुलिस ने बताया कि शव के साथ प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने परिजनों को मुआवजा देने की मांग की।

**मुंडा और भूपेंद्र पटेल ने किये रामलला के दर्शन**

**अयोध्या।** केंद्रीय जनजाति कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा और गुजरात प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल ने शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि पर विराजमान रामलला और प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर जाकर दर्शन-पूजन किया।

**खूंटी : चूड़ामणि टुडू बने जरियागढ़ थाना प्रभारी**

**खूंटी।** जिले में कई थाना प्रभारियों का तबादला किया गया है। एसपी अमन कुमार ने शनिवार को इसे लेकर आदेश जारी किया है। इसके तहत मुरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टुडू को जरियागढ़ का थाना प्रभारी बनाया है। अड़की थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन को मुरहू का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

**गिरिडीह में इंटर की छात्रा ने की खुदकुशी**

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह मौर्यापुरी इलाके में किराये की मकान में रहकर इंटर की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्रा की पहचान तारातांड थाना क्षेत्र के खुटरी निवासी युगल रजक की पुत्री खुशी के रूप में हुई है।

**चान्हो में अवैध कोयला लदी मारुति कार जब्त**

**चान्हो (रांची)।** चान्हो पुलिस ने गश्ती के दौरान अवैध कोयला लदी मारुति वैन (जेएच 02 बी-7691) जब्त किया है। साथ ही कुडू के जजगुड़ा निवासी फैज व अरबाज खान को जेल भेज दिया। वैन में 42 बोरा कोयला लदा हुआ था।

**कराची के शॉपिंग मॉल में आग से 11 की मौत**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कराची में शनिवार को एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से करीब 11 लोगों की मौत हो गयी जबकि 22 अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया से ये जानकारी मिली है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



### पाकुड़ में बोले सीएम- समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका हक व अधिकार दे रही राज्य सरकार

# दो दशकों तक जन समस्याओं के समाधान को लेकर नहीं दिखी गंभीरता: हेमंत सोरेन

## जन आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुरूप बन रही योजनाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को पाकुड़ में कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के बाद पिछले दो दशकों के दौरान जन समस्याओं और लोगों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखी लेकिन, हमारी सरकार लोगों तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। वह शनिवार को पाकुड़ के बाजार समिति कैंपस में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। समाज के अंतिम व्यक्ति तक उनका हक और अधिकार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य योजना बनाकर उसे धरातल पर उतार रही है। आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, युवा, महिला, बुजुर्ग, हर वर्ग के कल्याणार्थ योजना बनायी गयी है। वे इन योजनाओं से जुड़ें और सशक्त तथा स्वावलंबी बनने की राह पर बढ़ें।



**सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना है। हमारी सरकार बनने के बाद अधिकारियों की सोच में बदलाव आया है। वे गांव-गांव पहुंच रहे हैं और आपके बीच रहकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुन रहे हैं तथा उसका समाधान भी कर रहे हैं।

**गरीबों तक योजना पहुंचाना अधिकारियों का दायित्व :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस गांव-पंचायत में जाने के लिए रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी योजनाओं की गठरी लेकर पहुंच रहे हैं और आपको उससे जोड़ने का काम कर रहे हैं । यहां लगने वाले शिविरों में अधिकारियों का दल आपकी हर समस्या के समाधान के लिए मौजूद हैं। आप इन शिविरों में आएं और योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

**गरीबों के सुख-दुख में हमेशा साथ है सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों की सरकार है। यह सरकार गरीबों के हर सुख -दु:ख में उनके साथ खड़ी है और पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी सेवा कर रही है।

**राज्य सरकार अपने बलबूते 8 लाख परिवारों को देगी आवास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब अपने बलबूते अबुआ आवास योजना के तहत 8 लाख परिवारों को आवास देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकुड़ जिले में कालाजार की बीमारी आम है। यह गरीबों की बीमारी है क्योंकि कच्चे और टूटे-फूटे मकान में रहने वालों को यह होती है ऐसे में अबुआ आवास योजना के तहत इन घरों में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड जारी कर उन्हें अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा भी अनेकों ऐसी योजनाएं हैं, जिसका वित्तीय भार राज्य सरकार अपने दम पर वहन कर रही है। ये योजनाएं सफलतापूर्वक संचालित हों, इसके लिए वित्तीय व्यवस्था मजबूत कर रहे हैं।

### अब पेंशन के लिए नहीं करना होगा इंतजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। जब तक विधवाओं की उम्र 40 वर्ष और दिव्यांगों की उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं हो जाती थी, उन्हें पेंशन योजना से नहीं जोड़ा जाता था। लेकिन, हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर इन सारी बाध्यताओं को खत्म कर दिया है। आज सभी योग्य पात्रों को यूनिवर्सल पेंशन स्कीम का लाभ लाभ मिल रहा है।

### शिक्षा और रोजगार पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्वालिटी एजुकेशन और नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने पर सरकार का विशेष फोकस है। निजी विद्यालयों की तर्ज पर सरकारी विद्यालयों के बच्चों को शिक्षा देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। आदर्श विद्यालयों के गठन के साथ सरकारी विद्यालयों को पठन- पाठन से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है। इसके अलावा विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्सेज करने के लिए आर्थिक सहायता सरकार दे रही है। वहीं, दूसरी तरफ पढ़े-लिखे और कम पढ़े लिखे एवं स्वरोजगार के इच्छुक नौजवानों के रोजगार के लिए भी सरकार की कार्य योजना है। आज बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी दी जा रही है तो मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से युवाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे अपना रोजगार कर सकें।

## लाखों लंबित आवेदन छोड़ नये आवेदन लेने सरकार पहुंची आपके द्वार : बाउरी

### गुमला के उपायुक्त पर कार्रवाई करे सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार के स्तर से शुरू किए गये अभियान आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार की मंशा पर सवाल उठाया है। सोशल मीडिया पर इस अभियान की आलोचना करते कहा है कि पूर्व में भी यह अभियान चला था। इसके लाखों आवेदनों पर अब तक एक्शन नहीं लिया गया और वे लंबित पड़े हैं। अब इन आवेदनों को छोड़ सरकार नए आवेदन लेने को आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है। लूट और झूठ में वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी कांग्रेस-झामुमो-राजद की झारखंड सरकार भारी अवस्था के बीच लोगों के समक्ष आयी है। अमर कुमार बाउरी ने धनबाद जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार की स्थिति और बदइंतजामी का जिक्र किया है। उन्होंने कहा है कि जिले के कुमारजोरी में काउंटरों में आवेदन जमा करने के लिए भी फरियादी जूझते रहे। अलकडीहा में उधारी में टेबल-कुर्सी से लेकर पानी तक का इंतजाम किया गया। जियलगढ़ा में महिला मुखिया ने अपने पैसे पर कैंप में सारी व्यवस्थाएं करायी।

वहीं गुमला जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम से संबंधित तस्वीरों को जारी करते अमर बाउरी ने जिले के डीसी और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग सरकार से की है। प्रखंड कार्यालय, चैनपुर प्रखंड, कतींग पंचायत की फोटो जारी करे कहा कि लूट और झूठ की रिकॉर्ड धारी कांग्रेस-झामुमो-राजद सरकार का कार्यक्रम सरकार आपके द्वार का सही एजेंडा सामने आ चुका है। सरकार प्रायोजित इस कार्यक्रम में साधन, संसाधन और अधिकारी झामुमो-कांग्रेस-राजद के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। फॉर्म भरने के नाम पर ग्रामीणों को संबंधित पार्टी का पट्टा दिया जा रहा है। सरकार गुमला जिले के डीसी पर कार्रवाई करे।

**सरकार का यह है दावा :** राज्य सरकार के द्वारा अब तक दो चरणों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पिछले दो सालों में हो चुका है। इस साल 24 नवंबर से तीसरा चरण शुरू किया गया है। पूर्व के दो चरणों में करीब 2 लाख 12 हजार आवेदनों का निष्पादन हुआ। तीसरे चरण के तहत 24 नवंबर को 6 प्रखंड के 8 पंचायतों में आयोजित शिविर में करीब 5500 आवेदन प्राप्त किया गया है। इस अभियान के तहत लाभुकों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उसके घर तक पहुंच कर दिया जा रहा है।

# झारखंड की ढाई लाख रसोइयों का 3 दिसंबर को रांची में होगा महाजुटान

### मोरहाबादी मैदान में जुटकर एक साथ करेंगे वेतनमान की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बनाने वाली लाखों रसोइया और संयोजिका फिर विभिन्न मांगों को लेकर मुखर हैं। वो सभी फिर से सरकार के समक्ष एकजुट हो रहे हैं। राज्य में काम करने वाले करीब 2 लाख 47 हजार रसोइया कर्मचारी आगामी 3 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में एकजुट होंगे। 3 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री के सामने वे मांग रखेंगे कि अब स्कूलों में खाना बनाने वाले रसोइया को न्यूनतम वेतन दिया जाए, जबकि वर्तमान में रसोइया को मात्र 66.66 रुपये प्रतिदिन वेतन के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है। संयोजिका और अध्यक्ष को बिना वेतन का ही काम करना पड़ रहा है।

### हर महीने 1900 रुपये भी नहीं मिलते

संघ की कोषाध्यक्ष अनिता कुमारी ने कहा कि पिछले 19 वर्ष से राज्य के विभिन्न स्कूलों में बच्चों को भोजन बना रही हैं लेकिन उनके घरों में कैसे भोजन बन रहा है यह उन्हें ही पता है। सरकारी स्कूलों में बच्चों का खाना बनाने वाली रसोइया को 66 रुपये प्रतिदिन दिए जाते हैं। इस प्रकार से उन्हें महीने में 1900 रुपये का भुगतान किया जाता है लेकिन वो राशि भी उन्हें प्रति माह नहीं मिलती।

### रसोइया संघ की सीएम से मांग

3 दिसंबर को मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले मुख्यमंत्री से मांग करेंगे कि सभी रसोइया को 18 हजार रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन दिया जाए। पिछले 19 साल से सेवा दे रहे रसोइया और संयोजिका का 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए। उन्हें पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए। रसोइया और संयोजिका को पीएफ का लाभ मले। अब देखना यह है कि लाखों रसोइया संयोजिका के आग्रह के बाद क्या कुछ निर्णय आता है या फिर अपनी विभिन्न मांगों के लिए रसोइया संघ को अभी और भी लंबा संघर्ष करना होगा।

### प्रतिबिंब पोर्टल के जरिए साइबर अपराध कम करने की दी जानकारी

**रांची।** प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से साइबर अपराध कम करने के लिए जिलों के पुलिस अधीक्षकों को जानकारी दी गई। एडीजी अभियान के आदेश पर शनिवार को जामताड़ा एसपी के द्वारा सभी जिले एसपी के साथ प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से साइबर अपराध को कम करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रस्तुतिकरण के संबंध में एक बैठक आयोजित किया गया।

गौरतलब हो कि साइबर अपराध को रोकने के लिए सीआईडी झारखंड का ऐप प्रतिबिंब पूरे देश के लिए मॉडल बनेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आने वाली संस्था आई-सी की पहल पर झारखंड सीआईडी ने प्रतिबिंब के इस्तेमाल की अनुमति दूसरे राज्यों को भी दी है। इन राज्यों की पुलिस को इसका लॉगिन व आईडी दिया गया है।

# झारखंड में 15 दिसंबर से धान खरीदने की तैयारी कर रही है राज्य सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार राज्य में इस साल खरीफ मौसम में उत्पादित धान की खरीद 15 दिसंबर से करने की तैयारी में है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा लैम्प्स और पैक्स के माध्यम से होने वाले धान खरीद के लिए तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। किसानों से खरीदे जाने वाले धान को लैम्प्स में रखने और मिलर द्वारा ससमय उठाव को लेकर विभाग की तैयारी जारो पर है। इसके तहत मिलर का निबंधन के साथ साथ किसानों के निबंधन को अंतिम रुप दिया जा रहा है। सहकारिता पदाधिकारी के माध्यम से लैम्प्स की वर्तमान स्थिति से संबंधित रिपोर्ट जिला स्तर पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से मिलने के बाद सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति केन्द्र की संख्या को अंतिम रुप दिया जायेगा।

पिछले कुछ वर्षों की धान अधिप्राप्ति

| वर्ष | लक्ष्य (क्विंटल में) | प्राप्ति |
|---|---|---|
| 2018-19 | 40,00,000 | 22,74,044.65 |
| 2019-20 | 30,00000 | 38,03,007.67 |
| 2020-21 | 60,85,000 | 62,88,529.11 |
| 2021-22 | 80,00,000 | 2,13,365.46 |
| 2022-23 | 36,30,000 | 1716078.88 |



### एमएसपी को लेकर विभाग में किया जा रहा है मंथन

हर साल किसानों को धान के सरकारी समर्थन मूल्य के आधार पर भुगतान किया जाता है। वर्तमान समय में सरकारी दर 2050 रुपये प्रति क्विंटल है। इस साल किसानों से शिकायत यह आ रही है कि बाजार में सरकारी मूल्य की तरह खुले रुप से धान के दाम हैं। ऐसे में वो सरकारी सिस्टम के तहत क्यों बेचें। यह मामला विभागीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव तक पहुंचा है जिसके बाद इस पर मंथन की जा रही है।

विभाग का मानना है कि यदि किसान बाजार में सीधे धान बेच देंगे तो सरकार के पास धान मिलना मुश्किल हो जाएगा। यही वजह है कि किसानों के निबंधन में धीमी प्रगति देखी जा रही है। विभाग के द्वारा अब तक लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

जानकारी के मुताबिक इस महीने के अंत तक जिलों से रिपोर्ट आने के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत के अनुसार सहकारिता पदाधिकारी से रिपोर्ट मिलने के बाद धान अधिप्राप्ति केंद्र की संख्या और खरीद का लक्ष्य तय होगा।

संभावना यह है कि रांची में पिछले साल की तरह इस बार भी 75000 क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य तय होगा। गौरतलब है कि झारखंड के किसानों को इस बार भी मौसम की मार पड़ी है। कम वर्षा के कारण इस बार धान की बुआई अपेक्षा अनुरूप नहीं हो पाया है। आंकड़ों के मुताबिक अगस्त महीने तक करीब 46% धान की बुआई राज्य में हुई थी।

### पीढ़ियों से कहूंगा वे कभी शिबू सोरेन जैसा न बनें : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि वे अपनी पीढ़ियों से कहेंगे कि वो कभी शिबू सोरेन जैसा न बनें। बाबूलाल मरांडी सीएम हेमंत सोरेन के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने बाबूलाल का नाम लिये बगैर इशारों में कहा था कि एक आदिवासी नेता 14 साल तक शिबू सोरेन बनने की कोशिश करता रहा, लेकिन कामयाब नहीं हो पाया। बाबूलाल ने कहा कि जिसने इतना झूठ बोला, ठगा, हमारे बच्चे उस परिवार जैसे नहीं बनेंगे।

# हाइकोर्ट के अधिवक्ता व उनके परिवार को जान से मारने की दी गयी धमकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट के अधिवक्ता और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है। अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव ने पंडरा ओपी में शनिवार को मामला दर्ज करवाया है। अधिवक्ता मोटरसाइकिल पर सवार 2 अज्ञात अपराधियों ने शनिवार को अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव की जीप रोकर उन्हें रिवाल्वर दिखाकर हाईकोर्ट से केस हटा लेने की धमकी दी, ऐसा नहीं करने पर उन्हें और उनके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी गयी। इसके बाद अधिवक्ता ज्ञान रंजन ने पंडरा थाना जाकर इसकी शिकायत करते हुए इस संदर्भ में एफआईआर दर्ज किया।

बता दें कि अधिवक्ता नोभा नगर स्थित कार्यालय में कुछ निर्माण कार्य करा रहे थे। जहां से काम खत्म करा कर वह अपने रातू रोड स्थित घर लौट रहे थे। उसी दौरान बनहोरा स्थित पानी टंकी के पास दो अपराधियों ने रोक कर उन्हें जान से मारने की कोशिश की। बीते शुक्रवार को कोर्ट के आदेश के आलोक में इस मामले में गठित तीन अधिवक्ताओं की कमेटी ने कटहल मोड़ स्थित हरमू नदी के उद्गम स्थल के निकट अवैध अतिक्रमण का जायजा लिया था, जिसमें अधिवक्ता ज्ञान रंजन भी न्यायालय के आदेश से गये थे।

### तीन चरणों में पुलिस की ट्रांसफर पोस्टिंग

**रांची।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड पुलिस में बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग होगी। पुलिसकर्मियों की दो से तीन चरणों में ट्रांसफर-पोस्टिंग की जाएगी। 20 दिसंबर तक पुलिसकर्मियों की ट्रांसफर पोस्टिंग की जाएगी। एक जिले में तीन साल से कार्यरत पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर ट्रांसफर पोस्टिंग की जाएगी। इसकी तैयारी राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा कर ली गई है।

# बंगलादेश घुसपैठ पर भाजपा जनता को कर रही गुमराह : शकील अख्तर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व चेयरमैन शकील अख्तर अंसारी ने भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव का बयान-हेमंत सरकार में बंगलादेशी मुसलमान दामाद और झारखंड के मुसलमान सौतेले बेटे जैसे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा के द्वारा यह बयान सोची समझी और जनता को गुमराह करने के मकसद से दिया गया है। उन्होंने कहा है कि अगर झारखंड के साथ पूरे देश में कही भी बंगलादेशी घुसपैठ हो रहा है तो इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेदार है। घुसपैठ रोकने की जिम्मेवारी केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह की है। अगर वे राकने में विफल साबित हो रहे तो उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। अमित शाह का सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा है कि पूरे नौ साल से भाजपा के प्रवक्ताओं ने देश की जनता का गुमराह करने का काम किया है। गुमराह करने वाली भाजपा से देश की जनता 2024 में हिसाब लेने के लिए तैयार है।

### रांची, गिरिडीह, खूंटी और प. सिंहभूम के श्रमिकों के परिजनों से उपायुक्त की हो रही बातचीत

# टनल में फंसे राज्य के श्रमिकों के परिजनों को उत्तराखंड में सुविधाएं दे रही झारखंड सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा और डंडलगांव के बीच निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों का हाल जानने गए उनके परिजनों को हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मालूम हो कि टनल में फंसे श्रमिकों का हाल जानने उनके परिजन उत्तराखंड पहुंचे हैं। इसकी जानकारी जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हुई तो उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। टनल में फंसे झारखण्ड के सभी 15 श्रमिक सुरक्षित हैं। इनमें से गिरिडीह के दो, खूंटी के तीन, रांची के तीन एवं पश्चिमी सिंहभूम के सात श्रमिक की पुष्टि हुई है। संबंधित जिला के उपायुक्त श्रमिकों के परिजनों से बातचीत कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। प्रवासी नियंत्रण कक्ष भी टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों से लगातार संपर्क में है।



**रहने और भोजन की हुई व्यवस्था :** मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमिकों के परिवार के सभी सदस्यों के रहने, खाने-पीने की व्यवस्था कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों और परिवारों को जैकेट, टोपी और कंबल वितरित किए गए हैं। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत 14 नवंबर को टनल में फंसे श्रमिकों की स्थिति से अवगत होने एवं उन्हें सहायता पहुंचाने जैप आईटी के सीईओ भुवनेश प्रताप सिंह, ज्वाइंट लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद एवं ज्वाइंट लेबर कमिश्नर प्रदीप रॉबर्ट लकड़ा को उत्तराखंड भेजा गया था। यह टीम नौ दिनों तक घटनास्थल पर थी। झारखण्ड में उनके आवश्यक कार्यों को देखते हुए उनके स्थान पर राकेश प्रसाद, संयुक्त श्रमायुक्त सह अपर निबंधक एवं धनंजय कुमार सिंह, संयुक्त श्रमायुक्त को भेजा गया है, जो अभी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

### रांची में झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ का दो दिनी सम्मेलन शुरू

# राज्य के सरकारी कर्मचारियों को बुढ़ापे में वृद्धाश्रम नहीं जाने देगी हेमंत सोरेन की सरकार : स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन शनिवार को ओल्ड पुलिस क्लब में शुरू हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संघ के नेता दो दिनों तक कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए विचार विमर्श करें, उसके बाद जो मुख्य बातें सामने आए उसे एजेंडा बनाकर सरकार के सामने रखें। श्री महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के विकास और हर किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए काम कर रहे हैं। झारखंड सरकार की ओर से राज्य में ओल्ड पेंशन स्कीम शुरू करने की चर्चा करते हुए स्पीकर ने कहा कि राज्यकर्मी का बुढ़ापा वृद्धाश्रम में न कटे, इसकी व्यवस्था हेमंत सोरेन ने कर दी है। ओल्ड पेंशन स्कीम शुरू करने वाले राज्यों में झारखंड अग्रणी राज्य बना। **सम्मेलन में होगी तय**



**आंदोलन की रणनीति :** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के नेता मो. आदिल और देवेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि संघ के दो दिवसीय राज्य सम्मेलन के दौरान आपस में विस्तृत विचार विमर्श के बाद आगे के आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि सचिवालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों का आज तक प्रमोशन नहीं हुआ है। अब इनकी लड़ाई तेज की जाएगी। संघ के नेताओं ने स्पीकर के मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

### राज्य कर्मचारी महासंघ की मुख्य मांगें

केंद्रीय कर्मचारयों की तरह राज्यकर्मियों का भी आयोग बने। एक जनवरी 2016 से अन्य भत्तों की सुविधा के साथ वेतन दिया जाए। राज्य के सभी शहरों के अंचल कर्मियों को यात्रा भत्ता दिया जाए। कोरोना काल का बकाया 18 महीने के डीए का भुगतान किया जाए। बिहार की तर्ज पर योग्यता रखने वाले चतुर्थ कर्मियों को थर्ड ग्रेड में प्रमोशन दिया जाए। राज्य के सभी कर्मियों और पेंशनधारियों को कैशलेस हेल्थ कार्ड दिया जाए। सेवा निवृति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62वर्ष किया जाए। आईटीआई प्रशिक्षित का ग्रेड पे 4200 से बढ़ाकर 4600 किया जाए। रिम्स में कार्यरत नर्सों एवं अन्य कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना ओपीएस का लाभ दिया जाए। सरकारी नियम के अनुसार समस्त शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ दिया जाए और उन्हें गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त रखा जाए। राज्य भर के जनसेवकों को प्रोन्नति दी जाए तथा एएनएम के लिए सरकार नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली बनाए।

स्पीड न्यूज

## यूसील की नरवा पहाड़ यूनिट में ट्रेड टेस्ट व फर्स्ट एड कंपटीशन संपन्न



जादूगोड़ा। खान सुरक्षा निदेर्शालय चाईबासा के तत्वाधान में यूसील की नरवा पहाड़ यूनिट में 61वां खान सुरक्षा सप्ताह (21-27 नवंबर) के तहत शनिवार को नरवा यूरेनियम प्रोजेक्ट के इन्फॉर्मेशन सेंटर ट्रेड टेस्ट व प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई आई एस ओ के हेड के के राव ने किया। प्रतियोगिता में यूसील की सात माइंस जादूगोड़ा, बागजाता, भाटीन, नरवा पहाड़, तुरामडीह, महूलडीह, बांदू हुरांग यूरेनियम प्रोजेक्ट समेत लावा गोल्ड माइंस (रांची) व हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के प्रतिभागियों समेत 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत यूसील के सेफ्टी हेड सह मुख्य अतिथि पी के पहाड़ी, आई एस ओ हेड के के राव, जादूगोड़ा ग्रुप ऑफ माइंस के महाप्रबंधक मनोज कुमार, तुरामडीह माइंस के महाप्रबंधक चंचल मन्ना, नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट के एजेंट मनोरंजन महाली, खान प्रबंधक एस पी तेम्बद, अभिषेक आनंद , प्रकाश कुमार समेत सेल कंपनी। (चाईबासा) ,हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड व यूसील डॉक्टर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए आई एस ओ के हेड के के राव ने कहा कि खान सुरक्षा निदेशालय चाईबासा की ओर से पूरे कोल्हान से 200 अधिक मेटल माइंस में इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता सीखने का या सबसे बड़ा मंच है। फर्स्ट एड की जरूरत कदम कदम पर विभिन्न रूपों में पड़ती है। समय पर उपचार देने पर किसी की जान बचाई जा सकती है। इससे बड़ा महान कार्य कुछ नहीं हो सकता है। वही इस ट्रेड टेस्ट में भाग ले रहे टिंबर मैन, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक, फिटर, ब्लास्टर, ड्रिल ऑपरेटर, बेल्डर हेवी वाहन, एल एच डी ऑपरेटर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## सीतारामपुर डैम में छोड़ा गया मछली का जीरा



गम्हरिया। सीतारामपुर डैम में शनिवार को 3 लाख 50 हजार मछली का जीरा (अंगुलिका) छोड़ा गया। मत्स्य विभाग की ओर से रोहू, कतला, मृगाल आदि प्रजाति के मछली का जीरा डैम में छोड़ा गया। इस मौके पर जिला मत्स्य प्रसार पदाधिकारी राज कुमार, यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार, सीतारामपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष डाक्टर टुडू, सचिव चरण हांसदा, जय जीवन, बुधराय समेत काफी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे। मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत पूरे राज्य में जलाशयों और तालाबों में मछली का जीरा छोड़ा जा रहा है। इसके लिए अलग-अलग नोडल पदाधिकारी नियुक्त किये गये हैं। सीतारामपुर डैम मछली उत्पादन का प्रमुख केंद्र है। यहां जीरा छोड़ने का मुख्य उद्देश्य इससे विस्थापित गांव के लोगों को मछली व्यवसाय कर जीवकोपार्जन में सहायता मिलेगी एवं वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि मछली पालकों को सरकार की ओर से ट्रेनिंग भी दी जा रही है। प्रधानमंत्री संपदा योजना के तहत एसटी एवं एससी चार मीटर की परिधि में मछली का पालन कर सकती है। सरकार के द्वारा ऐसे मत्स्य पालकों को 50 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है। यह योजना वर्ष 2025 तक लागू रहेगी। उन्होंने समिति के अध्यक्ष डॉक्टर टुडू से मछली पालन की जानकारी ली। इस मौके पर काफी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित थे।

## जैम@स्ट्रीट बिष्टुपुर गोलचक्कर पर आज

जमशेदपुर। रविवार 26 नवंबर की सुबह 6.30 बजे से बिष्टुपुर स्थित रीगल गोलचक्कर से खादी भंडार तक रोमांचक जैम@स्ट्रीट का आयोजन टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। रविवार को बिस्टुपुर मेन रोड पर बैडमिंटन खेलने, जुम्बा के साथ वर्कआउट करने और स्वस्थ व्यंजनों का आनंद लेने के लिए तैयार रहें।

## जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी में बी पी एड में नामांकन जारी

जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी में जो भी छात्राएं एनसीटीई द्वारा अनुमोदित दो वर्ष के बी पी एड पाठ्यक्रम (डिपार्टमेन्ट ऑफ फिजिकल एजुकेशन) में पढ़ने के लिए इच्छुक है तो वैसी छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर है। किसी भी संकाय में ग्रेजुएशन किए हुए विधार्थी इस कोर्स में चांसलर पोर्टल के द्वारा आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स के द्वारा फिजिकल एडुकेशन टीचर, जिम ट्रेनर, पर्सनल ट्रेनर, कोच ट्रेनर, स्पोर्टस ट्रेनर, फिटनेस इन्चार्ज, सोफ्ट स्किल ट्रेनर के रुप में अपने कैरियर का चुनाव कर सकते हैं। वर्तमान समय में ऐसे ट्रेनर की काफी आवश्यकता है। इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए इस कोर्स के लिए वेबसाईट में इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# झारखंड में वन विभाग का पूरा सिस्टम फेल, भगवान भरोसे हैं वन्य जीवों की सुरक्षा

## पांच हाथियों की मौत के बाद विधायक ने किया घटना स्थल का दौरा

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** घाटशीला के ऊपर बांधा जंगल में विगत 21 नवबंर को हाथियों की मौत बिजली का करंट लगने से हो गयी थी।

शनिवार को स्थान पर जाकर जमशेदपुर पूर्व के विधायक एवं पर्यावरणविद् सरयू राय ने स्थानीय नागरिकों, पत्रकारों, स्वयंसेवियों, एचसीएल के अधिकारियों से वार्ता किया। उसके पूर्व उन्होंने झारखंड के चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डेन (मुख्य प्रतिपालक वन्यजीव) से बात किया। भारत सरकार के पूर्व महानिदेशक वन्यजीव एवं कतिपय वन्यजीव विशेषज्ञों से भी दूरभाष पर बात किया। विधायक ने घटना स्थल को देखने तथा स्थानीय नागरिकों एवं राष्ट्रीय ख्याती के वन्यजीव विशेषज्ञों से वार्ता करने के उपरांत कहा कि वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि झारखंड में वन विभाग का सिस्टम पूरी तरह से फेल है। सब कुछ भगवान भरोसे चल रहा है।



घटना स्थल करते विधायक सरयू राय।

सरयू राय ने निम्नांकित बिंदुओं को आम जन के सामने रखा

1. वनों की रक्षा के साथ साथ वन्य जीवों की रक्षा करने, उनका अभिवर्द्धन करने के लिए भारत सरकार और झारखंड सरकार तथा विभिन्न राज्यों के द्वारा कई कानून बनाये गये हैं। उन कानूनों पर स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि प्रासंगिक संदर्भ में किसमें क्या करना है। ऊपर बाँध जंगल के उस स्थान पर जहाँ हाथियों की मौत हुई है जाने पर ऐसा लगा कि नियम कानून केवल कागजों तक सिमटे हैं इनका क्रियान्वयन शुन्य है। उदाहरण के लिए वन जीवों के स्थल एवं भ्रमण क्षेत्र में बिजली के तारों की ऊँचाई सतह से 9 मीटर से अधिक होनी चाहिए परंतु घटना स्थल पर वैसा नहीं दिखा। एक तो तार काफी नीचे है दूसरे पौधा रक्षण के लिए खाई खोदकर ऊपर मिट्टी का टीला बना दिया गया है, जिससे सतह से तार की ऊँचाई कम हो गयी है। यह टीला कई कई वर्ष पहले बना है। इस और वन विभाग के अधिकारियों और कर्मियों का ध्यान नहीं गया जो हादसा का मुख्य कारण है।
2. वन विभाग और बिजली विभाग के हादसा का दोष एक दूसरे पर मढ़ रहे हैं और बचकाना ब्यान दे रहे हैं। झारखंड सरकार ने हाथियों के भ्रमण का पर्यवेक्षण सिस्टम 7-8 साल पहले विकसित हुआ है। वन विभाग को बताना चाहिए कि इस सिस्टम में समय समय पर कितनी जानकारियाँ डाली गयी हैं और कितने निर्देश दिए गए हैं, और क्या क्या कारवाई की गयी है?
3. राज्य के मुख्यमंत्री, राज्य वनजीव बोर्ड के अध्यक्ष होते हैं। वन संरक्षण अधिनियम की कंडिका 8 के अनुसार वन्यजीव बोर्ड को वन्यजीवों पर संरक्षण के बारे में राज्य सरकार को सलाह देने का दायित्व है। इस बोर्ड ने विगत 10 वर्षो में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए क्या क्या सलाह दिया है, यह बात सामने आनी चाहिए। मेरी जानकारी के मुताबिक वन्यजीव बोर्ड की भूमिका वन क्षेत्रों में क्रियान्वयन और निर्माण की योजनाओं की स्वीकृति देने तक हो गयी है, इसका नतीजा है कि टूटोरियल फोरेस्ट क्षेत्रों और रिजर्व फोरेस्ट दोनों में ही वन जीव के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।
4. कुछ वर्ष पहले बंगाल सरकार ने अपनी सीमा पर गहरी खाई खोद दिया है, जिससे हाथियों के बंगाल क्षेत्र में भ्रमण बाधित हो गया है। हवा, पानी, पंक्षी, जानवर इन सबों के बारे में किसी राज्य या देश की सीमा नहीं होती है। राज्य सरकार को बताना चाहिए कि बंगाल सरकार द्वारा हाथियों के भ्रमण में बाधा उत्पन्न करने का कितना विरोध झारखंड सरकार ने किया है। भारत सरकार के प्रोजेक्ट एलीफेंट में किनी शिकायतें दर्ज करवायी गयी है और इसका क्या फलाफल निकला है? मैं मांग करता हूं कि इस विषय में भारत सरकार का पर्यावरण और वन विभाग तथा झारखंड और बंगाल के वन पर्यावरण विभाग के बीच मंत्री स्तर की वार्ता होनी चाहिए और बंगाल द्वारा हाथियों का भ्रमण बाधित करने की समस्या का समाधान करना चाहिए।
5. वन विभाग के एक जिम्मेदार पदाधिकारी का बयान है कि वे अंडा का खोल में मिर्चा डालकर और इसे जलाकर हाथियों का इस क्षेत्र से बाहर कर रहे हैं। विडंबना है कि एक डीएफओ के क्षेत्र से दूसरे डीएफओ के क्षेत्र में भगाना ही हाथियों का समस्या का समाधान मान लेगा तो हाथियों के प्राकृतिक स्थल और भ्रमण करने से हाथियों की स्वतंत्रता समाप्त हो जाएगी। यह समस्या का कतई समाधान नहीं है। भारत सरकार के एडीजी फॉरेस्ट प्रोजेक्ट एलीफेंट के सामने इस हादसे का झारखंड सरकार के वन विभाग ने कोई प्रतिवेदन भेजा है तो भारत सरकार की संस्था को इसकी जांच करनी चाहिए।
6. चूंकि बिजली की लाइन एचसीएल के लिए बनाई गयी है और इसलिए इसपर अधिनियम के प्रावधान लागु नहीं होते हैं परंतु इस संदर्भ में सेन्ट्रल ऑथोरिटी का निर्देश नहीं होना इस हादसा का मुख्य कारण है। इसका समाधान केवल दो ही है, एक वन क्षेत्रों में बिजली के तारों को भूमिगत करना और दूसरा कि ऐसे बिजली के तारों को केबलिंग करना और खंबों पर इंसुलेटर तार लगाना।

# प्रकाशोत्सव कल, सीजीपीसी में अखंड पाठ का हुआ आरंभ, जपजी साहिब पाठ की समाप्ति

## स्त्री सत्संग सभा और सुखमणि जत्थे की बीबियां की गयीं सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 27 नवंबर को सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाशपर्व की पावन बेला पर साकची गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ आरंभ किये गए इससे पूर्व बीबीयों द्वारा आयोजित जपजी साहिब के लड़ीवार पाठ की समाप्ति भी की गयी। शनिवार को स्त्री सत्संग सभा सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्थे की बीबीयों को सम्मानित भी किया गया। साकची की बीबियों द्वारा आयोजित लगातार पांच दिनों से चले आ रहे जपजी साहिब के लड़ीवार पाठ की समाप्ति संपन्न हुयी। समाप्ति के तुरंत बाद अखंड पाठ की आरम्भता की गयी जिसकी समाप्ति 27 नवंबर को सुबह 10:00 बजे होगी। प्रकाशपर्व वाले दिन 27 नवंबर को को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कीर्तन दरबार आयोजित होगा तथा गुरु का अटूट लंगर संगत के बीच में बरताया जाएगा। साकची गुरुद्वारा बस्ती निवासी सरदार गुरबख्श सिंह एवं साकची गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी गुरुद्वारा साहिब बाबा अमृतपाल सिंह ने सिख स्त्री सत्संग सभा साकची तथा सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्थे की बीबियों को संयुक्त रूप से सम्मानित किया। सुखमणि साहिब कीर्तनी जत्था की बीबी राज कौर, बीबी जोगिंदर कौर, बीबी बलविंदर कौर, बीबी रणजीत कौर, बीबी कमलजीत कौर, बीबी राजबीर कौर आदि शामिल थे। जबकि सिख स्त्री श्री सत्संग सभा की बीबी गुरमीत कौर, बीबी सतनाम कौर, बीबी पिंकी कौर, बीबी जितेंद्रपाल कौर, बीबी चरण कौर, बीबी प्रकाश कौर, बीबी राजबीर कौर, मंजीत कौर, बीबी अमरजीत कौर आदि शामिल थे।



अखंड पाठ का दृश्य।



सुखमणि जत्थे की बीबियों का हुआ सम्मान।

## सामुदायिक उच्च विद्यालय बारीगोड़ा में बाल मेला संपन्न





जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के उपलक्ष में शनिवार को समारोह पूर्वक सामुदायिक उच्च विद्यालय बारेगोडा के परिसर में विशेष रूप से बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक बीपी यादव ने किया। मौके पर काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहते हुए मेला का उत्साह पूर्वक आनंद उठाया। मेले में छात्र-छात्राओं के द्वारा कई आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। विद्यालय की शिक्षिका विजेता प्रधान के निर्देशन में एवं शिक्षिका सीमा कुमारी, मीना पिंगुआ के साथ अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विजेता प्रधान ने किया, धन्यवाद ज्ञापन मीणा पिंगुआ ने दिया।

## एनआइटी जमशेदपुर में इंडस्ट्री-अकादमिया कॉन्क्लेव संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय उद्योग-शैक्षणिक कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रामबाबू चौधरी, सीईओ, एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड जबकि सम्मानित अतिथि सेवानिवृत्त एडमिरल ए के वर्मा, पूर्व छात्र शरणप्पा कंबली, (खान प्रमुख, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया) ने कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्य अतिथि रामबाबू चौधरी ने अपने वक्तव्य हवाई परिवहन के क्षेत्र में बढ़ते उद्यम अवसरों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। निदेशक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर ने आत्मनिर्भर भारत के लिए इस प्रकार के आयोजनों को जरूरी बताते हुए कहा कि आगे आने वाले समय मे संस्थान इस प्रकार के और आयोजनों को लेकर कटिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम मे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों समेत 350 विभिन्न संस्थानों एवं उद्योगों के लोगो ने भाग लिया। विभिन्न स्कूलों, इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ गैर-इंजीनियरिंग कॉलेजों के लगभग 250 प्रतिभागियों ने हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर मॉडल/ एप्लिकेशन के माध्यम से अपनी प्रतिभा, का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत तथा मेक इन इंडिया जैसे सरकार की बहुदेशीय योजनाओ पर जोर देते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम इस दिशा में पहला कदम है। इस दौरान छात्रों को उद्यम तथा नवोन्मेष संबंधी विचारों को जाग्रत करने के लिए बिजनेस टाइकून सत्र का आयोजन भी किया गया जिसमे जिसमें दीप कक्कड़ (सह-संस्थापक, फ्रैक्शनली), सनी काबरावाला और डॉ नचिकेत भाटिया (सीईओ, डीबीएमसीआई ईगुरुकल) जैसे वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं के अलावा श्री केदार आर्ट सेंटर सरायकेला द्वारा छाउ नृत्य तथा पद्म श्री मुकुंद नायक द्वारा झूमर का भी प्रदर्शन किया गया।

## अलकनंदा हाउस बना ओवर ऑल चैंपियन

मंदाकिनी हाउस दूसरे स्थान पर, चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में 21 वां वार्षिक खेलकूद दिवस मना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पढाई और खेल अलग अलग विषय नहीं है, दोनो के बेहतर समन्वय से ही व्यक्तित्व का सर्वांगिण विकास संभव है। पढ़ाई और खेलकूद अवश्य साथ-साथ चल सकते हैं आवश्यकता है प्रयास करने की। उक्त विचार यहां बिष्टुपुर साउथपार्क चिन्मया विद्यालय के 21वें वार्षिक खेलकूद दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत गुप्ता हेड एडवेंचर प्रोग्राम एंड स्पोर्ट्स टाटा स्टील ने व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके अनुशासन की प्रशंसा की और साथ ही स्कूल द्वारा खेलकूद के लिए नदियों के नाम पर मनाये गये खेल समुह की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर आरंभ में विद्यालय की चारों हाउस अलकनंदा, भागीरथी, मंदाकिनी और जाह्नवी द्वारा अनुशासित ढंग से मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। उसके बाद मुख्य अतिथि ने स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया। इस खेलकूद दिवस के ओवर ऑल विजेता का खिताब अलकनंदा हाउस तथा उपविजेता मंदाकिनी हाउस को प्राप्त हुआ। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट दीपांशु भुइंया और अभिज्ञान कुमार संयुक्त रूप से तथा बालिका वर्ग में रुचिता श्रीवास्तव को घोषित किया गया। मार्च पास्ट में अलकनंदा हाउस विजेता तथा सर्वश्रेष्ठ ड्रिल कक्षा 7 और 8 के बच्चों को घोषित किया गया।

## रूपम झा ने विद्यापति की पीढ़ी की वंशावली बनाकर मिथिला सांस्कृतिक परिषद् को सौंपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शनिवार को मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के तत्वावधान में विद्यापति स्मृति दिवस समारोह का आयोजन विद्यापति परिसर, गोलमुरी में किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में डॉ मित्रेश्वर अग्निमित्र, डॉ अशोक अविचल, अशोक कुमार दास, डॉ रबीन्द्र चौधरी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित बिपिन कुमार झा के स्वस्तिवाचन से हुआ। उसके बाद शंकर नाथ झा ने भगवती गीत जय जय भैरवी से आयोजन को भक्तिमय बना दिया। डॉ मित्रेश्वर ने विद्यापति जी के विविध रूप पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ रबीन्द्र चौधरी ने झारखंड में विद्यापति विषय पर विस्तार पूर्वक बताया। अशोक कुमार दास ने अपने संबोधन में इस तरह के आयोजन की प्रसंसा की। डॉ अशोक ने इस विशेष आयोजन के लिए संस्था को धन्यवाद दिया। विद्यापति जी के रचना की प्रस्तुति किया गया जिसमे मुख्य रूप से रूपम झा, शिव कुमार झा टील्लू और विवेकानन्द झा के द्वारा विद्यापति जी की रचना प्रस्तुत की गई। रूपम झा ने विद्यापति जी की 28 पीढ़ी की वंशावली बनाकर संस्था को इस विशेष अवसर समर्पित किया।

# नरेंद्र मोदी विचार मंच का सामूहिक विवाह समारोह 7 को, छह जोड़ों का होगा विवाह

## बाबा भूतनाथ मंदिर, सोनारी में छह जोड़ों ने पूरी की सगाई की रस्म

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नरेंद्र मोदी विचार मंच की झारखंड प्रदेश इकाई की मेजबानी में आगामी 7 दिसंबर 2023 को होने वाले सामूहिक विवाह अनुष्ठान का आयोजन किया जायेगा। इस अनुष्ठान में छह जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे।

यह जानकारी नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष विनोद राणा ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। सोनारी स्थित भूतनाथ मंदिर परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राणा ने कहा कि नरेंद्र मोदी विचार मंच देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के विचार को आत्मसात कर चलने वाला संगठन है। मंच प्रधानमंत्री जी के बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वर्ष मंच द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार बेटियों की शादी पूरे रीति- रिवाज व धूमधाम से संपन्न कराई जाती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 7 दिसंबर 2023 को नरेंद्र मोदी विचार मंच झारखंड प्रदेश द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के 6 कन्याओं का सामूहिक विवाह अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है, यह विवाह पूरी हिंदू रीति -रिवाज में संपन्न होगा।

विवाह को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इसी कड़ी में आज 5 जोडी वर-वधू का सामूहिक रूप से सगाई कार्यक्रम संपन्न कराया गया हैं। विनोद राणा ने बताया कि इसी स्थान पर आगामी 7 दिसंबर को सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। मंच द्वारा वर- वधु के साथ- साथ उनके परिवार के अन्य सभी लिए भी कपड़े की व्यवस्था की गई हैं साथ ही विवाह के अवसर पर मंच द्वारा बहुत सारे सामग्री भी सगुण के तौर पर दी जाती हैं जिसमें पलंग,गद्दा तकिया, अलमीरा, ड्रेसिंग टेबल, ट्रॉली बैग, सोने का मंगलसूत्र, चांदी का पायल, अंगुठी, वर- वधु के विवाह हेतु कपड़े,जूता आदि दिया जाता हैं। विनोद राणा ने कहा कि नरेंद्र मोदी विचार मंच द्वारा आगे भी प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित होता रहेगा।

संवाददाता सम्मेलन में में प्रदेश उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, प्रदेश संगठन मंत्री सुजीत वर्मा, जिला अध्यक्ष रितेश सिंह, जिला महामंत्री नीतीश राय भी उपस्थित थे।



सगाई रस्म में जोड़ों के साथ समाजसेवी विनोद राणा।

## खबर एक नजर में

### सरायकेला : संविधान को समझना और आत्मसात करना जरूरी : डॉ राजेन्द्र भारती



जमशेदपुर। 26 नवंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में इस दिवस को मनाने और संवैधानिक मूल्यों और वैज्ञानिक सोच के प्रसार के लिए छह दिवसीय विशेष अभियान के तहत शनिवार को काशी साहू कॉलेज में आरम्भ युवा मंच, जमशेदपुर, द टिस्को टेक्निकल प्रोबेटिशनर्स एसोसिएशन की अगुआई में भारतीय जन नाट्य संघ, साइंस फॉर सोसायटी एवं गांधी शान्ति प्रतिष्ठान के सहयोग से संविधान यात्रा के तहत एक दिन का कार्यक्रम किया गया, जिसमें कॉलेज की तरफ से आमन्त्रित कोल्हान विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ राजेन्द्र भारती मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि सिर्फ औपचारिक कार्यक्रमों से ही नहीं होगा, बल्कि दैनिक जीवन में इसके मूल्यों को समझने और आत्मसात करने की आवश्यकता है। इसके लिए पहले तो संविधान के गहन अध्ययन के लिए स्वयं एवं औरों को प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ बी एन प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सैद्धांतिक रूप से तो संविधान में हर नागरिक को तमाम अधिकार दिए गए हैं, परन्तु व्यवहारिक रूप से अभी भी समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाना शेष है। यह जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने संविधान यात्रा के आयोजन में शामिल तमाम संगठनों के युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए अनवरत ऐसी मुहिम समाज के हर स्तर पर चलाए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद श्रुति, दिल्ली के कमल चन्द ने स्टूडेंट्स में उर्जा का संचार करते हुए संविधान हमें क्या देता है, इस पर रौशनी डाली। उन्होंने संविधान की उद्देशिका में अंकित हम भारत के लोग... की व्याख्या करते हुए देश के हर नागरिक को गहराई से इसे समझने की आवश्यकता पर बल दिया।कॉलेज परिसर में सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक इस यात्रा के दौरान घुमंतू पुस्तकालय, पोस्टर प्रदर्शनी, मोबाइल सिनेमा और संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इसमें उपरोक्त के अलावा विशेष रूप से संस्थान के राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक प्रो आनंद मिंज, इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो प्रकाश कुमार, वाणिज्य विभाग से प्रो मनोज महतो, एआइक्यूसी समन्वयक प्रो लालती तिर्की, हिंदी विभाग से डॉ सुप्रभा टूटी, दर्शन शास्त्र विभाग से डॉ बिनीता उरांव समेत तमाम अन्य प्राध्यापक, कर्मी एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति एवं भागीदारी रही। आज सुबह जैम स्ट्रीट में पहुंचेगी संविधान यात्रा। वहां पोस्टर प्रदर्शनी, संविधान ट्री, हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। मोबाइल सिनेमा के कार्यक्रम में तीन लघु फिल्में दिखाई हैं। इस दौरान स्टूडेंट्स ने अच्छी भागीदारी निभाई। फिल्मों की कथा वस्तुओं को लेकर सवाल जवाब किया।

### किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



जमशेदपुर। लीज एरिया, बेलडीह लेक रोड स्थित किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका थीम नर्सरी राइम्स था। इस मौके पर शहर के जाने माने इनफ्लुएंसर आतिफ हबीब जो जमशेदपुरवाला के नाम से मशहूर है, मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में पीजी, नर्सरी, जूनियर केजी के बच्चों ने भाग लिया। बच्चे तरह तरह की वेशभूषा जैसे एस्ट्रोनॉट, पायलट, पॉपकॉर्न, एटीएम, बैंक, हनीबी, आइस क्रीम, ट्विटर, इत्यादि और कुछ ने शोशल मेसेज जैसे सेव वॉटर, सेव एर्थ, सेव गर्ल चाइल्ड के थीम में प्रस्तुत थे। अतिथि की मौजूदगी ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। स्कूल की प्रधानाचार्य रुखसार आयशा ने मुख्य अतिथि को टोकन ऑफ लव दिया। प्रोगाम के अंत में मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों का हुनर अच्छे से निखर कर आता है। बच्चों के उत्साह और उमंग सहरानिये थे। किड्स इंटरनेशनल प्ले स्कूल के डायरेक्टर सैयद राशिद जफर ने कहा की स्कूल में अंतराष्ट्रीय स्तर की पढ़ाई के साथ सह पाठयक्रम गतिविधि भी होती है। इस मौके पर स्कूल की मैनेजर पूनम नागेलिया, अकैडमिक कोऑर्डिनेटर सायमा सलीम और एडमिन शानिया, शालिया और सारी शिक्षिकाओं का पूरा योगदान रहा। स्कूल की प्रिंसिपल रुखसार आयशा ने अंत में वोट ऑफ थैंक्स दिया।

### साल में दो बार रक्तदान अवश्य करें: अरुण मिश्रा



जमशेदपुर। किसी भी व्यक्ति को साल में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए, उक्त बातें कंपनी के सीइओ अरुण कुमार मिश्रा ने आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड, पदमपुर के रक्तदान शिविर के दौरान कहीं। शिविर का आयोजन आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड कंपनी ने शनिवार को गैर सरकारी संस्था वोलेंटियर ब्लड डोनेशन एसोसिएशन व जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से कंपनी परिसर में स्थित स्वास्थ केंद्र में किया, जहाँ कुल 76 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने शिविर में शामिल सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद अर्पण करते हुए कहा की रक्तदान को महादान कहा जाता है क्योकि रक्तदाताओं के लिए भी रक्तदान लाभदायक होने के साथ-साथ जरूरतमंद के जीवन की भी रक्षा करता है। इस शिविर में पिंड्राबेड़ा, रामजीवनपुर, बडाहरिहरपुर, श्रीरामपुर, छोटाहरिहरपुर, पदमपुर आदि गांव के ग्रामीणों के अलावा आधुनिक पावर के कर्मचारियों व अधिकारीयों ने इस पुनीत कार्य में अपना योगदान कर मानवता के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभाया।

### लोयोला स्कूल का 73वां वार्षिक खेलकूद दिवस संपन्न



जमशेदपुर। शनिवार को शहर के लोयोला स्कूल का 73वां खेलकूद दिवस संपन्न हो गया। खेलकूद दिवस का उद्घाटन टीएसयूआईएसएल (जुस्को ) एमडी ऋतुराज सिंह ने विद्यालय का ध्वजारोहण एवं बैलून उड़ाकर तथा मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया। वहीं समापन समारोह में कर्नल विजय आहुजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ऋतुराज सिन्हा ने व्यक्ति के मानसिक शारीरिक संतुलित विकास के लिए स्पोर्ट्स को आवश्यक बताया। उनके अनुसार इससे टीम भावना एवं अनुशासन को बल मिलता है। इस अवसर पर विविध खेल प्रतियोगिताएं हुई और पैंथर हाउस ओवरऑल चैंपियन तथा लेपर्ड हाउस उपविजेता बना। बेस्ट मार्च पास्ट का अवार्ड लेपर्ड एवं जैगुआर को क्रमशः मिला तथा बेस्ट डिसिप्लिन हाउस का अवार्ड चीता हाउस को गया। छठी के विद्यार्थियों ने ड्रिल के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, शुद्ध पेयजल, न्याय एवं अन्य समसामयिक मुद्दों को तो सातवीं के बच्चों ने देश की खेल प्रगति विशेष कर एशियन गेम्स में भारत की उपलब्धि को रखा तो आशुतोष सिंह और ऋषि रंजन ने लयबद्ध शारीरिक प्रदर्शन से सबको अचंभित किया। स्कूल के एथलीट तरोष सिंह, अदिति कुमारी, केविन डिसूजा, प्रियांशु राय ने मशाल प्रज्वलित किया। अतिथियों विद्यार्थियों खिलाड़ियों अभिभावक के प्रति धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रिंसिपल फादर विनोद फर्नांडिस ने दिया।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड पत्रकार संगठन के गढ़वा जिला प्रभारी बने राम निवास


रामनिवास

**विश्रामपुर पलामू।** झारखंड पत्रकार संगठन का गढ़वा जिला प्रभारी पत्रकार रामनिवास तिवारी को बनाया गया है। इस आशय का मनोनय पत्र संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने जारी किया है। पत्र के माध्यम से शुक्ला ने एक सप्ताह के अंदर गढ़वा जिला में संगठन का विस्तार करने का आदेश रामनिवास तिवारी को दिया है। नवनियुक्त जिला प्रभारी राम निवास तिवारी ने कहा कि पत्रकारो को एक मंच पर लाना मेरी पहली प्रथमिकता है। इधर तिवारी के जिला प्रभारी बनने पर कई लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में संगठन के प्रमंडलीय अध्यक्ष नीलकमल शुक्ला, जिलाध्यक्ष अश्विनी घई, योगेन्द्र कुमार मिश्रा, रघुवीर नारायण पांडेय सहित कई पत्रकारों का नाम शामिल है।

### सिगसिगी पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर का उदघाटन बीडीओ विक्रम आनंद,जिला पार्षद विजय रविदास,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,एमामूल हक गुड्डू,मुखिया किरण देवी व समजसेवी पिंटू चौधरी ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का हर योजना जनता की भलाई के लिए होता है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए उसकी जानकारी होनी चाहिए। जिला परिषद विजय रविदास ने कहा कि हर योजनाओं की जानकारी रखें और उसका लाभ लें। शिविर में कई तरह के समस्याओं का आवेदन प्राप्त हुआ। कई समस्याओं का निष्पादन तो ऑन द स्पॉट किया गया। इसके अलावा सिगसिगी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का भी वितरण किया गया। साथ ही हरित बरसा सिंचाई कूप सर्टिफिकेट का वितरण हुआ। मौके पर कई प्रखंडकर्मी, अंचलकर्मी, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

### लापता पिंकी कुमारी का शव बरामद

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के झरिवा पंचायत के हरभोंगा गांव के अकड़ाही टोला के निवासी पिता सुरेश साव की 32 वर्षीय पुत्री पिंकी कुमारी घर से तीन दिन पूर्व से लापता थी। जिसका शव अहले सुबह घर के सामने कुआं से शव बरामद किया गया। मृतिका के पिता सुरेश साव ने बताया की आपसी दुश्मनी के कारण मेरे पुत्री का तीन दिन पूर्व अगवा कर हत्या कर शव को कुआं में फेक दिया गया। लड़की के भाई ने बताया की घर के पड़ोसी ने लड़की को जान से मारने के लिए धमकी दी थी। मृतिका की दिमागी हालत कुछ ठीक नहीं थी। लड़की की दिसंबर महीने के 4 तारिख को शादी थी। कुआं से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। इस संदर्भ में चैनपुर थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया।

### हरिहरगंज : किसानों को नहीं मिला अनुदानित गेहूं का बीज, आक्रोश



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत के किसानों को अनुदानित दर पर गेहूं का बीज नहीं मिलने पर किसानों में मायूसी देखी जा रही है। इसे लेकर शनिवार को पथरा, डुबरीडीह, सरसोत, बहेरवाडीह, एकौनी गांव के किसानों ने प्राथमिक विद्यालय बहेरवाडीह परिसर में बैठक कर विभाग के प्रति आक्रोश जताया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी संचालन अरूण कुमार सिंह ने किया। इस संबंध में भगवत साव, कमलेश साव, सुरेश सिंह, उदित मेहता, रामपति यादव, अनिल शर्मा, फकीरा भुईयां, नौरंग बैठा, महंग राम, सुरेश मेहता, राकेश कुमार आदि किसानों का आरोप है कि कुछ दिन पहले ही पैक्स में गेहूं का बीज आया था। जिसे किसानों को न देकर कर्मियों और पैक्स की मिलीभगत से कालाबाजारी कर दिया गया। किसानों ने बताया कि एक ओर किसान सूखाड़ की मार झेल रहे हैं दूसरी ओर किसानों को अनुदानित दर पर मिलनेवाले बीज बिचौलियों की भेंट चढ़ जाती हैं। ऐसे में अधिक मूल्य पर किसान बीज खरीदने को विवश हैं। मामले में किसानों ने उपायुक्त पलामू को शिकायती आवेदन पत्र सौंपने की बात कही है। वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह पंचायत अध्यक्ष संतोष शर्मा, लखन सिंह भी किसानों की समस्याओं से रूबरू होते हुए विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराया है। विधायक ने किसानों के हित में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### संत मरियम स्कूल में रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न



मेदिनीनगर। संत मरियम विद्यालय में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा छः से दसवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने की जरूरत है। प्रतियोगिता के आधार पर हीं उनकी प्रतिभा को उभारा जा सकता है। आज के वर्तमान परिवेश में शिक्षा के अलावा मेहंदी रंगोली सहित सभी क्षेत्रों में बच्चों को पारंगत होने की आवश्कता है बच्चे स्वभाव से हीं प्रतिभावान होते हैं। अपनी-अपनी प्रतिभा के सहारे हीं बच्चे आगे चलकर समाज तथा राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता विद्यालय में होती रहनी चाहिए।

### यज्ञोपैथी विधि से कोविड पर काबू पाया जा सकता है : डॉ सुधांशु तिवारी



तरहसी पलामू। प्रखंड के सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री महाविद्यालय के सभा कक्ष में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय था कोविड-19 और मानसिक स्वास्थ्य। इस विषय पर बोलते हुए मुख्य अतिथि एनपीयू के डीएसडब्ल्यू डॉ अंबालिका प्रसाद ने कहा कि कोरोना समाप्त नहीं हुआ है। वैक्सीन के कारण कोविड छुपा हुआ है अभी भी इससे बचाव की आवश्यकता है। योगासन की जरूरत एवं औषधि आहार कि आवश्यकता है। कोरोना एक सबक भी है और यह आविष्कार के कई रास्ते खोल दिए हैं। मुख्य प्रवक्ता डॉ सुधांशु तिवारी ने कहा कि कोरोना बीमारी कई बीमारियों का मिश्रण है। इस काल में देश बहुत नाजुक दौर से गुजर है, इस समय लोग कई प्रकार के मानसिक बीमारियों का भी शिकार हुए हैं। यज्ञोपैथी नामक विधान से इलाज करने पर कोरोना पर काबू पाया जा सकता है। इस विधि में यज्ञ का आयोजन कर विभिन्न प्रकार के औषधि युक्त सामग्री से हवन करके रोगी को धुएं दिलाया जाता है और मरीज को जल्द लाभ प्राप्त होता है। सेमिनार में प्रवक्ता मजदूर किसान कॉलेज पांकी के पूनम कुमारी ने भी विचार व्यक्त किये।

### परियोजना पदाधिकारी व पर्यवेक्षिका पर जानलेवा हमला



**पाटन पलामू।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनीता कुमारी एवं परवेक्षीका सुनीता कुमारी पर सेवीका चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाकर जानलेवा हमला किया गया। उनकी गाड़ी के शीशे को तोड़ दिया गया। ग्रामीणों के विरोध के बीच सीडीपीओ अपनी जान बचाकर भागने में सफल रही। दोनों तरफ से एक दुसरे पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सीडीपीओ ने कहा कि नियमानुसार सेवीका का चयन किया जा रहा था लेकिन ग्रामीणों ने मनमानी करने का आरोप लगाकर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने कहा कि सीडीपीओ अपनी मर्जी से सोनी देवी को सेवीका के रूप में चयन कर दिया।

# चैनपुर में बोले कथावाचक देवकीनंदन, अयोध्या ले लिया, काशी ले रहे, मथुरा भी लेकर रहेंगे

## अलग-अलग जातियों में नहीं बटें सनातनी, संपन्न सनातनी करें गरीबों की मदद, बेटी सीता व बेटा राम जैसा बनें तो भारत बनेगा विश्व गुरु : देवकीनंदन

>> देवकीनंदन ठाकुर ने चैनपुर के बुढ़ीवीर व सदर प्रखंड के सुआ में बांटे गरीबों व असहायों के बीच कंबल





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर/मेदिनीनगर पलामू।** अंतराष्ट्रीय कथावाचक और आध्यात्मिक गुरु देवकीनंदन ठाकुर महराज आज शनिवार को देवकीनंदन महराज चैनपुर थाना क्षेत्र के बूढ़ीवीर गांव में पहुंचे और गरीबों के बीच कंबल वितरण किया। देवकीनंदन महराज मंदिर प्रांगण में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में उन्होंने बुढ़ीवीर में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे। बूढ़ीवीर में देवकीनंदन ठाकुर ने आदिवासी धर्मगुरु पाहन बिंदेश्वरी उरांव को शौल ओढ़ाया। मौके पर परशुराम युवा वाहिनी के संरक्षक गुरु पांडेय, अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह व मुखिया अरविंद तिवारी ने माला पहनाकर देवकीनंदन का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बूढ़ीवीर में मुखिया अरविंद तिवारी ने किया। स्थानीय लोगो ने बहुत धूम धाम से देवकीनंदन ठाकुर महराज की स्वागत किया। महिलाएं, पुरुष व स्कूली बच्चियों ने फूलों की वर्षा कर महाराज का स्वागत किया। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि धर्म परिवर्तन करने के लिए भोले- भाले आदिवासियों को निशाना बनाया जा रहा है। सनातन को कमजोर करने व मिटाने के लिए साजिश रची जा रही है। जाति में सनातनी बटेंगे तो कमजोर हो जाएंगे। इसे कामयाब नहीं होने देना है। मुंहतोड़ जवाब देना है। कहा कि वे कायर व बुझदिल होते हैं जो धर्म परिवर्तन कर लेते हैं। मुगल व अंग्रेज आए तो धर्म परिवर्तन कराया। लेकिन अब काले- पीले नेता रामायण, वेद व सनातन पर प्रहार करा रहे हैं। हमें एक होकर मजबूती से खड़ा रहना है। उन्होंने पूछा कि क्या माता-पिता बदले जा सकते हैं। धर्म की रक्षा करना है तो सबसे पहले अपने माता-पिता की बात मानें। राम के आदर्श अपनावें। अपने पत्नी के सिवा बाकी सभी को मां -बहन समझें। बेटी सीता जैसी व बेटा राम जैसा बने तो भारत विश्व गुरु बन जाएगा। देवकीनंदन ठाकुर महराज ने मंच से भक्तो को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या ले लिया है। काशी ले रहे है। मथुरा भी लेकर रहेंगे। कहा की काशी कहा कि श्री राम बोलने में शर्म कदापि महसूस नहीं करें। सभी सनातनी जय श्री राम व राधे-राधे बोलकर दूसरे को प्रणाम करें। कहा कि मुसलमानों से अयोध्या, मथुरा व काशी तीन स्थानों पर मंदिर हेतु जमीन छोड़ने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन वह नहीं माने। अब काशी ले लिया। 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन है। अब तीसरा मथुरा में कृष्ण का मंदिर लेकर ही रहेंगे।

### हंगामेदार रहा रेडक्रास सोसाइटी का वार्षिक आम सभा, कम उपस्थिति के कारण आम सभा हुआ स्थगित

# संस्था के संचालन में पारदर्शिता जरूरी: सीएस

कोषाध्यक्ष व सचिव ने एक दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में रेडक्रास सोसाइटी का वार्षिक आम सभा हुई। इसकी अध्यक्षता सीएस अनील कुमार सिंह ने की। संचालन वरीय सदस्य दुर्गा जौहरी ने किया। हालांकि आम सभा में पर्याप्त उपस्थिति नहीं होने के कारण वार्षिक आम सभा को स्थगित कर दिया गया। अगली तिथि की घोषणा नहीं की गई है। आम सभा के दौरान सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए। संस्था के कोषाध्यक्ष अमिताभ मिश्रा उर्फ पप्पु ने सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता पर कई आरोप लगाते हुए कहा कि सचिव द्वारा संस्था को अपने मनमर्जी से चला रहे हैं। आय व्यय की जानकारी भी कोषाध्यक्ष को नहीं दी जाती है, चेक में कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर के बगैर पैसे की निकासी कर ली जाती है। संस्था में जो कर्मी है उन्हें कितना मानदेय दिया जाता है उसकी भी जानकारी कोषाध्यक्ष को नहीं है। डॉ सत्यजीत गुप्ता ने कोषाध्यक्ष के आरोप पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वे हमेशा संस्था के विकास के लिए नियमसंगत कार्य किया है। कोषाध्यक्ष उपायुक्त सह पदेन अध्यक्ष से भी अपने को उपर समझते हैं। सदस्य सह जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी आज मृत अवस्था में पड़ा हुआ है इसे जिंदा रखने की जरूरत है। प्रमोद ने कहा कि संस्था के विकास के लिए नियमित रूप से कम से कम कार्यकारिणी की बैठक होनी चाहिए। रंजीत मिश्रा ने कहा कि 6 साल बाद वार्षिक आम सभा होना रेडक्रास सोसाइटी के लिए दुर्भाग्य की बात है। कई सदस्यों ने रेडक्रास सोसाइटी से कुछ संस्थाओं को हटाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि संस्था के उदासीनता के कारण ही ऐसा हुआ है। वार्षिक आम सभा के अध्यक्ष डॉ अनील कुमार सिंह ने कहा कि किसी संस्था में पारदर्शिता बहुत जरूरी है। सदस्यों में आपसी सदभाव व सहयोग की भावना होनी चाहिए। संस्था में कितना आय व्यय हो रहा है इसकी जानकारी सभी सदस्यों को होनी चाहिए। आडिट कराकर सभी जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने सभी से संस्था के विकास के लिए उनके नंबर पर शिकायत व अपना सुझाव देने की अपील किया। ताकि अगले बैठक में इसका निष्पादन किया जा सके। धन्यवाद ज्ञापन ज्ञानचंद पांडेय ने किया। मौके पर आलोक पाठक, सुधीर सिंह, इंद्रजीत सिंह डिंपल, राकेश सोनी, भोला सिंह, सुधीर दुबे, मृत्युंजय शर्मा, उपेन्द्र मिश्रा, पंकज जायसवाल, रमेश शुक्ला, शर्मिला सुमी, गिरधारी गर्ग, निलेश चंद्रा, मणिकांत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# नर्क में वही व्यक्ति जाते हैं जो वेद व धर्म विरुद्ध कार्य करते हैं : देवकीनंदन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नर्क में वही व्यक्ति जाते हैं जो वेद व धर्म विरुद्ध कार्य करते हैं। धर्म कोई वस्तु नहीं, कर्म ही धर्म है व धर्म ही कर्म है। वेद के बताएं कर्मों से प्रायश्चित करें तो स्वर्ग प्राप्ति संभव है। उक्त बातें श्रीमद्भागवत पुराण के कथावाचक, धर्मराज, शांति दूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे शनिवार को हाउसिंग कॉलोनी में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम के चौथे दिन कथा सुना रहे थे। देवकीनंदन ने कथा में अजामील की चर्चा करते हुए कहा कि अजामील माता-पिता की सेवा व धर्म के अनुसार कार्य करते थे। एक दिन वेश्या की भाव-भंगिमा को देखा। आकर्षित हो गए। उसे घर ले आए तो पत्नी, बच्चे व मां-बाप से नाता टूट गया। भगवान का भजन करने वाला अजामील सारे पैसे वेश्या पर लूटाने के बाद जंगल में हिंसा के माध्यम से जानवर की हत्या करता व खाल बेचकर वेश्या को पैसे देता रहा। अजामील पथभ्रष्ट हुए तो सब लूट गया। एक दृश्य से अजामील का जीवन बिगड़ गया। अजामील ने अपने एक पुत्र का नाम नारायण रखा था। एक बार अजामील के समक्ष मृत्यु खड़ी हो गई। अजामील अपने पुत्र का नाम लेकर नारायण-नारायण पुकारने लगा। नारायण का मृत्यु के समय नाम लेने से ही स्वर्ग प्राप्त हो गया। देवकीनंदन ने कहा कि अपने पुत्र- पुत्री का नाम भगवान के नाम पर रखें। जितनी बार नाम पुकारे भगवान का ही नाम मुख पर आए। देवकीनंदन ने कहा कि गायत्री का वरदान है जो ब्रह्मण या कोई व्यक्ति गायत्री का जाप करे तो उसकी दुर्गति कभी नहीं होती। बच्चों का पांच -सात वर्षों में यज्ञोपवित कराएं। शिखा रखें। हाथों में कलावा बांधें। गायत्री मंत्र का जाप करें। देख लेना तेजस्वी से तेजस्वी भी आपके आगे माथा टेकेंगे।

# आरसीयू में चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन, छात्राएं हुई सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के महाराजा जरासंध स्टेडियम में अंतर महाविद्यालय चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रहा। दूसरा स्थान पर तेतरी चंद्रवंशी शिक्षा महाविद्यालय व तृतीय स्थान पर रामचंद्र चंद्रवंशी प्रौद्योगिकी संस्थान रहा। प्रतियोगिता में विवि के विभिन्न महाविद्यलयों ने बढ़चढ़कर भाग लिये। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी व विशिष्ट अतिथि विवि के कुलपति प्रो कल्याण कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डा देवाशीष कुमार मंडल, खेल पदाधिकारी डॉ अरबिंद कुमार त्रिपाठी व आयोजन सिमति के रविशंकर, प्रमिला शुक्ला, सुनील कुमार पटेल, छोटन पसाद, पी निर्मला, आर दिव्या ज्योति, संदीप कुमार, सत्यप्रकाश, उपेंद्र पाल आदि उपस्थित थे।

# एनसीपी का कार्यकर्ता सम्मेलन 26 को हुसैनाबाद व 27 को हैदरनगर में होगा

### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 2024 की तैयारी में जुट गयी है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 2024 की तैयारी में जुट गई है। इसे लेकर पार्टी विस्तृत कार्ययोजना पर आगे बढ़ रही है। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह रविवार को हुसैनाबाद पहुंचेंगे। रविवार की ही हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के हुसैनाबाद प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। जबकि सोमवार को देवी धाम परिसर हैदरनगर में हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इस मौके पर भावी रणनीति पर कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया जाएगा।

### छतरपुर : आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, 415 से अधिक लोगों को मिला लाभ



छतरपुर/ मेदिनीनगर। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक एवं दो के लिए शिविर का आयोजन किया गया। बाबा वीर कुंवर स्थल भगवान टोला, मदनपुर में आयोजित शिविर में 415 से अधिक लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। नगर पंचायत छतरपुर के कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो ने बताया कि आयोजित शिविर में 215 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं 134 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। 50 व्यक्तियों का नाम राशन कार्ड में जोड़े गए। वहीं 4 व्यक्तियों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिया गया। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र एक व्यक्ति को निर्गत किए गए। एक व्यक्ति को आवास योजना का लाभ दिया गया। इसके साथ ही 15 लोगों को होल्डिंग टैक्स से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर में छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो ने कहा कि विभिन्न स्थानों/ वार्डों में लगने वाले शिविर में आमजन भाग लेकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा करें और समस्याओं का निदान पाएं। उन्होंने आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अंचल पदाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सीओ एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। शिविर के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी भी दी गई।

# रंगेया में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू पलामू।** प्रखंड के पंचायत रंगिया में आपके द्वारा आपकी सरकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन जिला परियोजना पदाधिकारी सुधीर कुमार, सीओ शेखर वर्मा, मनातू प्रमुख गीता देवी, रंगिया पंचायत के मुखिया कुसमी देवी, पंचायत सचिव बबन मांझी, प्रखंड प्रधान सहायक वृंदा राम, खाद्य आपूर्ति एजीएम पदाधिकारी देव प्रिय, मनरेगा बीपीओ मोतीलाल शर्मा, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर वसंत कुमार, मनातू मनरेगा के जुडिशल इंजीनियर पवन गंगा, ए एई अभिमन्यु कुमार, प्रखंड एवं अंचल कर्मी ने किया। शिविर में ग्रामीणों के समस्या संबंधित आवेदन लेने के लिए 14 विभाग के स्टाल लगाए गए थे। साइकिल वितरण, धोती साड़ी कंबल वितरण, पशुधन को लेकर सहित कई कार्य किए गए। मौके पर अतिथियों ने कहा कि आम लोगो को सरकारी योजना का लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीण समस्या संबंधित आवेदन दें, समस्याओं का समाधान हर हाल में किया जायेगा।

## आजादी के बाद भी नक्सल प्रभावित भटवा जरही टोला में नहीं बन सकी पक्की सड़क

**बीरेंद्र यादव**



रामगढ़ पलामु। देश को आजाद हुए सात दशक बीत चुके हैं। देश डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ रहा है। पर, कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जहां आज भी विकास की किरण नहीं पहुंची है। ऐसा ही हाल रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के नवाडीह पंचायत के भटवा जरही का मजरा हैं। जहां आजादी के सात दशक बीतने के बाद भी आज तक गांव तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं बनी है। गांव में सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इस गांव की दूरी ब्लॉक मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर हैं। गांव में बीमार पड़ने पर लोग पीड़ित को चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार चुनाव के समय नेताओं के द्वारा सड़क बनाने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन चुनावों के बाद कोई भी नेता गांव की तरफ नहीं देखता है। लोगों ने बताया कि जिलाधिकारी से लेकर कई नेताओं और मंत्रियों को भी गांव में सड़क निर्माण के लिए कितने नेता और अधिकारी के पास दरवाजा ठोक ठोकाया पर उनके तरफ से अभी तक सिर्फ आश्वासन ही दिया गया। लेकिन इसके बावजूद भी आज तक नेता और अधिकारी ने गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। गांव में सड़क नहीं होने से आने-जाने में लोगों को काफी परेशानी होती है। बीमारी की हालत में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है। पक्की सड़क न होने के कारण बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए गांव में कोई वाहन नहीं आता है। गांव से दो किमी दूर रोड तक पैदल आना पड़ता है।

### कर्नल कप : मोकहर कला ने पातीं टीम को हराया



**हुसैनाबाद (पलामू)।** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी अनुमंडल अंतर्गत कपूरी मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। दर्शकों को पांती बनाम मोकहर कला के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिला। दोनों टीम ने बहुत ही कड़ा संघर्ष किया लेकिन निर्धारित समय में एक-एक गोल के बराबरी पर रही। उसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें मोकहर कला टीम 1झ0 से जीत हासिल करने में सफल रही। इस मैच में मुसा खान और रूपेश कुमार ने अपने खेल से दर्शकों को आकर्षित किया। इससे पूर्व मैच के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अनुरोध किया कि हुसैनाबाद का फुटबॉल से बहुत पुराना रिश्ता रहा है और पिछले कुछ सालों से यह विलुप्त होने के कगार पर था लेकिन भाजपा नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के अथक प्रयास के से आप सभी को पुनः हुसैनाबाद का फुटबॉल में पहचान बढ़ाने का अवसर मिल रहा है हम सभी भाग्यशाली हैं। इसलिए सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फुटबॉल के क्षेत्र में हुसैनाबाद का नाम रोशन करें जिससे हम सभी का मान सम्मान ऊंचा होगा। मौके पर क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह, उमेश चन्द्र शिव, निर्णायक नेहाल मिर्जा, राजेन्द्र चौधरी अशोक कुमार सिंह, पच्चु शर्मा, सुधिर कुमार सिंह, सुदामा सिंह, प्रह्लाद ठाकुर रविंद्र सिंह भोला पासवान गणेश प्रजापति समेत दर्शक मौजूद थे। कल का मैच हैदरनगर प्रखंड के बरेवा बनाम हुसैनाबाद प्रखंड के बैंराव के बीच खेला जाएगा।

# आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नप के वार्ड 15 व 16 में शिविर का हुआ आयोजन

## कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट हुआ समाधान


नप के शिविर का उदघाटन करते अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में वार्ड 15 व 16 हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नप के निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, सलीमुद्दीन अंसारी व समजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया।

शिविर में आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, निवास, नक्शा से संबंधित मामले, धोती साड़ी का बितरण, जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण का मामला आया। जिसमे से कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेबरेम, प्रभात कुमार, जेई बिभूती कुमार, मुकेश कुमार, अजित टुडु, मो सत्तार, खलीफा जिलानी, संजय ठाकुर, सुमित कुमार, दीपक कुमार, रमेश कुमार, सुबोध केशरी, रवि चौधरी, मुबारक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# ग्रासिम ने एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का किया आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व, रेहला के द्वारा कृषि विकास कार्यक्रम के तहत रबी फसलों की उन्नत कृषि प्रणाली पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सी एस आर के नवनिर्मित प्रशिक्षण केंद्र विशुनपुर, रेहला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान का हमेशा से ही प्रयास रहा है डालने कार्यक्रमों के द्वारा आसपास के क्षेत्र के लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो और उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हो। उन्होंने कहा कि खेती में आज नयी-नयी तकनीक एवं पद्धतियों का विकास हो रहा है और किसान बंधु इन छोटी छोटी बातों का अनुपालन कर लागत में कटौती के साथ साथ उत्पादन में बढ़ोतरी कर सकेंगे। आज का यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से कृषक बंधुओं के लिए लाभप्रद होगा। प्रशिक्षण के बाद सभी किसानों के बीच गेहूं एवं चना के बीज का वितरण किया गया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक सह कृषि विज्ञान केंद्र, गढ़वा के प्रमुख डॉ अशोक कुमार ने किसानों को बीज, खरपतवार नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन एवं रबी फसलों से जुड़ी अन्य बातों से जुड़ी जानकारी दी। साथ ही किसानों के कृषि संबंधित अन्य समस्याओं एवं प्रश्नों पर उनका मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण में 92 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सी एस आर के अनिल गिरि ने किया। कार्यक्रम में ग्रासिम के अधिकारी जय शंकर झा, जन सेवा ट्रस्ट के चिकित्सक डॉ पी पी पांडेय, मो कैफ, सामाजिक कार्यकर्ता नागेन्द्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, बीरेन्द्र सिंह, भोला सिंह, अनिता देवी, योगेश पाल, शिवलाल पासवान, श्रीकांत सिंह उपस्थित थे।

# अवैध खनन के दौरान तेतुलमारी में चाल धंसने से महिला की मौत

**शव लेकर भागे लोग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/तेतुलमारी।** बीसीसीएल एरिया पांच अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी में संचालित चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी परियोजना में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गयी। घटना शनिवार सुबह की है। हादसे के बाद वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। महिला के साथ खनन में लगे लोगों ने आनन-फानन में मलबे से शव को बाहर निकालकर भाग गये। महिला रैगुनी टाड की बतायी जाती है। इधर पुलिस मामले में अनभिज्ञता जाहिर कर रही है।

### अवैध खनन के कारण पहले भी कई लोगों ने गंवायी है जान

मालूम हो कि अवैध खनन के कारण तेतुलामारी इलाके में पूर्व में भी कई लोगों ने जान गंवायी है। बताया जाता है कि तेतुलामारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह, पांडेडीह, चंदौर सहित अन्य इलाकों में डंके की चोट पर अवैध कोयला का कारोबार बदस्तूर जारी है। अवैध खनन कर कोयला निकल रहे खरीदार कोयला का सिंडिकेट नरेश नामक युवक बताया जा रहा है। इधर पुलिस मामले में अनभिज्ञता जाहिर कर रही है।

## तालाब से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत नेहरू रोड काली मंदिर समीप विश्वनाथ मुखर्जी के तालाब में शुक्रवार की देर रात क्षत विक्षत शव बरामद हुआ। इसका पता मकान मालिक को उस वक्त लगा जब शव से दुर्गंध निकलना शुरू हुआ। पहले तो मकान मालिक को लगा कि कोई पक्षी, बिल्ली या कुत्ता मर गया होगा जिसका दुर्गंध निकल रहा है। परंतु शुक्रवार की रात करीब 12 बजे जब दुर्गंध जायदा निकलने लगा तो टार्च लेकर देखने चले गए। देखते ही उसके रोंगटे खड़े हो गए। उसने तत्काल इसकी सूचना झामुमो नेता रंजीत बाउरी को दी। उसके बाद चिरकुंडा पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस मौके पर पहुंच शव का मुआयना कर चले गये। पुलिस का कहना है कि अज्ञात शव मिला है आसपास से किसी के गुमसुदगी की सूचना भी नही मिली है। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। देखने पर ऐसा महसूस होता है कि अज्ञात व्यक्ति की मौत लगभग पांच छह दिन पूर्व हुई होगी। मकान मालिक ने यह भी कहा कि वर्षो से तालाब का उपयोग नही किया जा रहा है। जिसके कारण यह इलाका जंगल जैसा हो गया है। पिछले साल हुए बारिश में चार दिवारी भी टूट कर गिर गया है। शव यहां कैसे पहुंचा समझ से परे है।

## एसीसी गेट पर जेबीकेएसएस का धरना

**20 ठेकाकर्मियों को हटाने का विरोध**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** छाताटाँड़ पंचायत के 20 ठेकाकर्मियों को स्थायी रूप से नियोजन से हटाने और सीएसआर फंड का फायदा ग्रामीणों तक नहीं पहुँचने का विरोध करते हुए झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के बैनर तले ग्रामीणों ने एसीसी सिमेंट फैक्ट्री सिंदरी के गेट नंबर 3 पर शनिवार से अनिश्चितकालीन महाधरना शुरू कर दिया है। उनकी माँग है कि छाताटाँड़ पंचायत के ग्रामीण एसीसी फैक्ट्री के प्रदूषण की मार झेल रहे हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य और नियोजन का फायदा उन्हें मिलना चाहिए। अनिश्चितकालीन महाधरना की अगुवाई कर रहे जेबीकेएसएस नेता आशीष महतो ने कहा कि विगत नवंबर 2020 को एसीसी सिंदरी फैक्ट्री प्रबंधन ने छाताटाँड़ पंचायत के 20 ठेकाकर्मियों पर झूठा केस दर्ज कर उन्हें काम से हटा दिया था। उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। इसके साथ ही छाताटाँड़ पंचायत के ग्रामीण फैक्ट्री का प्रदूषण झेल रहे हैं। प्रबंधन छाताटाँड़ पंचायत के ग्रामीणों को सीएसआर का फायदा नहीं दे रही है। प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और चिकित्सा की सुविधा प्रबंधन उपलब्ध नहीं कराकर अन्याय कर रही है। जिला परिषद 25 सदस्य उषा महतो ने कहा कि जेबीकेएसएस ग्रामीणों के साथ है और प्रबंधन इस पर वार्ता नहीं करती है तो ग्रामीण भूख हड़ताल के लिए विवश हो जाएँगे। उन्होंने कहा कि एसीसी प्रबंधन स्थानीय लोगों को बाहर कर बाहरी लोगों से काम करा रही है। सरकार के 75 प्रतिशत नियोजन की गारंटी खोखली योजना साबित हो रही है। अनिश्चितकालीन धरना में फूलचंद महतो, सत्यजीत महतो, रोहित कुमार महतो, कुश महतो, आशीष महतो, पिन्टू महतो, करण महतो, सुमित्रा देवी, फूलकुमारी देवी, सुनिता देवी, अनिता देवी, सविता कुमारी, सावित्री देवी, मीरा देवी, मिथिला देवी, विदिशा महतो सहित दर्जनों ग्रामीण युवक और महिलाएँ शामिल थे।

**स्पीड न्यूज**

### सीसीएल कर्मी की ड्यूटी के दौरान मौत

**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम परियोजना अंतर्गत तारमी चालू खदान में शनिवार की सुबह 9 बजे ड्यूटी के दौरान टीआर कटगरी-1 पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मी सह मकोली नीचे घौडा निवासी 58 वर्षीय सागर साव अचानक अचेत हो गए। बाद में सहकर्मियों ने कर्मी सागर साव को केन्द्रीय अस्पताल ढ़ोरी पहुंचाया। जहां चिकितसक ने सीसीएल कर्मी को मृत घोषित कर दिया। साथ ही मौत का कारण हृदय गति रुक जाना बताया। सीसीएल प्रबंधन की ओर से एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उडके और कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम सहित यूनियन नेता गिरिजाशंकर पांडेयए महेंद्र कुमार विश्वकर्मा आदि ने अस्पताल पहुंच कर मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग करने लगे। जिसके बाद ढ़ोरी क्षेत्रीय प्रबंधन ने मृतक के पुत्र 25 वर्षीय विशाल कुमार को नियुक्ति पत्र देने समेत मिलने वाली अन्य सुविधा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

### धनबाद मंडलकारा से खैनी, लाइटर बरामद

**धनबाद।** शनिवार की सुबह उपायुक्त वरुण रंजन के नेतृत्व में अधिकारियों ने धनबाद जेल में औचक छापामारी की। छापामारी में जेल के विभिन्न वार्डो की तलाशी ली गई। इस क्रम में एक लाइटर, धारनुमा एक चम्मच,सीरीज लाईट चार पीस, दस पुड़िया खैनी, दो खैनी की डिबिया, सेंट चार पैकेट बरामद कीं गई। इस बारे में अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार उपायुक्त धनबाद के नेतृत्व में धनबाद जेल का औचक निरीक्षण किया गया। इसमें 30 महिला पुलिस कर्मी समेत करीब 100 जवान शामिल थे।

### कांड्रा में सड़क जाम और ट्रक फूंकने के आरोपी को जेल

**सिंदरी।** विगत 11 अगस्त की रात पाथरडीह थाना क्षेत्र के आफिसर कालोनी के समीप हुई सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर कांड्रा निवासी संदीप सुमन राय की मौत हो गई थी। वह अपने कार्यस्थल से कांड्रा अपने घर लौट रहे थे। घटना के बाद आक्रोशित कांड्रा के ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान ग्रामीणों ने गौशाला ओपी क्षेत्र के कांड्रा में सड़क पर खड़ी ट्रक संख्या जे एच 09 ए एन 6929 को आग के हवाले कर दिया था। इस मामले में गौशाला ओपी में 12 नामजद आरोपी सहित तीस से अधिक अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया था। गौशाला ओपी प्रभारी बिरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी उज्जवल मंडल को उसके आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### कनारी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत चास प्रखंड की कनारी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। शिविर में दो दर्जन विभागों के कैंप लगाये गये थे। कनारी के शिविर में बीडीओ मिथिलेश चौधरी सीओ दिवाकर दुबे झामुमो के जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी ने 156 महिला सखी मंडल के बीच तेरह लाख का चेक देकर सम्मानित किया।

## पुटकी में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** पुटकी माडा अंचल कार्यालय में शनिवार को झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पुटकी के माडा अंचल कार्यालय मे किया गया।जिसमें मुख्य रूप से धनबाद नगर आयुक्त रवि राज शर्मा,सी0ओ0 विकास आनन्द,सहायक आयुक्त प्रकाश कुमार, दीपक कुमार, रजनीश लाल को माडा अंचल प्रभारी अशलम ने फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मनित किया।वही नगर आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना आम जनता की सहूलियत के लिये लगाया गया।और जितनी भी आवेदन मिले हैं।सभी पर बिचार कर जल्द ही निष्पादन किया जायेगा।वही विभिन्न विभागों द्वारा दर्जनों स्टॉल लगाकर लोगो की समस्या का निदान किया जा रहा। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना,पेंशन, पशु स्वास्थ्य,विधुत स्टॉल, ग्रामीणों को ऋण, सोना सोबरन की तहत धोती साड़ी भी वितरण, जलापूर्ति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विकाश योजना 15 वित्त आयोग, एनयूएलएम, स्ट्रीट लाइट आदि अन्य स्टॉल लगया गया।साथ ही पौधा भी वितरण किया गया। सीओ विकाश आनन्द ने कहा आपकी योजना आपकी सरकार हम लोग ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से जागृत कर रहे हैं।और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस शिविर के माध्यम से लाभ पहुंचाने का कार्य करेंगे। लोगो से अपील की कि शिविर का लाभ उठायें।

## वासदेवपुर परियोजना से डीजल चोरी में तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोयाबाद बीसीसीएल सिजुआ एरिया पांच के वासदेवपुर कोलियरी परियोजना के मैनेजर राम प्रवेश कुमार के लिखित शिकायत पर लोयाबाद पुलिस ने बीती देर रात में त्वरित कारवाई करते हुए एकडा निवासी करमचंद साव,करण भुईयां और केन्दुआ निवासी छोटु कुमार को गिरफ्तार कर सख्ती से पुछताछ की गई तो तीनो ने डीजल चोरी की बात स्वीकार कर लिया। उनलोगो की निशानदेही पर झाड़ियों में छुपा कर रखा चोरी का 40 लीटर डीजल,छह गैलन,रैंच,पाइप जप्त किया गया। छापेमारी के भनक लगते बाकी चोर फरार हो गये। प्रबंधक ने लिखित शिकायत दिया कि 23 नवंबर के रात साढ़े दस बजे डीजल चोर गिरोह के द्वारा वासदेवपुर कोल डंप में खड़ी डफ र संख्या (739) से डीजल चोरी कर लिया गया है। पुलिस कांड संख्या 37/23 अंकित कर तीनों को जेल भेज दिया गया है। बाकी डीजल चोरों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बताते चले लम्बे समय से वासदेवपुर मांइस से हथियार के बल पर बडे पैमाने पर डीजल चोरी हो रही है। गिरोह का मनोबल इतना बढा हुआ है कि बात बात पर गोली चलाने से परहेज नही करते हैं।

**एक नजर में**

### मुरहुलसुदी शिविर में जॉब कार्ड का वितरण



**बोकारो/ कसमार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कसमार प्रखंड अन्तर्गत मुरहुलसुदी पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित शिविर में नोडल पदाधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी विशिष्ट अतिथि कसमार प्रमुख नियोति कुमारी 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम मुखिया सरिता देवी बीडीओ अनिल कुमार सीओ सुरेश कुमार सिन्हा कसमार सीएचसी के प्रभारी डॉ बीपी गुप्ता डॉ संतोष महतो कसमार टीबीओ डॉ स्वेक्षा ओखरी उपस्थिति थे।

### बोकारो डीसी ने किया सरना धर्म महासम्मेलन स्थल का निरीक्षण

**बोकारो।** ललपनिया में 26 व 27 नवंबर को आयोजित लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय सरना धर्म महासम्मेलन 2023 की तैयारी को लेकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक की अध्यक्षता में ललपनिया स्थित टीटीपीएस श्यामली गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस क्रम में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के साथ राज्य सरकार द्वारा दर्जा प्राप्त मंत्री योगेन्द्र महतो ने भी कार्यक्रम स्थल का दौरा किया।

## धनबाद सदर अस्पताल में तनाव मुक्ति शिविर का हुआ आयोजन



**धनबाद।** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शनिवार को सदर अस्पताल में जिला एनसीडी कोषांग एवं रिनपास के चिकित्सा दल के सहयोग से तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन ने बताया कि शिविर में 58 मरीजों की मनोवैज्ञानिक जांच, काउंसलिंग एवं उपचार किया गया। वहीं रिनपास के मनोचिकित्सक डॉक्टर अरविंद, डॉक्टर अंशु, डॉक्टर अर्चना सिंह व डॉक्टर शैलज प्रकाश ने मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए चिकित्सा दल को सहयोग प्रदान किया। साथ ही रिनपास साइकाइट्रिक सोशल वर्कर सुश्री अंकिता एवं रशिका शर्मा ने मरीजों की मनोवैज्ञानिक जांच की। शिविर में सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर राजकुमार सिंह, आरसीएच पदाधिकारी डॉ रोहित गौतम, डॉक्टर मंजू दास, डॉ मीनाक्षी दुबे, नीरज कुमार यादव, सुबोध चंद्र महतो, शुभंकर मैत्रा लाल देव रजक व अन्य लोग उपस्थित थे।

## धनबाद : छह सूत्री मांगों को लेकर आजसू की भूख हड़ताल जारी

**धनबाद।** आजसू पार्टी (छात्र संघ) के द्वारा विगत तीन दिनों से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय बी.बी.एम.के.यू. के मुख्य द्वार पर छः सूत्री मांगों को लेकर छात्र के जिला अध्यक्ष विशाल महतो के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। भूख हड़ताल कार्यक्रम में आजसू पार्टी धनबाद जिला के प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी उपस्थित होकर आंदोलनरत छात्र/छात्राओं को हौसला आफजाई किया। जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने कहा कि छात्र नेता विशाल महतो के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता छात्र हित में छः सूत्री मांगों को लेकर आज लगातार तीन दिनों से अन्न-जल छोड़ कर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं परंतु बी.बी.एम.के.यू. प्रबंधन और वी.सी के कान में जूह तक नहीं रेंग रही है। तीन दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हुए छात्र/छात्राओं की शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ती जा रही है। ऐसे में विभिन्न कॉलेजों के छात्र /छात्राओं में आक्रोश बढ़ती जा रही है। श्री तिवारी ने बी.बी.एम.के.यू. के प्रबंधन समिति से दूरभाष पर बात कर आंदोलनरत छात्रों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में पीजी की पढ़ाई, अंगीभूत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई, जेनेरिक पेपर की विशेष परीक्षा का जल्द आयोजन, स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति की मांगों का अविलंब समाधान करने की बात रखी।

### वार्ड-1 के टाउन हॉल में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**चिरकुंडा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या एक में टाउन हाल से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 50 लोगों को कंबल वितरण किया गया वहीं सर्वजन पेंशन योजना में 2 लोग व सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना में 3 लोगों ने आवेदन दिया।लोगों का कहना है कि वार्ड संख्या एक के अधिकतर लोगों को जानकारी सही रूप से नही मिलने के कारन ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भीड़ नही हो पाई केवल कंबल वितरण कर खानापूर्ति की गई। मौके पर सीओ कृष्ण कुमार मरांडी,सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन,कनिय अभियंता उत्तम कुमार,डबलू बाउरी,बिट्टू मिश्रा,सुनिता सिंह,ओंकार नाथ श्रीवास्तव थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

पत्रांक 1896 / ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–24.11.2023

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/17/2023-24/RE-1 में वर्णित कार्य नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा श्शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन जिसका PR.NO. 311615 Rural Development (23-24):D द्वारा प्रकाशित निविदा में कार्य पूर्ण करने की अवधि छः (06) माह के स्थान पर तीन (03) माह पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.312066 Rural Development(23-24):D

## स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय देवीपुर मे शनिवारको बच्चो के बीच पोशाक किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौकेपर मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया मुखिया पार्वती देवीए पंसस महेश रविदासएउपमुखिया रंजीत साव ने अपने हांथो कक्षा एक एवं कक्षा दो तक के कुल 21स्कूली बच्चो के बीच पोशाक व जूता किट वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पंचायत की मुखिया पार्वती देवी एवं पंसस महेश रविदास ने कहा बच्चे हमारे देश का भविष्य हैएइन्हें बेहतर शिक्षा मिलनी चाहिए।ताकि बच्चेका भविष्य उज्जवल हो सके।उन्होंने कहाकी बच्चों के नियमित स्कुल आने से अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य को अपना पाएंगे।इस लिए हर अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चो को हर दिन स्कूल भेजे। इधर विद्यार्थियों ने पोशाक पाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में समाजसेवी मानिकचन्द रविदासए प्रधानाध्यापक रामा जयसवालए सहायक शिक्षिका आशा कुमारीए जयलाल रविदास सहित दर्जनों बच्चे एवं बच्चियां तथा अभिभावकगण उपस्थित थे।

### राशन दुकानदारों का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बेरमो।** बोकारो जिला के चन्द्रपुरा स्थित डी टाइप ओवर ब्रिज के पास गनपत चौधरी नामक पीडीएस डीलर द्वारा ठीक से राशन नही वितरण का आरोप लगाते हुए शनिवार को ग्रामीणों ने दुकान पर जाकर जमकर विरोध किया और राशन देने की मांग करते रहे। बताया जाता है कि गरीबो के लिए राशन वितरण करने में डीलर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करता है। जिसका विरोध लगातार लाभूक व ग्रामीणों ने किया है। वही इस बात की सूचना चन्द्रपुरा अंचल अधिकारी को दिया गया। अंचल अधिकारी स्ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत का जांच किया जाएगा।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**



आवश्यक सूचना।
(लापता सोनी बीबी उम्र–25 वर्ष)

मेराल थाना सनहा सं0–19/2023 दिनांक 18.11.2023 में लापता सोनी बीबी, उम्र–25 वर्ष, पति–समसाद अंसारी आवेदक अरसाद अंसारी आलम पे0–स्व0 सलाउदीन अंसारी ग्राम–गोन्दा हाई स्कूल के पास, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा के रहने वाले है, जो लापता है।

जो अभी तक वापस नहीं आए है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया है। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता सोनी बीबी उम्र 25 वर्ष, पति–समसाद अंसारी, आवेदक अरसाद अंसारी आलम पे0–स्व0 सलाउदीन अंसारी ग्राम–गोन्दा हाई स्कूल के पास, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम–सोनी बीबी, रंग– गोरा, पहनावा–औरेंज कलर का सलवार सूट, कद– करीब 4 फीट 6 इंच
मो0नं0–9508273589

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.312047 Police(23-24):D

# विधायक ने किया 1.77 करोड़ की योजना का शिलान्यास

**सड़क निर्माण से लोगों को होगी सहुलियत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** सचेतक (सत्तारूढ़ दल) सह विधायक झरिया श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के अनुशंसा पर झरिया में डीएमएफडी से एक करोड़ 77 लाख रुपये का सड़क निर्माण किया। उक्त योजना अंतर्गत स्वीकृत झरिया केंदुआ मेन रोड से भालगोरा 05 नं रूरल बस्ती भाया शिमलाबहाल पथ के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना के साथ शिलान्यास सांसद पशुपति नाथ सिंह की उपस्थिति में विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के द्वारा नारियल फोड़ कर तथा फीता काट कर किया गया। निर्माण कार्य के संबंध में माननीय विधायक ने कहा की यह पथ डीएम एफटी द्वारा स्वीकृत है, 1.70 किलोमीटर इस पथ के निर्माण से लोगो को आवागमन में काफी सुविधा होगी। 17 सौ मीटर पथ में 100 मीटर का गार्डवाल तथा एक पुलिया का निर्माण होना जिसकी प्रक्कलित राशि 01 करोड़ 77 लाख है, कार्य का क्रियान्वयन ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल धनबाद द्वारा कराया जाना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि के डी पांडेय, सूरज सिंह, शेख सुलतान, राजा अंसारी, अकील अंसारी, छोटू यादव, गाजी अंसारी, फारूक अंसारी, जोगी लोहार सहित भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### महामंत्र का जाप सुनने से मनुष्य जीवन होता है धन्य

**झरिया।** शिमलाबहाल आदर्श नगर निवासी सुरेश पासवान की ओर से आयोजित अखंड हरिनाम कीर्तन में पहुची झरिया विधायक सह (सचेतक) सतारुढ दल पूर्णिमा नीरज सिंह। प्रभू श्री राम के दरबार में माथा टेक आयोजन कर्ता की मनोकामना पूर्ण व कोयलांचल वासियों की कुश्नता की मनत मांगी। इस दौरान अखंड हरिनाम कीर्तन आयोजित परिवार सहित स्थानीय महिलाएं ,पुरुष ने प्रभु श्री राम की दरबार में विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अखंड हरिनाम कीर्तन में कोयलांचल आसपास के दर्जन भर कीर्तन मंडली भाग लिया। इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहाकि अखंड हरिनाम कीर्तन महामंत्र का जाप की आवाज जितना दूर तक सुनाई पड़ती है। उतने दुरी की जमीन, जीव जंतुओं सहित मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। मौके पर श्रीप्रकाश सिंह, अमन कुमार सिंह ( जोन), सुरेश पासवान, प्रेमराज उर्फ सूरज पासवान, किशोर पासवान, परमीला देवी, उर्मिला देवी, शर्मिला देवी, रवि पासवान, निभा रानी, हेमा रानी, शोभा रानी, शुभम पासवान, मेघा कुमारी, ईशा कुमारी, संध्या कुमारी, मनोज कुमार आदि थे।

झारखण्ड सरकार
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।**

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521 Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

डाक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुमला जिला अन्तर्गत घाघरा प्रखण्ड में अवस्थित गम्हरिया तालाब की अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2023–24 (एक वर्ष) के लिए दिनांक :– 08.12.2023 को जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, गुमला की उपस्थिति में 11.30 AM बजे खुले डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जाएगी। तालाब की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | अंचल का नाम | तालाब का नाम | ग्राम | पंचायत | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | रकबा (ए0 में) | सुरक्षित जमा राशि (रू में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घाघरा | गम्हरिया तालाब | गम्हरिया | गम्हरिया | 250 | 398, 399 | 2.29 | 16600=00 | |

अल्पकालीन खुले डाक की शर्तेः–

1. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि को डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि को डाक की बोली में समायोजित किया जायेगा एवं शेष डाक वक्ताओं की प्रतिभूति राशि डाक समाप्ति के बाद वापस कर दिया जाएगा।
2. डाक का स्वीकृति के पश्चात् डाक वक्ता को संबंधित एकरारनामा यथोचित स्टैंप के साथ करना होगा। जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त तालाब में उच्चतम डाक वक्ता कोई भी कार्य नहीं करेगें।
3. किसी भी समय किसी भी डाक की बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
4. उच्चतम डाक वक्ता का डाक समाप्ति के पश्चात् पूरी राशि एक मुश्त जमा करना होगा।
5. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपने पहचान पत्र (आधार कार्ड / वोटर कार्ड) की छायाप्रति कार्यालय में जमा करनी होगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गुमला

PR 312034 Fish(23-24)D

समय संवाद

ओरल समस्याओं के लिए फायदेमंद है। इसमें एंटी कैंसर एजेंट पाए जाते हैं। बालों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके पत्तों को घिसकर हल्दी के साथ लगाने से पिंपल्स की समस्या से भी निजात पा सकते हैं। पान की बेल को कटिंग से आसानी से लगाया जा सकता है और मनीप्लांट की तरह मॉस स्टिक पर चढाया जा सकता है। इसकी पत्तियों में मौजूद जैल बालों और त्वचा संबंधी कई समस्याओं में उपयोगी है। लो ब्लड प्रेशर, लो शूगर लेवल को मेंटेन करने में मददगार है। फंगल इंफेक्शन या एलर्जी होने पर ऐलोवेरा पत्ती काटकर निकले जैल को रगड़ने से आराम मिलता है। ऐलोवेरा रेतीली मिट्टी में आसानी से लगाया जा सकता है।

# औषधीय पौधे : बगिया महके, सेहत भी चमके

**रजनी अरोड़ा**

**फल,** फूल, सब्जी और हरियाली के लिए तो हम पौधे लगाते ही हैं, लेकिन अगर कुछ औषधीय पौधे भी लगाए जाएं तो इसके दोहरे फायदे हैं। एक तो बगिया महकेगी और आपकी सेहत भी चमकेगी। जी हां, कई पौधे ऐसे होते हैं जिनकी पत्तियों का इस्तेमाल खुद को स्वस्थ रखने के लिए किया जा सकता है। अगर आप हेल्थ कॉन्शियस हैं और छोटी-मोटी बीमारियों में मेडिसिन लेने से डरते हैं तो कुछ औषधीय पौधे आपके लिए काफी फायदेमंद होंगे।

अजवाइन या कैरम प्लांट : यह पाचन प्रक्रिया में सुधार लाता है। कफ, पेट दर्द जैसी समस्याओं में इसके पत्ते लाभदायक होते हैं। यह वजन कम करने में भी सहायक है। ब्लड प्रेशर को रेगुलेट करता है। त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने में अजवाइन के पत्ते का पानी पीना और लगाना उपयोगी है। इसका पौधा आप घर पर आसानी से लगा सकते हैं। ध्यान रहे यह पौधा रसोई में मिलने वाली अजवाइन से अलग होता है। कटिंग से भी लगता है और पानी बहुत कम चाहिए होता है।



तुलसी :यह पौधा आमतौर पर सभी के घर में होता है। तुलसी इम्यूनिटी बूस्टर का काम करती है। खांसी-जुकाम, बुखार में तुलसी की चाय पीना फायदेमंद है। इंसेक्ट्स द्वारा काटे जाने पर इसके पत्ते घिसकर लगाने पर हीलिंग में मदद करता है। तुलसी के निरंतर सेवन ब्लड प्यूरीफायर का काम भी करता है। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में भी मददगार है। यह पौधा थोड़ी सी देखभाल में आसानी से लग जाता है।

सदाबहार :डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत मददगार है। बालों को हेल्दी बनाता है। चेहरे पर पड़ने वाले दाग-धब्बों पर सदाबहार की पत्तियों को पीसकर लेप लगाने से आराम मिलता है। ब्लड सकुर्लेशन बढ़ाता है। यह पौधा कटिंग या बीज से भी आसानी से ग्रो किया जा सकता है।

तेजपत्ता :खाने का स्वाद तो बढ़ाता ही है, स्वास्थ्यवर्धक भी है। चोट लगने पर हीलिंग में मदद करता है। बालों की ग्रोथ बढ़ाता है। इसके ताजे पत्तों को उबालकर और छानकर इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर सूखे पत्तों को तेल में गर्म करके मालिश भी कर सकते हैं। तेजपत्ता का पौधा गमले में आसानी से लगा सकते हैं।

शतावरी : इस पौधे की पत्तियों और जड़ का इस्तेमाल किया जाता है। कहते हैं कि यह किडनी में स्टोन, ट्यूमर, यूरीनरी समस्या आदि में सहायक है। दूध के साथ इसकी जड़ का 6-7 ग्राम पाउडर और थोड़ी-सी मिश्री मिलाकर लें। शतावरी की पौध को आप गमले या मिट्टी में आसानी से लगा सकते हैं।

करी पत्ता :

यह खाने के टेस्ट को तो बढ़ाता ही है, हेल्थ के लिए बहुत ज्यादा मददगार है। लो आई साइट को ठीक करता है, ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ाता है, बालों संबंधी समस्याओं को कम करता है और बालों को स्वस्थ बनाता है। करी पत्ते का पौधा कटिंग या सीड्स से भी आसानी से ग्रो हो जाता है।

पुदीना :पेट की बीमारियों में फायदेमंद है। स्ट्रेस को मैनेज करता है। इसे ओरल हाइजीन के लिए परफेक्ट, माउथ रिफ्रेशनर का काम करता है। पेट मे कीड़े होने पर पुदीने की 2-3 पत्तियां चबाकर खाना उपयोगी है। रेतीली मिट्टी में पुदीना के पौधे या कटिंग से आसानी से ग्रो कर सकते हैं।

पत्थरचट्टा : सैकुलेंट फैमिली का यह पौधा चोट लगने पर होने वाले दर्द और सूजन को कम करता है, घाव को भरने में असरदार है। किडनी स्टोन में सहायक है। पेट दर्द कम करने, पाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। गैस, एसिडिटी की समस्या होने पर पत्थरचट्टा की दो-तीन पत्तियां गर्म पानी के साथ लेने से आराम मिलता है। पत्थरचट्टा का पौधा आप कटिंग या पत्ते से आसानी से ग्रो कर सकते हैं। पौधे को पानी कम ही दें।

लेमन ग्रास :इसकी ग्रीन टी या काढ़ा या फिर सूखे पत्तों से बना पाउडर हमारी इम्यूनिटी मजबूत बनाने में मदद करता है। स्किन में ग्लो लाता है।

## विश्व में भक्ति की परम्परा भारत की देन है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**जीव** ही शिव है वह पृथ्वी पर एक मात्र जीव है जिसे मेघा मिली है। शेष जीवों का जीवन सिर्फ आहार-विहार पर टिका है। भक्तों के साथ सतसंग में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि जीव सब कुछ पाने की लालसा रखता है। यह लालसा उसके अंदर होती है। इसी के कारण वह संसार में सभी प्रकार के काम करके ज्यादा से ज्यादा अर्जित करना चाहता है। उन्होंने कहा एक कथा के माध्यम से बताया कि एक शेरनी का बच्चा सियार के झुंड में पला बढ़ा। वह सब कुछ वहीं करता जो शियार करते थे। लेकिन एक दिन एक शेर की की दहाड़ सुनकर उसे लगा कि यह आवाज तो उसके अंदर भी हैऔर वह भी दहाड़ने लगा। यानि जो भी है शक्ति है वह अंदर में छिपी है कभी-कभी समाज और माहौल के कारण एहसास नहीं हो पाता। ठीक उसी प्रकार सभी को सब कुछ त्याग का बल मिला है लेकिन जब इस बल का एहसास कोई करा देता है जब ही मनुष्य भी सब कुछ पाने की लालसा और दौड़ से रूक जाता है। एक जीव को जितना जीने के लिए चाहिए उससे कई गुणा अधिक अर्जित करने के बाद भी उसे चैन नहीं मिलती और इस अंतहीन दौड़ में बैचेन होकर जीवन जीता है। उसका चिंतन पूरा का पूरा सांसारिक वस्तुओं में उलझ जाता है जबकि भक्ति उसे संसार में रहते हुये संसारिक बंधनों से विरक्त होने की चेतना देती है। संसार में भक्ति की परम्परा भारत की देन है। संत महात्माओं की परम्परा केवल भारत में ही है। कठोर साधना से आत्मतत्व की प्राप्ति हो सकती है लेकिन इसमें लंबा समय लगता है। पहले इस प्रकार के साधना की जाती थी। उन्होंने कहा कि आग लकड़ी में भी है लेकिन वह अपने आप प्रज्वलित नहीं हो सकती है। लकड़ी से लकड़ी रगड़कर भी आग प्रज्वलित की जाती है लेकिन इसमें समय ज्यादा लगता है। वहीं कही आग प्रज्वलित है उससे आग जला लेना सहज है। इसलिए वर्तमान काल में संत-महात्माओं ने भक्ति के सहज मार्ग को स्वीकार्य किया। यह मार्ग दास भाव का मार्ग है। दासत्व का सबसे बड़ा उदाहरण अर्जुन हैं जिन्होंने कृष्ण का दासत्व स्वीकार किया। राम ने वशिष्ठ का, हनुमान ने राम का दासत्व स्वीकार किया। इसी मार्ग में चलना बेहतर है। जन्म जन्मातर के कर्म-सत्कर्म का संचित फल मनुष्य को मिलता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटीः रांची)

## भूत -प्रेत के सपने का अर्थ



सपने में बुरी आत्मा देखना अशुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार आत्मा का दिखाई देना भविष्य में आने वाली किसी मुसीबत का पूर्व संकेत है।

कहीं आपको भी तो नहीं आते भूत-प्रेत और आत्माओं के सपने, जानिए इनका मतलबयदि आप सपने में किसी आत्मा को अपने पास खड़ा देखते हैं तो यह एक शुभ सपना है। इंसान अक्सर सपनों में कई अजीबोगरीब चीजें देखता है। फिर चाहे इनका हमारे वास्तविक जीवन से कुछ लेना देना हो या नहीं। स्वप्न शास्त्र की माने तो सपने हमें आने वाले भविष्य के बारे में कुछ न कुछ संकेत देते हैं। बस जरूरत होती है इनके अर्थ को समझने की। यहां हम बात करेंगे भूत-प्रेत और आत्माओं से जुड़े सपनों के बारे में जो सपने लगभग हर किसी को आ जाते हैं। किसी को सपने में वो लोग दिखाई देते हैं जो अब इस दुनिया में नहीं रहे हैं तो किसी को विचित्र आकृतियां दिखाई देती हैं। जानिए ऐसे सपनों का क्या होता है मतलब? अगर सपने में आपको अपने पूर्वज दिखाई देते हैं तो इसका मतलब होता है कि आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी होने वाली है। यानी ये सपना आपके लिए शुभ संकेत हैं। वहां अगर आप सपने में पूर्वजों के हाथों से फल ग्रहण कर रहे हैं तो इसका मतलब आपके ऊपर उनका आशीर्वाद बना हुआ है। सपने में किन चीजों को देखने से भविष्य में धन की प्राप्ति होने के मिलते हैं संकेत, जानिए स्वप्न शास्त्र से

सपने में बुरी आत्मा देखना अशुभ माना जाता है। स्वप्न शास्त्र के अनुसार आत्मा का दिखाई देना भविष्य में आने वाली किसी मुसीबत का पूर्व संकेत है। वहीं किसी जानकार, रिश्तेदार, दोस्त आदि की आत्मा या भूत देखना यात्रा में मिलने वाले कष्ट का संकेत है। सपने में खुद को आत्मा या भूत से बातें करते हुए देखना भी अशुभ होता है ये सपना धन हानि का संकेत देता है। हालांकि अगर आप सपने में किसी मृत जोड़े या फिर एक स्त्री और पुरुष की आत्मा को देखते हैं तो ये सपना धन प्राप्ति का संकेत देता है।

## बच्चों की फुंसियों पर रखें नजर



**श्वेता पाण्डेय**

**बच्चों** के शरीर पर अक्सर फुंसियां हो जाती हैं खासकर गर्मियों के दिनों में. इसकी कई वजह हो सकती हैं जैसे मौसम बदलना, एनीमिया, इम्यूनिटी कमजोर होना, आयरन की कमी और स्किन पर कैमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना। इन फुंसियों की वजह से बच्चे को दर्द, जलन, बुखार और सूजन आने जैसी दिक्कत हो सकती है। कई बार लोग इनको ठीक करने के लिए घरेलू इलाज का सहारा लेते हैं। लेकिन अगर ये फुंसिया लम्बे समय तक बच्चे के शरीर पर बनी रहती हैं। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए क्योंकि ये एक्जिमा भी हो सकता है। बच्चों में एक्जिमा होने की कई वजह हो सकती हैं। बच्चे की स्किन पर कैमिकल बेस्ड क्रीम-पाउडर, लोशन जैसे प्रोडक्ट का इस्तेमाल होना। किसी साबुन के इस्तेमाल से रिएक्शन होना वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होना। धूल-मिट्टी और गंदगी के संपर्क में आने की वजह से या सिंथेटिक कपड़े पहनने की वजह से भी ये दिक्कत हो सकती है। कई बार घर में किसी को एक्जिमा की दिक्कत पहले से होने की वजह से भी ये परेशानी हो सकती है। बच्चे के गाल, कोहनी, घुटने और घुटने के पीछे के हिस्से पर लाल चकत्ते दिख रहे हों। एड़ियों, गर्दन और कलाई में बार-बार रैशेज हो रहे हों। फुंसी में पस और खून आ रहा हो। फुंसी और रैशेज वाली जगह पर सूजन दिख रही हो और ये शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैल रहा हो। तो आपको इस बात को नजरअंदाज किये बिना डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

वैसे तो आपको शिशु को डॉक्टर को दिखाने के बाद उनकी सलाह पर ही अमल करना चाहिए। लेकिन किसी वजह से अगर आप बच्चे को डॉक्टर के पास नहीं ले जा पा रहे हैं। तब तक आप जो सावधानी बरत सकते हैं उनमें बच्चे को बिना साबुन के नहलाएं। शरीर पर शैम्पू और तेल जैसी चीज न लगाएं। कॉटन टॉवल से हल्के हाथों से शरीर को सुखाएं. शरीर पर कोई लोशन, क्रीम और पाउडर जैसी चीज भी न लगाएं। बच्चे को कॉटन के ढीले कपड़े पहनाएं। बच्चे के नाखूनों को काटते रहें। उसके खिलौनों को धोते और साफ करते रहें। बिस्तर मुलायम और सूखा रखें।

## श्रीभदभगवत गीता: जीवन अस्तित्व की संपूर्ण व्याख्या

**विजय सिंगल**

**अस्तित्व** के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं को अलग-अलग नहीं किया जा सकता। ये दोनों एक ही वास्तविकता के अविभाज्य एवं अभिन्न अंग हैं। आध्यात्मिकता और नैतिकता का सबसे आधिकारिक स्त्रोत होने के नाते भगवद ?गीता ने मानव जीवन के इन दोनों पक्षों की व्याख्या बड़े ही व्यापक ढंग से की है। एक तरफ यह सारी सृष्टि के पीछे की अपरिवर्तनीय सच्चाई की जांच करती है; और दूसरी तरफ यह भौतिक दुनिया के लगातार बदलते हुए घटनाक्रम से भी संबंधित है।

गीता ने केवल ब्रह्मांड के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि मानव-प्रकृति को बेहतर ढंग से समझने के उद्देश्य से परम सत्य और भौतिक संसार के संबंधों पर गूढ़ विचार किया है। इस तरह की समझ का उपयोग व्यक्तिगत व्यवहार को बेहतर बनाने और इसके परिणामस्वरूप पूरे समाज में समग्र रूप से सुधार लाने के लिए एक साधन के रूप में किया गया है। गीता ने मानव जाति को न केवल वह दर्शन दिया है जो हमें सत्य को जानने की दूरदर्शिता देता है, बल्कि उन तरीकों और साधनों को भी सुझाया है, जिनके द्वारा उस सत्य को महसूस किया जा सकता है। इसने हमें न केवल जीवन के अर्थ और उद्देश्य की सैद्धांतिक व्याख्या प्रदान की है, बल्कि यह भी समझाया है कि उस उद्देश्य को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। इसने असंख्य मानवीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान भी सुझाए हैं।

ब्रह्मविद्या के रूप में गीता ने आत्मा, परमात्मा और जीवात्मा की मुक्ति जैसी अनेक आध्यात्मिक अवधारणाओं का गहन अध्ययन किया है। साथ ही योगशास्त्र के रूप में उस मुक्ति को प्राप्त करने के विभिन्न व्यावहारिक तरीकों का वर्णन किया गया है। इस प्रकार भगवद ?गीता वास्तविकता को जानने का विज्ञान और उस वास्तविकता के साथ एकता प्राप्त करने की कला, दोनों है।

गीता ने न केवल यह प्रकट किया है कि मनुष्य परमात्मा का एक अभिन्न अंग है, बल्कि विभिन्न तकनीकों को भी निर्धारित किया है जिसके द्वारा वह परमात्मा के साथ अपनी एकता के बारे में सदा जागरूक रह सकता है।

गीता में भगवान दूर के दर्शक मात्र नहीं हैं, बल्कि एक निरंतर साथी हैं। वह सखा हैं, एक घनिष्ठ मित्र हैं, जो हर समय हमारे साथ रहता है (श्लोक 11.42)। वह दार्शनिक हैं और मार्गदर्शक भी। ईश्वर और मनुष्य के बीच विचारों का आदान-प्रदान चलता रहता है। संवाद तब तक जारी रहता है जब तक कि मनुष्य का भ्रम नष्ट नहीं हो जाता और सारे संदेह दूर नहीं हो जाते (श्लोक 18.73)। गीता की शिक्षा न केवल व्यक्ति को यह समझने में मदद करती है कि अपनी परिस्थितियों को देखते हुए उसे क्या करना चाहिए, बल्कि वह कार्य करने में उसका मार्गदर्शन भी करती है।

### ज्ञान, कर्म और भक्ति मार्ग

गीता में विभिन्न पथों का वर्णन किया गया है जिन पर चल कर व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त कर सकता है। ये मार्ग हैं ज्ञान मार्ग अर्थात ?आत्म ज्ञान का मार्ग, कर्म मार्ग अर्थात किसी भी प्रकार के बंधन से मुक्त कार्य करने की विधि; और भक्ति मार्ग अर्थात ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास का मार्ग। आत्मा की मुक्ति के इन मार्गों को अलग-अलग और सामूहिक रूप से योग के नाम से जाना जाता है। आत्म-साक्षात्कार के ये तीनों मार्ग एक-दूसरे के विपरीत नहीं हैं। ये तो वास्तव में एक-दूसरे के पूरक ही हैं। गीता ने स्पष्ट तौर पर यह घोषणा की है कि सच्चा त्याग संसार से विमुख होने में नहीं, बल्कि लगन और निर्लिप्तता से अपने कर्तव्य का पालन करने में है। भगवान श्रीकृष्ण ने मन की समता पर भी बहुत जोर दिया है।

## नाखूनों को बनाये खूबसूरत

**आप** जानते है कि अगर आपको नेचुरल तरीके से खूबसूरती न मिले तो बाहर की खूबसूरती ज्यादा देर नहीं टिकती है। चेहरे के साथ-सथ हम अपने नाखूनों में भी अधिक ध्यान देते है। जिससे कि वह भी खूबसूरत और मजबूत रहे, लेकिन कई कारणों के कारण वह ज्यादा टिक नहीं पाते है। आमतौर में पैरों की उंगलियों के नाखून के मुकाबले हाथ की उंगलियों के नाखून जल्दी बढ़ते हैं। अगर आपके नाखूनों में किसी तरह की समस्या है, तो वे बढ़ नहीं पाते। इसका मुख्य कारण ठीक ढंग से खाना नहीं खाना, पोषक तत्वों, विटामिन्स की कमी के कारण हो सकता है।अगर आप चाहते है कि आपके नाखून भी खूबसूरत, मजबूत और चमकदार हो तो आप किचन में मौजूद कुछ चीजें ये काम कर सकती है।

**नींबू**

यह विटामिन सी के गुणों से भरपूर होता है। यह आपके नाखूनों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके इस्तेमाल से आपके नाखूनों की लंबाई बढने के साथ-साथ चमक और मजबूती आती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए एक बाउल में एक चम्मच नींबू का रस, कुछ बूंदे जैतन के तेल में अच्छी तरह मिलाकर नाखूनों की मालिश करें।

**संतरे**

इसके जूस में भी विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसको इस्तेमाल करने के लिए थोड़े सा संतरे का जूस लेकर उसमें अपने नाखूनों को दस से पंद्रह मिनट तक डुबोएं रहें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से धो कर उस पर मॉस्चराइजर लगा लें। अगर आप चाहते है कि आपके नाखून खूबसूरत हो तो इसका इस्तेमाल रोज करें।

**जैतून का तेल**

जैतून के तेल में कई ऐसे तत्व पाएं जाते है जो कि आपके नखूनों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके लिए रात को सोते समय हाथ तथा पैरों के नाखूनों पर जैतून के तेल की मालिश पांच मिनट तक करें। और दूसरे दिन साफ पानी से धो लें। इसके अलावा आप चाहें तो 15-20 मिनट के लिए अपने नाखूनों को जैतून के तेल में डूबो कर रखें। इससे शरीर में खून के संचार बढ़ता है। जोकि आपके लिए फायदेमंद है।

## मानवीय भावना को शिक्षा का उदेश्य बनाया जाए

पारूल यूनिवर्सिटी के जागृति शर्मा ने शिक्षा में मानवीय भावना को शिक्षा में शामिल करने के विषय पर शिक्षक और प्राचार्यो के विमर्श कार्यक्रम को संबोधित किया। साथ ही भारत को विकसित देश की संकल्पना के साथ शिक्षा को आगे बढ़ाया जाए।

शनिवार को राजधानी रांची में आयोजित कार्यक्रम में 50 से अधिक स्कूलों के 155 से अधिक शिक्षक और प्राचार्य शामिल हुए।

सीखने और नवाचार का एक बहु-विषयक गंतव्य, पहले चक्र में नैक ++ मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का सबसे कम उम्र का निजी विश्वविद्यालय होने के रिकॉर्ड के साथ उच्च शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ावा देना। गुजरात के वडोदरा में स्थित, पारुल विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय और वैश्विक विकास को बढ़ावा देते हुए, छात्र संवर्धन के लिए आधुनिक नवाचारों और शैक्षणिक प्रथाओं के साथ मिश्रित देश की सांस्कृतिक विरासत के सार का प्रतीक है। विश्वविद्यालय संकायों और संस्थानों का एक समामेलन है जो कई विषयों में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों की पेशकश करता है। अपने विशिष्ट रूप से संरचित, उद्योग से जुड़े और क्षेत्र-संरेखित कार्यक्रमों के माध्यम से, विश्वविद्यालय स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन और त्रुटिहीन प्लेसमेंट रिकॉर्ड के माध्यम से उच्च प्रक्षेपवक्र की ओर अपने





आकर्षक करियर को लॉन्च करके छात्रों के अनंत सपनों को पूरा करने का एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड रखता है। 125 एकड़ का पर्यावरण-अनुकूल परिसर भारत के प्रत्येक राज्य के 43,000 से अधिक छात्रों और 68 देशों के 2,500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का घर है, जो पारुल विश्वविद्यालय को वास्तव में सांस्कृतिक रूप से वैश्विक गंतव्य बनाता है। अपनी नैक अ++ मान्यता के अलावा, विश्वविद्यालय के पास एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज जैसे निकायों में वैश्विक सदस्यता है। विश्वविद्यालय की गुणवत्ता की मुहर गुणवत्ता अनुसंधान के लिए डीआईएसआर मान्यता, नैदानिक चिकित्सा अनुसंधान में गुणवत्ता के लिए एनएबीएल मान्यता, गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवा के लिए एनएबीएच मान्यता और देश भर में नवाचार उपलब्धियों के लिए एआरआईआईए शीर्ष 50 रैंकिंग तक फैली हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में पारुल विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए, इसे प्रैक्सिस मीडिया द्वारा पश्चिमी भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालय और एसोचैम द्वारा प्लेसमेंट में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय होने और विश्व शिक्षा शिखर सम्मेलन में परिसर में उच्चतम राष्ट्रीयताओं के लिए पश्चिमी क्षेत्र में सबसे उत्कृष्ट विश्वविद्यालय होने का पुरस्कार दिया गया है।

इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की ओर से एक्सीलेंस एवार्ड 2023 के सम्मान से शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## वैश्विक स्मारकों के दिशा-विन्यास पर वैदिक प्रभाव

**प्रो. भगवती प्रकाश**

**दुनिया** के प्राचीन मंदिरों, पिरामिडों और पुरास्मारकों की दिशाओं का नियोजन चुंबकीय कम्पास से न होकर पृथ्वी की धुरी वैदिक परम्परा के अनुरूप है। इस कारण भौगोलिक उत्तर सभी स्थानों पर सदैव एक सा रहता है

कंबोडिया स्थित अंकोरवाट मंदिर सहित दुनिया के अधिसंख्य पुरास्मारकों की दिशाओं का नियोजन वैदिक परम्परानुसार है।

विश्व के प्राचीन मंदिरों, पिरामिडों और पुरास्मारकों की दिशाओं का नियोजन चुंबकीय कम्पास के अनुसार न होकर, भू-अक्ष अर्थात पृथ्वी के घूमने की धुरी की वैदिक परम्परा के अनुरूप है। दक्षिण-पूर्व एशिया से भारत, चीन, ईरान, सीरिया, लेबनान, मिस्र, यूरोप और अमेरिका तक ईसा पूर्व काल के स्मारकों का दिशा विन्यास एक



समान आधार पर भू-अक्ष अर्थात वैदिक भौगोलिक उत्तर दिशा आधारित होना आश्यचर्यजनक है। इन स्मारकों के स्थापत्य में उपग्रह चित्रों से भी भी ट्रू नॉर्थ से कोई विचलन नहीं आता है।

**भौगोलिक और चुंबकीय उत्तर में भेद**

चुंबकीय कम्पास की उत्तर दिशा वास्तविक भौगोलिक उत्तर दिशा से भिन्न होती है जो स्थान व समय भेद से बदलती रहती है। भौगोलिक उत्तर पृथ्वी के घूमने की धुरी या अक्ष पर आधारित होने से सभी स्थानों पर सदैव एक सा रहता है। भौगोलिक उत्तर अर्थात भू-अक्ष या पृथ्वी की धुरी आधारित ट्रू नार्थ व तदनुरूप कार्डिनल दिशाओं के निर्धारण की पुराणों एवं वैदिक साहित्य की परम्परा का चलन आधुनिक जगत में 1860 के बाद प्रारम्भ हुआ है। उसके पूर्व चुंबकीय उत्तर दिशा से नौवहन में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। आधुनिक नौवहन में इसी वैदिक ट्रू नॉर्थ का उपयोग किया जाता है। पृथ्वी की धुरी या अक्ष को अंतरिक्ष में बढ़ाने पर वह पृथ्वी से 434 प्रकाश वर्ष दूर स्थित ध्रुव तारे पर पहुंचती है। इस धुरी में 50 विकला के वार्षिक विचलन की 25,771 वर्षों में पूरी होने वाली चक्राकार आवृत्ति को दृष्टिगत रख कर वैदिक साहित्य में इसे अयन चलन या अयनांश कहा गया है। इच्छित दिवस यथा अयन संक्रातियों, विषुव संक्रांतियों या सक्रान्तियों, विषुव संक्रांतियों या अन्य महत्वपूर्ण दिवस के सूर्योदय की दिशा से अभिमुखित करने की यह परम्परा पूरे विश्व में रही है। इसी वैदिक परम्परानुसार दिशा साधन के कारण ही कोणार्क, झांसी, ग्वालियर, श्रीकाकुलम व कश्मीर के सूर्य मंदिरों, कंबोडिया स्थित अंकोरवाट, मिस्र के फराओ/फरोह मंदिरों, लेबनान के बालबेक स्थित मंदिरों, यूरोपीय ग्रीको-रोमन मंदिरों, संक्रांति उत्सव स्थलों एवं प्राचीन माया आदि अमेरिकी सभ्यताओं के मंदिरों के गर्भ गृह में पूर्व निर्धारित दिवस पर सूर्योदय की पहली किरण निर्बाध पहुंचती है। अयन संक्रांतियों से आशय उत्तरायण व दक्षिणायन संक्रांतियों से है और दिन व रात्रि एक समान होने पर वह विषुव सक्रांति कहलाती है। विश्व के पिरामिडों में कैलाश पर्वत एक प्राकृतिक पिरामिड है।

### सुसाईड ऑनलाइन...




साभारः कार्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## स्पीड न्यूज

### ग्रामीण महिलाओं को मिला हसुआ



**कुजू।** करमा शिव मंदिर परिसर में मातृ भूमि सेवा संस्थान शनिवार को रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिप सदस्य तापेश्वर महतो ने 500 हसुआ ग्रामीण महिलाओं को दिया। कहा कि खेती बाड़ी का कार्य बहुत ही अच्छा है। लेकिन यही तक सीमित नहीं रहे, बल्कि स्वरोजगार से जुड़ने के लिए अपनी पांव को घर की दहलीज से बाहर निकालें। मौके पर संस्थान के अध्यक्ष विनोद प्रसाद, महेश महतो, पुष्पा देवी सावन बेदिया, अनिल कुमार, डोमन ठाकुर, माथुर साव, लखी कांत महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### एसपी से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल



**रामगढ़।** आरबी हाई स्कूल सांडी के छात्राओं के साथ मारपीट और छेड़छाड़ मामले में सांसद जयंत सिन्हा के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे से मुलाकात कर दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधि मंडल को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से लोकसभा सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, प्रकाश मिश्रा, जिला खनिज मद के प्रतिनिधि सुमन सिंह, जिला महामंत्री छोटन सिंह, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी शामिल थे।

### रामगढ़ : प्रभात फेरी में उमड़ी भीड़



**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555वें प्रकाशोत्सव पर अंतिम दिन की प्रभात फेरी निकली । फेरी के अंतिम दिन संगत में उत्साह देखा गया। लोगों ने जमकर हिस्सा लिया। संगत ढोल नगाड़े बजाते हुए लाइट साउंड के साथ शब्द गायन करते हुए चल रहे थे। बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला और पुरूष शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत शब्द गाते चल रहे थे। प्रभात फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। सबना का मां पियो आप है अपने सार करे, दिन दयाल भरोसे तेरे, गुरु गुरु गुरु कर मन मोर गुरु बिना मैं नाही होर, मोर हृदय बसो गोपाल,तेरी सेवा तेरी सेवा ममाधो बिछड़े थे, जिसको पुरब लिखिया तिन सतगुर चरन गहे, तिन सतगुर चरन गहे। लाख खुशिया पातशाहिया जे सतगुर नदर करे, मिट्टी धुंध जग चानन होया, मूल खरीदी लाला गोला जैसे शब्दों का गायन कर संगत बढ़ रहे थे। फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा, पप्पू जससल, पुष्पिंदरपाल सिंह छाबड़ा, बंटी चमन, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, अजैब सिंह सिंह, विंसी कोहली, पूर्व प्रधान रमिंदर सिंह गांधी पूर्व चेयरमैन इंदरपाल सिंह सैनी ,जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा,बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा हरदीप सिंह होरा जसकीरत सिंह भाटिया राजू कैद जसकीरत सिंह सैनी रौनक सिंह गुरजोत सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जस्सल, राजी गांधी,प्रीतम सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्साल, रानी जस्सल , रोमा छाबड़ा,मनप्रीत सैनी नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा,सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, , मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर शामिल हुए।
चोरी मामले में महिला व युवक गिरफ्तार
हजारीबाग, हमारे प्रतिनिधि। जिले के बड़कागांव पुलिस ने चोरी मामले में एक महिला सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कटकमदाग थाना क्षेत्र के रसूलीगंज से बुरे में छिपा कर रखा गया चोरी...

### चोरी मामले में महिला व युवक गिरफ्तार

**हजारीबाग।** बड़कागांव पुलिस ने चोरी मामले में एक महिला सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है इस मामले में पुलिस ने कटकमदाग थाना क्षेत्र के रसूलीगंज से बोरे में छिपा कर रखा गया चोरी का सामान भी बरामद कर किया है। यह जानकारी एसपी चोथे मनोज रतन ने दी। उन्होंने बताया कि प्रकाश कुमार गुप्ता पिता स्व चन्द साव बादम निवासी ने दुकान एवं घर का ताला तोडकर नगद 45000 हजार रुपया, दुकान का सामाग्री एवं सोने बांदी की जेवरात चोरी हो जाने की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

### हजारीबाग जिले में बांटे जायेंगे 60328 कंबल

हजारीबाग। हर साल ठंड के मौसम में झारखंड सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा कोषांग के माध्यम से गरीब, बेसहारों के बीच गर्म कंबल का वितरण किया जाता है। चालू वर्ष में हजारीबाग जिला के लिए कुल 60328 कंबल आपूर्ति का आदेश निकाला गया है जिसके आलोक में जिला को कंबलों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। उन कंबलों का वितरण 24 नवंबर से शुरू हुई आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रत्येक पंचायत में शिविर में वितरण किया जाना है। वर्ष 2023 में हजारीबाग जिला में सरकार द्वारा निर्धारित दर पर कंबलों की आपूर्ति का आदेश पंकज कुमार मोदी, धर्मशाला रोड दुमका को मिला है।

# सेना में बहाली के लिए युवाओं को तैयार करेगा अडाणी फॉउंडेशन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड के युवाओं के लिए अडाणी फॉउंडेशन ने एक नयी पहल की है। प्रखंड के वैसे युवा जो भारतीय सेना (पैरामिलिट्री, अग्निवीर, सीआरपीएफ, बीएसएफ आदि ) और पुलिस समेत अन्य नौकरियों के लिए इच्छुक हैं, उन्हें आवश्यक शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही नौकरी के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराई जाएगी। पहले दिन की स्क्रीनिंग में 46 युवाओं का चयन किया गया। अब इन्हें दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शामिल किया जाएगा, जिसके बाद इन्हें आगे प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे दौर की स्क्रीनिंग में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच भी की जाएगी।शुक्रवार से युवाओं के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट की




**स्क्रीनिंग में 46 युवाओं का चयन**

शुरूआत कर दी गयी है। बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में स्क्रीनिंग कैम्प के पहले दिन हरली, गाली, बलोदर, सुकुल खपिया, साढ़, शिवाडीह, ढेंगा और महुगाई कला के 160 युवाओं ने हिस्सा लिया।

इन सबकी लम्बाई, सीना और वजन की माप की गयी, जिसके बाद इन युवाओं ने 1600 मीटर दौड़ में भाग लिया। दौड़ में सफल युवाओं को सिट अप्स और पुश अप भी कराया गया, जिसके बाद इन्हें ग्लूकोज, पेयजल और रिफ्रेशमेंट्स दिए गए।

# हजारीबाग जिला के आरएसएस संघचालक बने श्रद्धानंद सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक अहम बैठक स्थानीय मालवीय मार्ग स्थित संघ कार्यालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हजारीबाग जिले के जिला संघ चालक के रूप में हजारीबाग के प्रतिष्ठित समाजसेवी सह पूर्व से संघ से जुड़े रहने वाले श्रद्धानंद सिंह को यह दायित्व सौंपा गया। श्रद्धानंद सिंह को राष्ट्र कार्य और समाजहित में अपने आप को समर्पित करने हेतु संघ द्वारा यह नया दायित्व सौंपा गया ।

श्रद्धानंद सिंह का जन्म 3 जनवरी 1968 को हजारीबाग जिले के इचाक बाजार में हुआ। उनके पिता का नाम स्व. काली प्रसाद सिंह और माता का नाम केतकी देवी है। उनके पिता स्व.काली प्रसाद सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता, इचाक के भूतपूर्व सरपंच और धार्मिक व आध्यामिक व्यक्तित्व के धनी होने के साथ लेखक के रूप में भी उनकी ख्याति रही है एवं उनकी माता गृहणी हैं। श्रद्धानंद सिंह के तीन भाई



और पांच बहन हैं। वे वर्तमान में हजारीबाग शहर के न्यू एरिया रोड़ स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप रहते हैं। श्रद्धानंद सिंह एक सफल व्यवसाई होने के साथ सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हैं।

सेवाभावी सोच और उदारवादी व्यवहार के साथ समाज में मानवता और इंसानियत को जिंदा रखने के लिए वे सदैव अपनी महत्ती भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। श्रद्धानंद सिंह शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संघ की अनुसांगिक इकाई विद्या

**विधायक मनीष जायसवाल ने श्रद्धानंद सिंह को दी बधाई**

भारती द्वारा संचालित अनेकों स्कूलों में अध्यक्ष और सचिव के पद पर रहते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील रहें हैं। उन्होंने एकल अभियान में पूर्व भाग अध्यक्ष का अहम जिम्मेवारी निभाया है जिसमें हजारीबाग, कोडरमा और चतरा जिले के एकल विद्यालय के बेहतर संचालन में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है।

वर्तमान में श्रद्धानंद सिंह कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला के सचिव और संघ के कई ट्रस्टों में प्रमुख दायित्व का भी बखूबी निर्वहन कर रहें हैं। संघ के महत्वपूर्ण दायित्व प्राप्त होने के बाद श्रद्धानंद सिंह को बधाइयों और शुभकामनाओं का तांता लगने लगा ।

हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने भी श्रद्धानंद सिंह को इस नए दायित्व और जिम्मेदारी के लिए बधाई दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी ईश्वर से की ।

### वेस्ट बोकारो में पूर्व टिस्कोकर्मी के घर से 10 लाख की चोरी

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के अतना चैनपुर स्थित पूर्व टिस्कोकर्मी कैलाशपति राणा के घर से लगभग 10 लाख की चोरी की घटना घटी। इस बावत कैलाशपति राणा के भाई देवनारायण राणा पिता स्व. कोकिलनाथ राणा ने वेस्ट बोकारो ओपी में आवेदन देकर घटना की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कैलाशपति राणा इलाज के लिए बेटी के पास अहमदाबाद गए हुए हैं। घर की देख-रेख मैं कर रहा था। सुबह से रात 10 बजे तक रखवाली करता था। रात में कोई सोता नहीं था। शुक्रवार को हमेशा की तरह 10 बजे सफाई के लिए घर की गेट पर आए तो देखा कि ताला टूटा हुआ था। जब घर के अंदर गए तो देखा कि सारे कमरों का ताला और गोदरेज का लॉक टूटा था। नकद एक लाख रुपए, नेकलेश, अंगुठी, कानबाली, मांगटीका सहित अन्य सोने के आभूषण 147 ग्राम जिसकी कीमत 8 लाख 38 हजार रुपए, चांदी के पायल, मेडल, बिछिया,अन्य आभूषण 370 ग्राम जिसकी कीमत 24 हजार आंकी गई है।

# दोषियों को कड़ी सजा मिले : चंद्रप्रकाश

## छात्रों ने थाना में दिया आवेदन

**रामगढ़।** चितरपुर के आरबी हाई स्कूल सांडी में शुक्रवार को समुदाय विशेष के युवकों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़खानी और छात्रों से मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इसकी जानकारी पर शनिवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी स्कूल पहुंचे और जानकारी ली। उन्होंने रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह से घटना में शामिल दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जो भी घटना में शामिल है उन्हें कड़ी सजा मिले। वहीं, घटना से आक्रोशित छात्र छात्राएं रजरप्पा थाना पहुंचे और थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। कहा की समुदाय विशेष के युवक छात्राओं से आए दिन छेड़खानी करते हैं। कहा की हमने ऐसा करने से रोका तो हममे से कई छात्रों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। कहा की कार्रवाई नही होने से उनका मनोवल बढ़ता रहेगा। इसलिए कार्रवाई जरूरी है।





### आंदोलन करेगी विहिप

विश्व हिंदू परिषद जिला समिति ने अभिभावकों के साथ रजरप्पा थाना पहुंचकर आवेदन दिया। कहा की स्कूली बच्चियों के साथ छेड़खानी करने वालो का विरोध करने पर उनपर समुदाय विशेष के द्वारा जिसमें युवक, महिलाए और बुजुर्ग शामिल थे उनके द्वारा छात्राओं पर हमले किए गए। कहा की इसकी पुष्टि स्कूल के बच्चों ने की है। विश्व हिन्दू परिषद जिला समिति द्वारा कहा गया की यदि मामले के दोषियों पर कार्रवाई नही की गई तो विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। मौके पर छोटू वर्मा, रितिक कुमार, गौ रक्षा प्रमुख ललन लहरी, महेंद्र ठाकुर, तरुण वर्मा, रमा करमाली, गौतम महतो,विवेक कुमार, रॉकी कुमार, विवेक कुमार सहित कई कार्यकर्ता और छात्र उपस्थित थे।

## युवाओं को झामुमो से जोड़ें : बेदिया



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया पंचायत भवन में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। बैठक में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया, जिला उपाध्यक्ष रोहन राम बेदिया, संगठन सचिव हरिलाल बेदिया, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, पंचायत प्रभारी बिरेंद्र यादव, संजय वर्मा, मुकेश राउत, लालबिहारी मांझी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में अधिक से अधिक युवकों को पार्टी में जोड़ने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बेदिया ने झामुमो कार्यकर्ताओं से सरकार की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होकर विकास योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने और इसका शत प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति दिलाने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए सरकार द्वारा दर्जनों लाभकारी योजनाएं धरातल पर उतारी गई है। जिसका लाभ सीधे तौर पर ग्रामीणों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वालंबी व आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कई योजनाएं चलाई जा रही है इसका लाभ दिलाने में झामुमो कार्यकर्ता इनकी मदद करें। साथ ही सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। श्री बेदिया ने कहा कि झामुमो जात की नहीं जमात की राजनीति करता है। इसमें सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है।

# ग्रामीणों तक पहुंच रहा सरकारी योजनाओं का लाभ : अंबा

खबर मन्त्र संवाददाता

- भुरकुंडा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- शिविर में धोती-साड़ी, कंबल व साइकिल का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ शिव शंकर पांडेय, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी,ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दर्जनों लाभकारी योजनाए चलाई जा रही है। जिसका लाभ सीधे तौर ग्रामीण तक पहुंच रहा है। विधायक ने कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न पंचायत में किया जाना है। आपसभी शिविर में आकर योजनाओं का लाभ जरूर लें। बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता व सीओ शिव शंकर पांडेय ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दर्जनों सरकारी योजनाओं



सहित कई विभागों का स्टॉल लगाया गया है। आप सभी ग्रामीण अपना-अपना आवेदन जमा कर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की बात कही। शिविर में कई सरकारी योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। इस दौरान अबुवा आवास के लिए 20 लोगों ने फॉर्म भी किया। वहीं दर्जनों ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन भी जमा किया। जिसमें से कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी का जांचोंपरांत निष्पादन करने की बात कही गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान व संचालन मोहन राम ने किया। मौके पर पूर्व मुखिया सुभाष दास उर्फ काला बाबू, उप मुखिया संजीत राम, पंसस दीपक कुमार, वार्ड सदस्य रोशन पासवान, कौशल्या देवी, किरण देवी, धनंजय सिंह, विक्कू रजक, चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें। शिविर में विधायक अंबा प्रसाद ने 26 जरूरतमंदों को कंबल व 11 गरीबों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया। वहीं सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 41 छात्राओं के बीच 5-5 हजार चेक व 35 विद्यार्थियों के बीच साइकिल के लिए साढ़े चार हजार के चेक का दिया। 15 लोगों का प्रवासी कार्ड, 55 लोगों को राशन कार्ड व 10 लोगों का आधार कार्ड बनाया गया।

लगाये गये कई स्टॉल : शिविर में ग्रामीणों के लिए विभिन्न विकास योजनाओं के दर्जनों स्टॉल लगाए गए थें। वृद्धा व दिव्यांग पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सावित्री बाई फूले योजना, बाल विवाह रोक, श्रम नियोजन योजना, खाद सार्वजनिक योजना, आधार सुधार, वोटर आईडी सुधार सहित अन्य शामिल है।

## एक नजर में

### दौलत महतो बीएड कॉलेज में सेमिनार



विष्णुगढ़। बागेश्वरि माता की नगरी बनसो में दौलत महतो बीएड़ कॉलेज में शनिवार से शुरू हुआ सेमिनार। कॉलेज महासचिव गौरव पटेल व प्राचार्य सुनील कुमार चतुवेर्दी ने कहा की जानजतीय शिक्षा के प्रावधान और विकास को लेकर दो दिवशीय सेमिनार शुरू हुआ। देश के कई विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें जनजातिय शिक्षा और संस्कृति के राज्य और देश के द्वारा प्रदत प्रावधान की चर्चा होगी। जिसमें मुख्य रूप से उतरप्रदेश के लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ मुनेश कुमार, बीबी यूनिवर्सिटी लखनऊ के प्रोफेसर डॉक्टर बीबी मलिक, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉक्टर तनवीर यूनुस, बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी गया के डॉ रविकांत, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी धनबाद के ज्योग्राफी डिपार्टमेंट के हेड प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह, महात्मा गांधी ऑस्ट्रेलिया हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र के सुनील कुमार सुमन, छत्तीसगढ़ राज्य के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर एजुकेशनल हेड प्रोफेसर डॉक्टर सुनील सेन, उत्तर प्रदेश एमजेपी एसोसिएट प्रोफेसर गौरव राय, टीचर ट्रेनिंग कॉलेज नादिया वेस्ट बंगाल के प्रिंसिपल महबूब हसन, समेत झारखंड के कोल्हान प्रमंडल, पलामू प्रमंडल उत्तरी छोटा नागपुर व दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल व परगना प्रमंडल के कई महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के शिक्षाविद व छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

### आर्म्स एक्ट में पंकज मेहता को भेजा जेल

हजारीबाग। आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभि. (1) पंकज कुमार मेहता, पिता हरिहर महतो, साकिन- दरिया, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग को आज दिनांक 25/11/23 को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर केंद्रीय कारा भेजा गया है।

### कटकमदाग में आपके द्वार के तहत लगा शिविर

**कटकमदाग।** प्रखंड के मसरातू पंचायत भवन में शनिवार को आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं की लाभ लेने हेतू आवेदन जमा करने को लेकर फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बीडीओ एकता वर्मा, सीओ प्रशांत कुमार, प्रखंड प्रमुख कुमारी बिनीता, सांसद प्रतिनिधि अजय राणा, मसरातु मुखिया ज्योति कुमारी पंसस राम दुलारे यादव ,मंजू देवी उप मुखिया पप्पू कुमार यादव ने शुभारंभ किया। शिविर में वृद्धों व दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मजदूरों के बीच जॉब कार्ड, छात्र छात्राओं के बीच साइकिल खरीदारी के लिए चेक वितरण किया गया। करीब सौ से अधिक ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन जमा किया। वृद्धा व विधवा पेंशन के लिए कई लाभुकों फॉर्म जमा किया। शिविर में अंचल, कृषि, पशुपालन, जेएसएलपीएस, आपूर्ति, शिक्षा, बिजली, मनरेगा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गये। जहां ग्रामीणों ने आवेदन जमा किया। बीडीओ व सीओ ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहें। शिविर को सफल बनाने में पशुपालन पदाधिकारी अनिल कुमार दास, बीपीएम राजकुमार, बीपीओ एकराम हुसैन, राजस्व उपनिरीक्षक ,पंचायत सचिव , मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार ,वार्ड सदस्य पूर्णिमा सिन्हा ,शेखर कुमार सिन्हा , अवध यादव ,स्वास्थ से एमपीडब्ल्यू अर्जुन प्रसाद,, रेणु कुमारी, सोनी कुमारी, सीएचओ अर्चना नीतू तिर्की,जीएनएम रिंकू सिंहा,सहिया दीदी बेबी राणा,प्रमिला देवी सहित प्रखंड, अंचल कर्मी, पंचायत स्वयंसेवक व वार्ड सदस्य जुटे थे।

### पुनाई पंचायत में लगाये गये 20 से अधिक स्टॉल

**दारू ।** पुनाई पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का प्रथम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नोडल पदाधिकारी डेविड बलिहार, अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता, बीडीओ मनीष कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, मुखिया अनिल कुमार देव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में लगभग 20 से अधिक स्टाल लगाए गए थे जिसमें अबुआ आवास, राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन विभाग, जेएसएलपीएस, राजस्व विभाग अंचल कार्यालय, दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र सहित कई योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। कुल 1112आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से सबसे अधिक अबूआ आवास को लेकर 518 आवेदन दिए गए। कुल आवेदन में 484आवेदन कार्यस्थल पर ही निस्पादन किया गया वही 625 लंबित रहा। राजस्व विभाग अंचल कार्यालय में कुल 22 आवेदन मिला जिसमें तीन रद्द कर दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा सखी मंडल को 1950000 का चेक दिया गया वही आठवी कक्षा के कई विद्यार्थियों को साइकिल के लिए 4500 रुपया का डेमो चेक दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यक्रम पदाधिकारी स्वाति वर्मा, 20 सूत्री सदस्य कलावती देवी,सांसद प्रतिनिधि मिट्ठू रविदास, विधायक प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह, रोजगार सेवक तौसीफ आलम, गोपाल देव, दीपक देव, प्रखंड के कई कर्मी एवं पंचायत के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### पंचतत्व में विलीन हुये बद्री नारायण ओझा

**कटकमदाग।** नावाडीह निवासी बद्रीनारायण ओझा उर्फ दुखहरन मास्टर लगभग 90वर्ष के उम्र में आकामिक मृत्यु हो गई । उन्होंने आपने जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को बेहतर सेवा दिया एवं अन्य क्षेत्रों में भी समाज सेवा किया। शनिवार को नावाडीह गांव के श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके बडे पुत्र प्राभत कुमार ओझा ने मुखाग्नि दी वही छोटे पुत्र दैनिक हिन्दुस्तान खबर के पत्रकार कौशल कुमार ओझा एवं दो पुत्री अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये वही उनके अंतिम संस्कार में कई समाज सेवी जनप्रतिनिधि पत्रकार बंधु व ग्रामीण शामिल हुए।

### शिविर में अबुआ आवास के लिए उमड़ी भीड़




**केरेडारी।** पंचायत पांडु में झारखंड सरकार के द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुरू किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल,मुखिया सकिबा खातून, प्रमुख सुनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, पंचायत , प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुमन कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर मे अबुआ आवास के लिए आवेदकों की भीड़ सबसे ज्यादा देखी गई। शिविर में वहीं कई छोटी-मोटी समस्याओं को शिविर में ही निपटारा किया गया। राज्य सरकार के द्वारा संचालित कई योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया गया। वितरित परिसंपत्ति में वृद्धा पेंशन 05 विधवा पेंशन 4 नया राशन कार्ड 11 राशन कार्ड सुधार 100 किशन क्रेडिट कार्ड 3 पशुधन 7 जॉब कार्ड मनरेगा 189 धोती साड़ी 100 कंबल वितरण 162 आधार कार्ड 24 सावित्रीबाई फुले 29 अब्बुआ आवास बैंक खाता खुला 5 साइकल वितरण 28 मुख्य मंत्री स्वास्थ सहायता 01 का काम हुआ। मौके पर पंचायत सचिव रामभजन राम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलामत अंसारी, केरेडारी अंचल विधायक प्रतिनिधि रामकुमार दुबे, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड सचिव चंद्रिका रजक, पंचायत समिति सदस्य खदीजा खातून, वार्ड सदस्य, 20 सूत्री सदस्य, रविंद्र पाण्डे, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज, सफर रजा और भेंडर संघ अध्यक्ष महेंद्र साव उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस नेता ने की गलतबयानी की निंदा

**गुमला।** कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ ने कचहरी परिसर में जन समस्याओं को लेकर आहूत धरना में दिये गये बेतुके बयान का कांग्रेस नेता अमर प्रदीप कुजूर ने निंदा की है। अमर ने कह कि प्रदर्शन के दौरान सरकार पर ही कई वक्ताओं ने उंगली उठा दी। जबकि प्रदर्शन क्षेत्र की समस्या व उसके समाधान को लेकर था। लेकिन कार्यक्रम में व्यक्तिगत हमले के साथ सरकार को ही दोषी ठहराने का कार्य किया गया। डीलर से वसूल कर मंत्री तक को देने की बात कही थी।

### ऐतिहासिक भंडरा रास जतरा कल



**भंडरा।** प्रखंड का ऐतिहासिक रास जतरा हर वर्ष की तरह इस वर्ष 27 नवंबर को धूमधाम से लगेगा। इसके सफल आयोजन को लेकर जतरा आयोजक ने तैयारी शुरू कर दी है। जतरा आयोजक राधा मोहन शर्मा ने बताया कि जतरा के दौरान 27 नवंबर की शाम विधिपूर्वक पूजा अर्चना होगी। पूजा के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। जिसमें झारखंड के मशहूर कलाकार आरती, हुलास, महावीर सहित दर्जनों आधुनिक नागपुरी, ठेठ एवं रिकॉर्डिंग डांस के कलाकारों द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत किया जायेगा।

### बच्चों के विकास के लिए ट्रेनिंग जरूरी



**भंडरा।** प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री उवि सभागार में आयोजित दूसरे चरण का चार दिवसीय फाउंडेशन लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण 25 नवंबर को संपन्न हुआ। एफएलएन विषयक प्रखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को मिशन भारत सरकार के तहत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक मिशन के तहत आयोजित एफएलएन में बताया गया कि इसका उद्देश्य तीन से नौ साल तक के बच्चों का समग्र विकास करना है। बच्चों के समग्र विकास के लिये यह प्रशिक्षण आवश्यक है। मौके पर प्रशिक्षक राजेश सिंह, अरुण दास, राजेश सिन्हा, गणेश चंद्र शुक्ला और प्रशिक्षण में शामिल 40 शिक्षक मौजूद थे।

### चलती ऑटो से गिरकर व्यक्ति घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के गणेशपुर डीपा के समीप चलती ऑटो से गिरकर शनिवार को टैंसेरा निवासी टक उरांव घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों व गुमला पुलिस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल व्यक्ति गुमला बाजार कर ऑटो से अपने घर टैंसेरा जा रहा था। इसी क्रम में वह चलती ऑटो से अनियंत्रित होकर गिर गया।

### सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ



**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल मकरा घाघरा में शनिवार से वार्षिक खेलकूद समारोह का आरंभ हुआ। जिसका शुभारंभ विद्यालय के सचिव अंकिताश्री ने फीता काटकर किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने क्रिकेट खेला। प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने बतलाया कि यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक समुचित रूप से चलेगा। जिसमें कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, सभी रेस, कुश्ती, भाला फेक, गोला फेक, शतरंज तथा कैरम जैसे विभिन्न प्रकार के इंडोर तथा आउटडोर खेल खेले जायेंगे।

### अभिभावक गोष्ठी आयोजित



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में कक्षा षष्ठ एवं सप्तम के अभिभावकों की एक गोष्ठी की गयी। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। मंचासीन अतिथियों का परिचय मंजू देवी ने कराया। अभिभावक गोष्ठी की भूमिका एवं उपयोगिता पर दिनेश प्रसाद सिंह ने प्रकाश डाला। अभिभावकों ने भैया-बहनों के पठन-पाठन से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिये। आचार्य राजीव सिंह ने भैया बहनों के विकास के लिए संचालित योजनाओं पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला। सभी अभिभावकों ने माना कि विद्यालय की अभिभावक गोष्ठी अत्यंत उपयोगी एवं सराहनीय है। मंच संचालन जया मिश्रा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नीलिमा सिंह ने किया।

### खेल भावना के साथ खेलें : थाना प्रभारी



**घाघरा।** हाई स्कूल मैदान घाघरा में शनिवार को 8वीं सब जूनियर झारखंड राज्यस्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रगान किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी, उप प्रमुख शिवा देवी, पूर्व मुखिया गीता कुमारी, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान सचिव अनिरुद्ध चौबे व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अतिथियों ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। डेमो मैच साहिबगंज बनाम रांची के बीच खेला गया। थाना प्रभारी अमित चौधरी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेल हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल से शारीरिक बौद्धिक विकास होता है। झारखंड नेटबॉल के महासचिव भूपेंद्र नाथ राम ने बताया की यह प्रतियोगिता 3 दिनों तक चलेगी जो भी बच्चे बच्चियां इस प्रतियोगिता में बेहतर करेंगे उन्हें चयनित कर गोड्डा की नेशनल टीम में शामिल किया जायेगा। मौके पर अमित ठाकुर, कृष्णा लोहरा, असीस सोनी, एसआई अभिषेक कुमार, निर्मल महतो, गणेश भारती, मोनालिशा कुमारी, बालमणि कुमारी, अब्दुल कादिर, अरुण बेरा थे।

### दो क्लस्टरों की सहिया की बैठक संपन्न

**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के सभागार में कोटामाटी और तारागुट्टू क्लस्टर के स्वास्थ्य सहिया की बैठक शनिवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता बीटीटी सीमा कुमारी ने की। बैठक में सभी स्वास्थ्य सहिया के मोबाइल में सहिया एप डाउनलोड कराया गया। बीटीटी ने बताया कि एप से सहिया अपने क्षेत्र के कार्य अपलोड करेंगे।

## ऐतिहासिक रामरेखा मेला का सांसद ने किया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने शनिवार को रामरेखा में लगने वाले ऐतिहासिक मेला का विधि पूर्वक पूजा अर्चना और आरती कर उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि रामरेखा धाम कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला प्रसिद्ध मेला है। भगवान श्री राम वनगमन के दौरान इस पवित्र स्थल पर रूके थे। यह हमारे लिए गर्व का विषय है आने वाला 22 जनवरी को भगवान श्री राम का मंदिर का उद्घाटन अयोध्या में होगा। इस क्षेत्र का जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा लगातार आना हुआ है। मैं स्कूल काल से ही यहां आते रहा हूं। इस अवसर पर भाजपा नेता विनय कुमार लाल, बहादुर सिंह, राम रेखा बाबा और मेला आयोजन समिति के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीसी ने भरनो प्रखंड में लगे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर का किया निरीक्षण

- शिविर में प्रत्येक स्टॉल्स का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों को दिए आवश्यक निर्देश
- शिविर में आये नागरिकों से भी की डीसी ने मुलाकात



शिविर में लोगों की समस्या सुनते उपायुक्त ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिले में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे दिन भरनो प्रखंड के आताकोरा पंचायत में आयोजित शिविर का उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निरीक्षण किया। साथ ही इस कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी कर्ण सत्यार्थी, प्रमुख पारसनाथ उरांव, बीडीओ अरुण सिंह और सीओ अविनाश कुजूर ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। उपायुक्त ने वृद्ध महिलाओं की समस्या सुनी और बीडीओ भरनो को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वृद्धों को उचित सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने समूह की महिलाओ से कहा कि ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू करें और आत्मनिर्भर बने। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के स्टॉल में अधिक भीड़ देखने को मिली। बताते चले कि आज भरनो के अताकोरा पंचायत के अलावा बसिया प्रखंड के ममरला पंचायत, रायडीह के कांसीर पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र अंर्तगत वार्ड नंबर 2 में भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगा था।

**खास बातें :** इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों के बीच विभिन्न विभागों से परिसंपत्ति का वितरण किया। जिसमें सामाजिक सुरक्षा विभाग के 10 लाभुक को वृद्धा पेंशन का पीपीओ, 40 वृद्ध लोगों को कंबल, जेएसएलपीएस से 3 महिला समूहों को 6-6 लाख रुपये का ऋण, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से एक लाभुक को 2 लाख रुपये की बीमा क्लेम की राशि, शिक्षा विभाग के 1 मानसिक रूप से कमजोर बच्चे को टीएलएम कीट, कल्याण विभाग से 10 छात्राओं को 4500 रु साइकिल की राशि, मनरेगा से 4 लाभुक को आम बागवानी सहित बाल विकास से छात्राओं को सावित्री बाई फुले योजना, मनरेगा से मजदूरों को जॉब कार्ड, किसानों को पौधा वितरण किया। साथ ही 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 2 शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया।

## जिला योजना की सभी निविदाओं को ऑफ लाइन कराने की मांग

- संवेदक संघ गुमला की बैठक में एसीए मद के बकाये भुगतान को लेकर डीसी से मिलने का निर्णय



बैठक में शामिल संवेदक संघ के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला संवेदकी संघ की बैठक शुक्रवार को रौनियार भवन के सभागार में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में मुख्य रूप से संवेदको को हो रही भुगतान संबंधी परेशानी एवं विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

संवेदक संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी होने वाले सभी जिला योजना की निविदाओं का ऑफलाइन टेंडर कराने को लेकर विभागीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने का निर्णय लिया। साथ ही एसीए मद से हुए कार्यों का भुगतान अभी तक संवेदकों को नहीं हो पाया है। जिसे लेकर जल्द ही संवेदक संघ के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा उपायुक्त से मिलकर समस्या से अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक में गुमला जिला के सभी प्रखंडों से आने वाले संवेदको से संवेदक हित में एवं उनके स्वरोजगार की सुरक्षा प्रदान करने के लिए संवेदक संघ के द्वारा उठाए गए कदम एवं निर्णय का सर्व सम्मति से समर्थन करने का आग्रह किया गया है।

बैठक में संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, सचिव पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, शिवदयाल साहू, उदय साहू, चमार साहू, दीपक गुप्ता, सनोज राम, बृजेश भगत, आनंद गुप्ता, मो जैनुल, आशिक अंसारी, मो फयाज, राजेश भारती, लछमन प्रसाद, मंटू सिंह, बदुद खान, गोपाल शर्मा, अनमोल गुप्ता, बलराम साहू, प्रेम रंजन सिंह, विक्रम मिश्रा, आलोक मिश्रा, सुभाष प्रसाद, पंकज धाधरा, अशोक गुप्ता, विनोद गुप्ता, पंकज कुमार सहित काफी संख्या में संवेदक उपस्थित थे।

### मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

## समाज की उन्नति पर ही निर्भर है देश की उन्नति : न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

**भंडरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण, अधिवक्ता नसीम अंसारी, अधिवक्ता कुमार चंद्रशेखर, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता ने किया। मौके पर उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट राज कल्याण ने कहा कि समय-समय पर इस तरह का शिविर का आयोजन किया जाता है। इस तरह के शिविर के आयोजन का एक मात्र उद्देश्य लोगों को उनके अधिकार - सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की जानकारी हो और उसका लाभ उठाकर वह अपने जीवन स्तर को बेहतर कर सके। उन्होंने कहा समाज जितना उन्नत होता है, देश उतना ही उन्नत होता है। हम भारत की उन्नति की कल्पना तभी कर सकते हैं जब समाज का अंतिम व्यक्ति हमारे साथ खड़ा हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए न्यायिक व्यवस्था को प्रतित हुआ की हमारी सहभागिता सुनिश्चित कर दी जाय, तो जरूरतमंद लोगों को सुचारू से इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इस तरह की शिविर का आयोजन कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन, घर - घर तक पहुंचाया जा रहा है।

### ट्रक के धक्के से ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं



**गुमला।** थाना क्षेत्र के बाईपास रोड में रात्रि लगभग ढाई से तीन बजे के आसपास तेजी से आ रही एक ट्रक ने सड़क पर खड़े जीआइ पाइप लदे ट्रेलर को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे रोड पर ही ट्रक पलट गया और सारा पाइप बिखर गया। घटना में चालक की जान बच गयी और वह मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक राउरकेला से पाइप लोड कर गोरखपुर जा रहा था। वहीं दूसरी ट्रक आरा बिहार का है। ट्रेलर के पलटने से सड़क घंटों जाम हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद गुमला पुलिस मौके पर पहुंची व सड़क पर पड़े पाइप व ट्रेलर को सड़क से हटाया और घटना की जानकारी ली।

### लोक अदालत में 12 मामलों का हुआ निष्पादन

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत लगायी। जिसमें कुल 12 मामले निष्पादित किये गये। जिसमें 10,000 रुपये की राजस्व की प्राप्ति हुई। मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मासिक लोक अदालत से न्यायालय में सुलहनीय मामले, दीवानी वाद, बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, उत्पाद, वन विभाग तथा नापतौल विभाग के मामले का निष्पादन किया जाता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा समय व पैसे की भी बचत होती है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला पार्थ सारथी घोष ने कहा कि पक्षकार तथा लोग अपने सुलहनीय वाद तथा वन विभाग, उत्पाद विभाग, बिजली विभाग, बैंक से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आगे आयें तथा अपने बहुमूल्य समय तथा पैसे की बचत करें। कार्यक्रम में डालसा सचिव, पार्थ सारथी घोष, शंभू सिंह स्थायी लोक अदालत के सदस्य, अधिवक्ता बुंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, सहायक प्रकाश कुमार, मनीष कुमार थे।

### बाल शोषण पर होटल संचालक हीरालाल साहू के खिलाफ श्रम अधीक्षक ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**सेन्हा-लोहरदगा।** बाल एवं किशोर श्रमिक प्रतिषेद अधिनियम के तहत सेन्हा थाना क्षेत्र में श्रम अधीक्षक द्वारा सघन छपेमारी अभियान के दौरान रोमित ढाबा में किशोर से बाल मजदूरी कराते हुए पकड़ा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के नौदी सीमावर्ती में संचालित होटल एवं अन्य व्यवसायिक संस्था में श्रम अधीक्षक सह निरीक्षक दिनेश भगत द्वारा टीम के साथ बाल मजदूरी के विरुद्ध सघन छपेमारी अभियान चलाते हुए एक होटल संचालक को नाबालिग से कार्य करवाते हुए पकड़ा गया। बाल शोषण अधिनियम के तहत एक नाबालिग बच्चे से होटल संचालक हीरालाल साहू द्वारा होटल में कार्य कराया जा रहा था। उसी दौरान श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच किया गया और जिसकी पुष्टि होने पर बाल श्रम अधिनियम के तहत सेन्हा थाना कांड संख्या 149/23 दर्ज कर धारा 374,14 आईपीसी के तहत होटल संचालक हीरालाल साहू के विरुद्ध कारवाई प्रारंभ कर दिया गया।

## मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर और मासिक लोक अदालत आयोजित

- 1,86,877 लाभुकों के बीच लगभग एक करोड़ बत्तीस लाख परिसंपत्तियों का हुआ वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा शनिवार को लोहरदगा प्रखंड के सभी सातों ब्लॉक में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 1,86,877 लाभुकों के बीच एक करोड़ बत्तीस लाख नौ हजार एक सौ तैंतालीस रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर हेतु कुल सात टीमों का गठन किया गया था। मुख्य कार्यक्रम नगर भवन स्थित नगर सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान जज, कुटुंब न्यायालय सुभाष, उपायुक्त डॉक्टर बाघमारे प्रसाद कृष्ण पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा एवं राजेश कुमार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा उपस्थित रहे।

## शहर में पानी की समस्या को देख डीसी से नये जलमीनार की मांग करेगा चेंबर

- >> बेतरतीब वाहन चलाने वालों पर लगाम लगाने व शहर के कई प्रमुख सड़कों को बनाने की रखी गई मांग
- >> चेंबर ऑफ कामर्स गुमला की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला की बैठक चेंबर कार्यालय पालकोट रोड में हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने की। बैठक में सभी व्यापारियों को सर्टिफिकेट देने का निर्णय लिया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने कुछ नये प्रस्ताव आये सिपर सर्वसम्मति से विचार कर आगे कार्य करने का निर्णय लिया। प्रस्ताव में गुरुनानक जयंती पर स्टॉल लगाकर स्वागत और कार्यक्रम करने, बाजार टांड़ गुमला में विभिन्न जगहों पर गेट की संख्या बढ़ाने, एस एस हाई स्कूल रोड और चेटर रोड जाने वाली मार्ग पर पक्की सड़क बनवाने, श्रम विभाग के पवन स्टोर पर लगे जुर्माना का विरोध, पानी के कारण हो रही समस्याओं को लेकर पी एच डी विभाग से वार्तालाप करने आदि शामिल है।

## पांच जवानों के शहीद होने पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के पावरगंज चौक में शाम को श्रद्धांजलि सभा कर जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकवादियों से मुठभेड़ में पांच आर्मी जवान के वीरगति प्राप्त होने पर किया गया। मौके पर लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये। फोटो के सामने मोमबत्ती जला उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम किस्को प्रखंड के जिप सदस्य सह अध्यक्ष निर्माण एवं विकास समिति जिप लोहरदगा संदीप कुमार ने किया था।

संदीप कुमार ने कहा कि देश कि रक्षा के लिए इन्होंने जान की बाजी लगा दी। हम सबको इनकी शहादत पर गर्व है। साथ ही इनके परिजनों के प्रति संवेदना भी है। मौके पर बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार, सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, गौरक्षा प्रमुख चंदन गोपी, नगर संयोजक राजकुमार थे।

### लापरवाह पदाधिकारी पर हो कारवाई : हंदू भगत

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ में टेंपो-बस की भिड़ंत में तीन लोगों की जान चली गयी थी। बस गुमला नगर पालिका की है। सवाल उठता है कि नगरपालिका के अंदर चलने वाली बस बिना परमिट बिना कागजात किसके निर्देश पर कुरूमगढ़ रूट में चलने का परमिशन दिया गया है। उक्त मामले पर कांग्रेस के जिला सचिव हंदू भगत ने मृत दोनो जलसहिया के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। साथ ही सभी घायलों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाये।

## बच्चों को प्रतिभा निखारने का मौका देता है डीएवी : रमाकांत

- संविधान दिवस पर डीएवी स्कूल में इंटर हाउस क्विज व निबंध प्रतियोगिता सह मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में संविधान दिवस के अवसर पर इंटर हाउस क्विज व निबंध प्रतियोगिता सह मॉडल प्रदर्शनी लगायी गयी। मौके पर विद्यालय के चारों हाउस की सभी टीमों ने क्विज प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी निभायी। बताते चलें कि बच्चों के बीच प्रतियोगिता की भावना को विकसित करने और समसामयिक विषयों के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने की दृष्टि से प्रतियोगिता करायी गयी। इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता में क्विज मास्टर की भूमिका रामबली गुप्ता ने निभायी। प्रतियोगिता में हंसराज हाउस के अचिंत्य झा, मिनीषा काकुल, सौम्या सुरभि और वीणा उरांव की टीम विजयी रही।

## अपनी सभ्यता-संस्कृति बचाने के लिए मातृभाषा का संरक्षण जरूरी : कमांडेंट

- उर्दू विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की बहाली बहुत जरूरी है : कुमुदिनी
- अखिल भारतीय मुशायरा कवि सम्मेलन में रात भर बिखरता रहा शायरी का रंग



सम्मेलन में अपनी रचना प्रस्तुत करते कवि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** अपना समाज और अपनी सभ्यता को बचाए रखने के लिए अपनी मातृभाषा को बचाना बहुत जरूरी है। उर्दू भाषा हमारे धर्म, सभ्यता और समाज से जुड़ी हुई भाषा है और इसकी हिफाजत की जिम्मेदारी सबसे पहले हमारे कंधों पर है। उक्त बातें सीआरपीएफ 218 बटालियन के कमांडेंट मो. खालिद खान ने कही। वे पैगाम ए अदब द्वारा आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि कुरआन एक ऐसी किताब है जिसके हर शब्द के अंदर अथाह गहराई है। जिसमें डुबकी लगाने वाले डुबकियां लगाकर मोती निकाल लेते हैं। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष तनवीर खान को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित कांग्रेस की अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश महासचिव कुमुदिनी प्रभावती ने कहा कि यह दुख की बात है कि आज हमारे राज्य में उर्दू शिक्षकों का पद रिक्त है उर्दू के नाम पर स्कूल तो स्थापित है लेकिन ना उन स्कूलों में उर्दू की किताबें हैं और न ही उर्दू के शिक्षक।

**खास बातें :** मुशायरा में बहरीन से आये प्रसिद्ध शायर अनवर कमाल ने अपनी बेहतरीन रचनाएं सुनायी। वहीं यूपी की सना लहरपुरी ने अपनी गजलों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। गया के प्रवीण परिमल ने अपनी हास्य रचनाओं से लोगों को गुदगुदाया। सज्जाद जमाली के तरन्नुम ने लोगों की तालियां बटोरी। आसनसोल से आये परवेज कासमी की शायरी को लोगों ने खूब सराहा।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत परिसंपत्तियों का वितरण, आवेदन जमा

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**कैरो।** गजनी पंचायत स्थित फुटबॉल मैदान में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि भूमि उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अनीस अहमद खान, जिप सदस्य सुखदेव उरांव, मुखिया सुमन उरांव समेत मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भूमि उप समाहर्त्ता ने कहा कि आप सभी को अपने कई कार्यों को लेकर प्रखंड, अंचल व जिला कार्यालय आना जाना पड़ता है। कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको आपके ही क्षेत्र में मिले व समस्याओं का समाधान आपके क्षेत्र में ही समय पर हो इसी उद्देश्य से राज्य सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कर रहा है, आगे उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लेने एवं आवेदन देने की अपील की।

अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने शिक्षा में बढ़ावा के साथ साथ शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा अनेक योजनाओ के बारे में जानकारी दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देते हुए कहा कि युवाओं को वित्तीय मदद उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का संचालन किया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## थाना प्रभारी ने दी सड़क सुरक्षा यातायात नियम से संबंधित जानकारी



जानकारी देते थाना प्रभारी

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने शनिवार को बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर में छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात नियम से संबंधित जानकारी दी। मौके पर रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। हमारा जीवन अमूल्य है, क्षण भर के लापरवाही से आज लोग अपनी जान गंवा दे रहे हैं। कहा कि जब भी पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते है तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहें। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएं, कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधें, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करें, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

## चतरा कॉलेज ने मृतक परिवार को दी आर्थिक सहायता राशि



**चतरा।** चतरा कॉलेज चतरा बीएड संभाग के 21-23 का छात्र स्व संतु कुजुर की मृत्यु हो जाने के बाद कॉलेज परिवार से सहयोग राशि के रूप में 41535 रुपये की मदद उसके मां के हाथों में सौंप कर हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। संतु कुजुर की मां मांगों उरांव ने कहा कि मेरा बेटा ही जीवन का भरोसा विश्वास व सहारा था। मैं अब अनाथ हो गयी फिर भी आप सभी के सहयोग की मैं आभारी हूं। मेरे बेटे ने आप सबसे जो अच्छा से रहा पर मेरे भाग्य में वो नहीं था ये कह कह कर फूट फूटकर रोने लगी। कालेज परिवार की ओर से जो लोग थे सभी की आंखों में आसूं भर गई और सभी रोने लगे। कॉलेज परिवार की तरफ से बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नन्द किशोर सुलभ, डॉ मो मुमताज अंसारी, प्रो शोभा कुजुर, छात्र प्रतिनिधि संदीप कुमार, अमिता कुजुर, अलिशा कुजुर, आशा उरांव, नैना कुमारी, संजय मिंज ने उसके गांव रांची जिला के मांडर प्रखंड अंतर्गत बजरा गांव की माधुरी लकड़ा भी मौजूद थीं। इन लोगों के साथ गांव की ढेर सारे महिला पुरुष मौजूद थे। इन सब लोगों कालेज परिवार का आभार व्यक्त किये एवं भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

## शहरी क्षेत्रों में लगातार चलाएं सफाई अभियानः डीसी

**चतरा।** गोपनीय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नगर परिषद के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के आबादी सर्वे, हाउस होल्ड सर्वे, जो कार्य आपूर्ण एवं लंबित है उसकी समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। हाउस होल्ड सर्वे को लेकर कहा जल्द से जल्द अपने स्तर से हाउस होल्ड सर्वे व आबादी का सर्वे कार्य करा ले। साथ ही कहा नगर परिषद क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जो कार्रवाई पूर्व में की गई थी उसका लगातार मॉनिटरिंग करते रहे अगर किन्ही के द्वारा फिर से अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है तो उसे चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करें। आगे उन्होने कहा जो फुटपाथ पर सब्जी या अन्य सामग्री बेच रहे है उन्हे जल्द से जल्द जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम समीप बन कर तैयार नव निर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराएं। स्वच्छता को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई लगातार कराएं।

## अवैध रूप से संचालित माइंस से एक पोकलेन मशीन व चार हाईवा जप्त



**चन्दवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत थाम पंचायत के पुरनाडीह में शुक्रवार देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार अवैध रूप से संचालित माइंस से एक पोकलेन मशीन व चार हाईवा को जप्त किया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि बद्री पासवान ग्राम भगबिगहा थाना चौपारण जिला हजारीबाग निवासी ने ग्राम पुरनाडीह में अवैध पत्थर खदान से बोल्डर निकासी कर रहे थे। बोल्डर निकासी के दौरान एक पोकलेन तीन हाईवा एक बोल्डर लोड डाईवा को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि हाईवा को थाना लाने के दौरान हाईवा मालिक द्वारा जीपीएस बंद कर देने से सभी हाईवे रास्ते में खड़ा है, सभी को थाना लाया जाएगा।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की आहूत बैठक में ढिबरा एवं ब्लू स्टोन के अवैध खनन एवं परिचालन पर सख्ती से रोक लगाने हेतु खनन टास्क फ़ोर्स, सभी अंचल अधिकारी, सभी वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं सभी थाना, ओपी प्रभारी को कड़ी करवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध उत्खनन को रोकने के लिए साप्ताहिक जांच अभियान चलाएं और खनन टॉस्क फोर्स को जिले के विभिन्न स्थलों पर औचक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला के विभिन्न स्थलों से अवैध ढिबरा लदे वाहन जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई कर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया।

# भाकपा माओवादी संगठन का सबजोनल कमांडर गिरफ्तार, विस्फोटक भी बरामद

### वाहनों में आगजनी व मुठभेड़ में था शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सड़क निर्माण कार्य में लगे वाहनों और मशीन में आगजनी करने वाले भाकपा माओवादी संगठन के सबजोनल कमांडर बबन भोक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो आईईडी, 20 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, फ्लैश हैडर और बैट्री भी बरामद हुए हैं। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापेमारी करते हुए यह कार्रवाई की है।

**कई बड़ी घटना को अंजाम देने में शामिल था बबन भोक्ता :** बबन भोक्ता इस साल अगस्त महीने में पलामू जिले के छतरपुर के महुडर में सड़क निर्माण कार्य में लगे आठ वाहनों और मशीन को आग के हवाले कर दिया था। इसके अलावा वह इस साल जून महीने में बिहार के गया जिले के बीकोपुर जंगल में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में भी शामिल था। बबन भोक्ता के खिलाफ चतरा जिले के सदर, कुंदा हंटरगंज और प्रतापपुर थाना में कुल पांच मामले दर्ज हैं।

**एसपी ने नक्सलियों से मुख्य धारा में जुड़ने की अपील की :** चतरा एसपी ने नक्सलियों से अपील करते हुए कहा है कि वह हिंसा की विचारधारा छोड़कर आत्मसमर्पण करें। उन्होंने नक्सलियों को झारखंड सरकार की नयी आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का लाभ लेकर मुख्य धारा से जुड़ने को कहा। कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा आत्मसमर्पण नीति को और अधिक सुगम बनाया गया है। जिसके तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को 24 घंटे के अंदर ओपन जेल में शिफ्ट किया जा सकेगा।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर विशेष बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते बीडीओ

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय कक्ष में बीडीओ सतीश भगत ने आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ विशेष बैठक की। इस दौरान बीडीओ ने शुक्रवार को पुरहे पंचायत में की गई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मिले आवेदन पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों से निष्पादन से संबंधित जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि भौतिक सत्यापन कर सभी लंबित आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर उसे निष्पादन करने का काम करें। साथ ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के द्वारा कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं होने पर बीईओ विद्यासागर मेहता को कड़ी फटकार लगाते हुए पूछताछ किया। वहीं इश्रमिक मित्रों के उपस्थित नहीं होने पर एवं शनिवार की बैठक में शामिल नहीं होने पर सभी चार ईश्रमिक मित्रों को स्पष्टीकरण नोटिस भेजने की बात कही। श्री भगत ने कहा कि सभी पंचायत क्षेत्र में प्रचार प्रसार बेहतर ढंग से किया जाए। ताकि लाभुक आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित होकर आवास, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि से जुड़े मामले, शिक्षा से जुड़े हुए मामलों का आवेदन दे सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को हर संभव लाभ पहुंचे इसमें सभी को तत्पर रहने की जरूरत है। अगर किसी भी विभाग या कर्मियों के द्वारा जनता के कार्यों को निष्पादन करने में कमी करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई किया जाएगा और खराब परफार्मेंस का रिपोर्ट जिला में भेजा जाएगा। मौके पर रेफरल चिकित्सा पदाधिकारी डा. गोविंद प्रसाद सेठ, बीईओ विद्यासागर मेहता, भ्रमण सील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. दिनेश कुमार यादव, अरविंद श्रीवास्तव, एलयू राजकुमारी सिन्हा, बीटीएम दयानंद पांडेय, बीपीओ प्रभारी अखिलेश कुमार, पंचायत सचिव मुकेश कुमार पांडे, रविंद्र नाथ दुबे, श्रीकांत उपाध्याय, जेई कार्तिक कुमार, अनिल चौधरी, ग्राम रोजगार सेवक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नरेंद्र सिंह, अशोक शर्मा, प्रेम राम, उदय प्रसाद, सभी बीएफटी, ऑपरेटर वसीम अंसारी, सतीश सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को मूर्कमनाय पंचायत स्थित सचिवालय के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ सह सीओ पप्पु रजक के अलावे प्रखंड के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा खाद आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, अबुआ आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे।

## गाजे बाजे के साथ धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय के उत्तरी पंचायत स्थित कनैहरी में प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिंह के यंहा 20 नवम्बर से चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठ्ठे दिन शनिवार शाम गाजे बाजे के साथ धूमाम से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा कनैहरी स्थल से निकलकर ब्लक चौक, श्रीनगर समेत मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न गलियों का भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची।

## कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी अब 151 कन्याओं की करायेगा शादी : विकास

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी अब आगामी छह दिसंबर को 101 नहीं बल्कि 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह करायेगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली के नेतृत्व में कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए संस्था के कर्मी सहित कई अन्य समाजसेवी दिन-रात लगे हुए हैं। जानकारी देते हुए सचिव श्री माली ने बताया कि आगामी छह दिसंबर को टाउन हल के मैदान से सामूहिक रूप से बारात निकाली जाएगी। बारात रंका मोड़ होते हुए गढ़देवी मंदिर पहुंचेगी। उसके बाद मझिआंव मोड़, सोनपुरवा मोहल्ला होते हुए स्टूडेंट क्लब छठ घाट के पास बनाये गये सामूहिक विवाह मंडप में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि बेटियों की डोली उत्सव गार्डेन से निकाली जाएगी। लेकिन सोसाईटी द्वारा आवेदन की जांचोपरांत कुछ आवेदन फर्जी पाए गए। उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया। अब 151 गरीब कन्याओं की शादी करायी जाएगी।

# 73वां गोपाष्टमी पूजा में भाषण एवं दानदाताओं का सम्मान समारोह आयोजित

### जीएस पब्लिक स्कूल की अनीशा प्रथम, ग्रिजली के पुष्कर द्वितीय एवं डीएवी की समृद्धि सिंह तीसरे स्थान पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** श्री कोडरमा गौशाला समिति के द्वारा झुमरीतिलैया शहर के शिव वाटिका प्रांगण में 73वां गोपाष्टमी पूजा के अवसर पर जिला स्तरीय अंतर विद्यालय भाषण प्रतियोगिता, दानदाताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय गौ सेवा एवं गौ संरक्षण का हमारे जीवन में महत्व और उसके प्रति हमारा उत्तरदायित्व था। इस प्रतियोगिता में अजय अग्रवाल, कृति चौरी और नवीन जैन बतौर निर्णायक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात गौशाला समिति के पदाधिकारी, निर्णायक मंडल एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा गऊ माता की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। वहीं कोलकाता से आई गुड़िया मिश्रा के द्वारा शानदार संगीत प्रस्तुति दी गई। इस प्रतियोगिता में ग्रिजली विद्यालय के पुष्कर वाडेकर, मॉडर्न पब्लिक स्कूल से अनन्या शौर्या, डीएवी पब्लिक स्कूल से समृद्धि सिंह, मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी से रौनीत कुमार पांडेय, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर से रितिका सिंह, बीआर इंटरनेशनल स्कूल से आदित्य पांडेय, मेरिडियन अकादमी से प्रिया कुमारी, सेक्रेड हार्ट स्कूल से सृष्टि मिश्रा, शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर से सौरव कुमार, आरप्री मोदी इंटरनेशनल स्कूल से हिमांशु कुमार सिंह, रामेश्वर वैली स्कूल से रिया गुप्ता, जीएस पब्लिक स्कूल से अनीशा कुमारी, विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल से प्रिंस कुमार यादव एवं ग्रिजली पब्लिक स्कूल से कश्वी वैभव शामिल हुए और उपरोक्तविषय पर अपने अपने शानदार भाषण को प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में जीएस पब्लिक स्कूल की अनीशा कुमारी प्रथम, ग्रिजली विद्यालय के पुष्कर वाडेकर द्वितीय एवं पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल की समृद्धि सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वही बचपन स्कूल की काशवी वैभव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रफी देकर सम्मानित किया गया।

# रेलवे निर्माण को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता सकारात्मक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** शनिवार को अनुमंडल कार्यालय कक्ष में एसडीओ सुधीर कुमार दास की अध्यक्षता में इचाक खुर्द में गैरमजरूआ खास जमीन की रैयती मान्यता के लिए आंदोलनरत रैयतो और इरकॉन कंपनी अधिकारियों के साथ एक त्रिपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में दोनों पक्षो की बात सुनने और दस्तावेजों का जांच एसडीओ सुधीर कुमार दास और सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे ने किया। आजादी के पूर्व से दखलकार रैयत अपने जमीन और संरचना की मांग को लेकर पिछले एक वर्ष से आंदोलित है। किसानो की मांग पर डीसी अबु इमरान के निर्देश पर एसी पवन कुमार मंडल के आदेश पर एसडीओ सुधीर कुमार दास तत्कालीन भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो तत्कालीन सीओ छुटेश्वर दास ने 5 अप्रैल 23 को गांव मे एक शिविर लगाकर किसानो के दुख दर्द सुने। एसडीओ श्री दास ने सभी रैयतो को अपने अपने दस्तावेज अंचल मे जमा करने का निर्देश दिया। साथ जाली दस्तावेज होने पर सख्त करवाई की भी चेतावनी दी। किसानो के साथ एक माह के अंदर रैयती मान्यता के लिए दस्तावेज कार्रवाई पुरा करने का आश्वासन दिया गया। इस आश्वासन के बाद रेलवे का बंद कार्य फिर से प्रारंभ कर दिया गया। परंतु डेढ माह बित जाने के बाद भी वाद की कार्रवाई प्रारंभ नही होने पर 22 मई 23 से प्रभावित रैयत धरना पर बैठे है। रेलवे लाइन निर्माण कर रही इरकॉन कंपनी द्वारा स्थल पर बिना सर्वे किये ही जोत कोड और संरचना को नजरअंदाज कर वन विभाग से एनओसी के लिए निवेदन किया गया है। जबकि उक्त भूमि वन सीमा से बाहर है। इस बाबत सिमरिया अंचल द्वारा पत्रांक 184 दिनांक 14-9-23 को वन प्रमंडल दक्षिणी से मांगने पर वन विभाग के पत्रांक 2564 दिनांक 20-10-23 को प्लौट नंबर 558, 233, 976 भाग, 1003 भाग, 510, 556 को वन सीमा से बाहर रहने की जानकारी दी गई है। वन विभाग से जानकारी मिलने के बाद धरना दे रहे किसानो की मांग और इरकॉन कंपनी द्वारा कार्य बाधित की सूचना पर एसडीओ श्री दास ने सिमरिया सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे,राजस्व कर्मचारी अरुण कुमार अमीन रविन्द्र कुमार आदि को स्थल जांच करवाया गया। इसमे 55 रैयत को रेलवे निर्माण ट्रैक पर जोत कोड और दखल पाये। जबकि निर्माण लाइन मे 31 घर,चाहर दिवारी,कुआ और पेड पौधे पाये गये। किसानो के लंबे समय से जोत कोड और घर मकान बने रहने और रेलवे लाइन निर्माण मे उत्पन्न बाधा को देखते हुए शनिवार को एसडीओ कार्यालय मे अधिकारी,रेलवे निर्माण के अधिकारी और रैयतो के साथ एक बैठक हुई। बैठक मे रेलवे निर्माण कंपनी इरकॉन के डीजीएम अभिषेक कुमार, जेडीएम पीके सिंह, डीजीएम श्रीराम, डीएम आरके सिंह ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन के मुआवजा नीति पर अपना सहमति जताते हुए लिखित आश्वासन देने की बात कही। उन्होंने कहां की प्रशासन द्वारा रैयती मान्यता के बाद सभी प्रक्रिया शुरू की जायेगी। वही किसानो ने भी रैयती मान्यता मिलने के बाद मुआवजा भुगतान मे विलंब होने पर भी रेलवे निर्माण कार्य को नही रोक कर सहयोग करने का लिखित आश्वासन देने की बात कही। बैठक मे रैयत शिव कुमार सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, नरेश कुशवाह और गेंदो राणा शामिल हुए।

एक नजर में

## शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कोडरमा प्रखंड के डुमरडीहा पंचायत, जयनगर प्रखंड के करियावां पंचायत और मरकच्चो प्रखंड के मुर्कमनाय पंचायत में किया गया। सभी प्रखंडों के पंचायत भवन में शिविर लगाया गया। कोडरमा प्रखंड के डुमरडीहा पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ एसी अनिल तिर्की द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एसी व बीडीओ ने राज्य सरकार की योजनाओं एवं अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम में साईकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, राशन कार्ड समेत योजनाओं का लाभ दिया गया। साथ ही लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

## सड़क हादसों में मदद करने वालों को मिलेगा दो हजार सम्मान राशि : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अयक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, हिट एंड रन मामले समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाकिारी को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समिति, नगर निकाय और थाना से संयुक्त टीम बनाकर बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों का नियमित सघन जांच करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रेशर हॉर्न पर नियमित कार्रवाई करें। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की ससमय ईलाज हेतु सदर अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर विकसित करने कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिए। साथ ही जवाहर घाटी से लेकर मेघातरी तक एंबुलेंस से 1033/108 का साइन बोर्ड जगह-जगह लगाने की बात कही। हिट एंड रन से संबंाित मामले का निस्तारण करते हुए राशि भुगतान करें। ब्लैक स्पॉट से संबंाित कार्यों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## अवैध सादा पत्थर लदा शक्तिमान जप्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच के नेतृत्व में बगरूजोत पी.एफ. से अवैध सादा पत्थर लदा शक्तिमान ट्रक को वन गश्ती दल ने जप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की अहले सुबह लगभग 5 बजे वनकर्मियों को गुप्त सूचना मिली थी की बगरूजोत पी.एफ.में अवैध रूप से सादा पत्थर का उत्खनन कर अवैध परिवहन किया जा रहा है। जिसके आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उक्त स्थल पर वनकर्मी पंहुचे तो पाया कि सामने से एक गाड़ी आ रही है। वन गश्ती दल को आते देख अभियुक्त तथा ड्राईवर गाड़ी को बन्द कर जंगल का लाभ उठाते हुए गाड़ी खड़ा कर भागने लगे। भागने के क्रम में वनरक्षी द्वारा अभियुक्तों की पहचान की गयी एवं अभियुक्तों को गिरफ्तारी हेतु पीछा किया गया, परन्तु जंगल झाड़ी का लाभ उठाकर अभियुक्त भागने में सफल रहे। वहीं घटना स्थल से सादा पत्थर लदा एक शक्तिमान को जप्त किया गया। वहीं ट्रक में लगभग 5 टन सादा पत्थर लदा हुआ पाया गया। मौके पर गस्ती दल में प्रभारी वनपाल अनिल कुमार, वनरक्षी संतोष कुमार, अभिमन्यु कुमार आदि शामिल थे। वहीं मामले में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें सिंटू मेहता पिता ललित मेहता मसनोडीह निवासी व कारू मेहता पिता स्व. परमेश्वर मेहता बेहराडीह निवासी शामिल हैं।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में विविध प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसके तहत क्लास टू भाषण में कुंज कुमार दास और सुशांत कुमार सिंह को प्रथम, दिव्यांग श्रेष्ठ को द्वितीय और तनिष्का कुमारी को तृतीय स्थान मिला। जबकि क्लास थ्री में अदारिजा विश्वास को प्रथम, उजमा कौशर और उम्मे शिदरा को द्वितीय, विराट कुमार और हर्षवर्धन कुमार को तृतीय स्थान मिला। जबकि चार्ट पेपर वर्क में क्लास टू में दिव्यांक श्रेष्ठ को प्रथम, सुशांत कुमार सिंह को द्वितीय और उदिशा कुमारी को तृतीय स्थान मिला।

## गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास योजनाओं का लाभ, इसलिए गांव आई है आपकी सरकार: वैद्यनाथ राम

# हेमंत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सेरक में लगा विकास शिविर, विधायक ने की शिरकत

## सैकड़ो लाभुकों के बीच किया स्वीकृति पत्र, चेक, कंबल व धोती-साड़ी का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** हेमंत सरकार द्वार चलाये जा रहे जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को चंदवा प्रखंड के सेरक पंचायत सचिवालय में विकास शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, एलआरडीसी उदय कुमार, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा अन्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत विधायक वैद्यनाथ राम, झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव व अतिथियों ने सावित्री भाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, साइकल वितरण योजना, पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र व चेक भी प्रदान किया, साथ ही पंचायत के दर्जनों गरीब, असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल, धोती-साड़ी का वितरण किया।

### योजनाओं के लाभ को लेकर शिविर में लगे स्टॉलों में आवेदन करने को उमड़े ग्रामीण


योजना वितरण करे विधायक वैद्यनाथ राम व अन्य।

### विधायक ने लगाये गए स्टॉलों का किया निरीक्षण

वहीं शिविर में प्रशासन के द्वारा प्रमाण पत्र, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई अन्य विभागों के द्वारा स्टाल लगाए गए थे। जिसका निरीक्षण विधायक वैद्यनाथ राम व लाल मोती नाथ शाहदेव ने किया। वहीं स्टाल के माध्यम से लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली व लाभ को लेकर आवेदन भी दिया। शिविर में अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन करने को लेकर लोगो की भारी भींड दिखी। शिविर का संचालन बीडीओ विजय कुमार ने किया। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया अनिता भगत, वरीय नेता सुदामा प्रसाद, युवा नेता अंकित पांडेय, मो. सरफराज, मो. इजहार, डब्लू प्रजापति, बीपीओ रतन शाहदेव, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, सीआई ऋषिदेव कमल, पंचायती राज पदाधिकारी रितेश कुमार, कर्मचारी, संख्यायिकी पदाधिकारी शिशिर बारला, रोहित मेहता समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों मौजूद थे।

#### एलआरडीसी व बीडीओ, सीओ ने दी संचालित विकास योजनाओं की जानकारी

वहीं एलआरडीसी उदय कुमार, बीडीओ विजय कुमार व सीओ जयशंकर पाठक ने आमजनों के बीच संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की व योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की।

### विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के चहुंमुखी विकास को लेकर संकल्पित है

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के चहुंमुखी विकास को लेकर संकल्पित है, सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसको लेकर हेमंत सरकार आपके द्वार आयी है। आप सभी अपनी समस्याओं को सरकार और प्रशासन के पास रखें, हमारा प्रयास होगा की समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाए।

### समस्याओं के निराकरण में अहम साबित हो रही है सरकार आपके द्वार कार्यक्रम : लाल मोती नाथ शाहदेव

वहीं शिविर को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम काफी अहम कड़ी साबित हो रही है। हेमंत सरकार के सार्थक प्रयास से गांव के जनता को अब समस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है, प्रशासन गांव पहुंचकर गांव में ही ग्रामीणों की समस्या को सुन रही है व समाधान भी निकल रहा है।

## स्पीड न्यूज

### रक्तदान कर महिला की बचायी जान


रक्तदान करते संयज प्रसाद।

**लातेहार।** शहर के थाना चौक में राज साउंड के संयज प्रसाद ने सदर अस्पताल में भर्ती एक 70 वर्षीय तेतरी देवी के लिए रक्तदान कर उसकी जीवन की रक्षा की। जानकारी के अनुसार तेतरी देवी एनीमिया के कारण सदर अस्पताल लातेहार में भरती थी। चिकित्सकों ने उसे बी पॉजिटिव रक्त की नितांत आवश्यकता बतायी थी। लेकिन ब्लड बैंक, लातेहार में इस समूह का रक्त उपलब्ध नहीं था। इसके बाद सोशल मीडिया में कुछ लोगों ने तेतरी देवी के लिए रक्तदान करने की अपील की। जब इसकी जानकारी संजय कुमार को हुई तो वे स्वयं ब्लड बैंक पहुंचे और उसके लिए एक यूनिट रक्तदान किया। संजय प्रसाद ने कहा कि वे नियमित अंतराल में रक्तदान करते हैं। रक्तदान करना उन्हें अच्छा लगता है। उन्होने दूसरों से भी रक्तदान करने की अपील की। तेतरी देवी के परिजनों ने संजय प्रसाद के प्रति आभार प्रकट किया।

### विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में हुई बैठक



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की बैठक संयोजक पवन कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के विभाग सह मंत्री महेन्द्र नाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर का 22 जनवरी 2024 को उद्घाटन किया जायेगा। जिसके लेकर पुरे भारत वर्ष के मंदिरों में 22 जनवरी को विशेष पूजा अर्चना किया जाएगा। साथ ही बताया कि अयोध्या से पूजित अक्षत को हर सनातन धर्म के घर घर तक पहुंचाना है। जिससे हर कोई को पता चले कि अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर का उद्घाटन होना है। अक्षत वितरण के लिए हर प्रखंड मुख्यालय व पंचायत, गांव में कमिटी का गठन किया जाएगा। कमिटी के माध्यम से पूजित अक्षत घर घर तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर,राम प्रसाद सिंह सेवा विभाग प्रांत टोली सदस्य, रविन्द्र कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, विजय पांडेय, रामजीवन प्रसाद, मदन प्रसाद, अरविन्द प्रसाद, चन्दन प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद सहित काफी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में 25 नवम्बर से हेरहंज प्रीमियम लिग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन थाना प्रभारी नीतीश कुमार यादव व अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। साथ ही आयोजन कमिटी के द्वारा मंच में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी। आज के उद्घाटन में मनिका बनाम मोहगावा के बीच खेला गया। पहले महगाव की टीम पिच में उतरी। महगाव की टीम के द्वारा 103 रन बनाया गया। जवाब में 4 विकेट शेष रहते हुए मनिका की टीम जीत हासिल किया। यह मैच 12-12 ओवर का खेला जा रहा है। जिसमे छोटू कुमार मनिका टीम को 60 रन के पारी के लिये मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजनकर्ता में मुख्य रूप से अध्यक्ष जितेश यादव, सचिव जितेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित कई खेल प्रेमी शामिल हैं। मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार यादव, जिला परिषद सदस्या चंचला देवी, उप प्रमुख विजय उराँव, मुखिया प्रीति कुजूर, उपमुखिया राजबली यादव रंजीत जायसवाल, संतोष यादव,रूपेंद्र जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिष जायसवाल, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, देवनन्दन प्रसाद साहू दर्जनों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## राजद की नीति और सिद्धांतो को जिला स्तर पर उतारने का कार्य करेंगे युवा: दिलेश्वर कुमार यादव

## चतरा लोकसभा चुनाव पर युवा राजद की रहेगी विशेष भूमिका: सुभाष

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी है। वहीं राजद कार्यकर्ता जी-जान से पार्टी को मजबूत बनाने में जुट गए है। उधर भाजपा के कद्दावर नेता सह मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह के राजद में आने के बाद पार्टी जमीनी स्तर पर काफी मजबूत दिखाई दे रही है। इधर राष्ट्रीय जनता दल के युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव ने जिला कमेटी एवं प्रखंड अध्यक्ष का विस्तार किया है साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्षों को संगठन को धारदार बनाने की जिम्मेवारी भी दी है। जिसमे जिलास्तरीय सूर्य देव कुमार गुप्ता जिला सचिव, जेपीएस कुमार जिला उपसचिव, संजीत कुमार यादव जिला सचिव, विनोद सिंह जिला उपाध्यक्ष, पप्पू यादव जिला उपसचिव, फैजल अंसारी जिला वरीय उपाध्यक्ष, दयाल यादव जिला उपाध्यक्ष, बालेश्वर सिंह जिला उपाध्यक्ष, विवेक यादव जिला सचिव,


जानकारी देते दिलेश्वर यादव।

नसरुद्दीन मियां जिला प्रवक्ता, लव प्रकाश यादव सोशल मीडिया प्रभारी, मनदीप कुमार पासवान जिला कोषाध्यक्ष, पीतांबर यादव जिला प्रवक्ता, आलोक कुमार यादव जिला सदस्य, विकास कुमार सलाहकार समिति सदस्य, जगन्नाथ सिंह कार्यकारिणी जिला सदस्य एवं प्रखंड स्तरीय हेरहंज प्रखंड प्रभारी वकैश मियां लातेहार विधानसभा प्रभारी, उपेंद्र भुईया लातेहार प्रखंड अध्यक्ष, हीरा यादव नगर पंचायत अध्यक्ष, विनय कुमार चंदवा प्रखंड अध्यक्ष, अल्ताफ अंसारी बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष, महेंद्र कुमार यादव हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष, अर्जुन उराव बरियातू प्रखंड अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह चेरो मनिका विधानसभा प्रभारी, रुपेश कुमार यादव मनिका प्रखंड अध्यक्ष, मोहित कुमार बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष, सुरेश राम गारू प्रखंड अध्यक्ष, बाबू खान उर्फ साबिर खान सरयू प्रखंड अध्यक्ष, शंकर यादव महुआडाड़ प्रखंड अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव ने बताया कि जिला में पार्टी और संगठन में मजबूती लाने के उद्देश्य से जिला कमेटी एवं प्रखंड अध्यक्ष का विस्तार करते हुए युवाओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गयी है। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी पद पर रहकर राष्ट्रीय जनता दल के निति और निर्देश को जिले स्तर पर उतारने का कार्य करेंगे।

### कुजूरूम के लोग अब गांव खाली नहीं करेंगे: लालू उरांव


जानकारी देते लालू उरांव।

**(पारस यादव ) गारू।** पलामू व्याघ्र परियोजना व वन विभाग के रवैये से परेसान होकर कुजूरूम गांव के लोगों ने बिते शुक्रवार को गांव खाली करने से साफ मना कर दिया। उक्त आशय की जानकारी कुजूरूम गांव के ग्राम प्रधान लालू उरांव ने दी। लालू उरांव ने कहा कि कल वन विभाग के लोग कुजूरूम गाँव के लोगों को लाई और पाइलापत्थर जो पुनर्वास स्थल के लिए चिन्हित कर ले गए थे। जहां जीपीएस मशीन से स्थल की मापी की गई। मापी की गई जमीन का कुल क्षेत्रफल राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकार के निदेर्शानुसार पुनर्वास पैकेज के ऑप्शन दो के तहत तय मापदंडों के आधार पर जमीन को पूरा नहीं करता है। लालू उरांव का कहना हैं कि जयगीर गांव को बसाने के लिए कुजूरूम गांव के लोगों का हक छीन रही वन विभाग कुजरूम गाँव के 120 परिवारों में से 70 परिवार ने दूसरे विकल्प को चुना है। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकार के निदेर्शानुसार पुनर्वास के दूसरे विकल्प में यह कहा गया कि, समुचित 10 लाख की राशि लोगों को ना देकर, वन विभाग उनके पुनर्वास से सम्बंधित कार्य करेगी। इस कार्य के तहत, वन विभाग लोगों को पांच एकड़ जमीन दिलाएगी, खतियानी हक दिलाएगी, उनके लिए मकान बनवाएगी, और सामूहिक सुविधाएं जैसे की सड़क, पेयजल, शौचालय, मोबाइल, बिजली इत्यादि उपलब्ध कराएगी। कुजरोम गांव के निवासियों के लिए दूसरा विकल्प चुनने का मुख्य कारण, अथवा उनके पुनर्वास हेतु सहमति का मुख्य कारण, स्पष्ट तौर पे उनको दी जाने वाली 5 एकड़ जमीन थी। कुजूरूम गाँव के ग्रामप्रधान लालू उरांव ने बताया कि इस पुनर्वास योजना के धरातल पर उतरने से पहले ही, पलामू व्याघ्र परियोजना से संबंधित वन विभाग एवं जिला प्रशासन ने उच्चतम न्यायालय के 28 जनवरी 2019 (डब्लूपी सिविल) 202/1995, आईए नंबर 3934/2015) के फैसले का हवाला देकर लाटू और कुजरोम के ग्रामीणों को 5 एकड़ जमीन देने से मना कर रही है। इसी कारण ग्रामीणों ने गांव खाली करने से इनकार कर दिया।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**हेरहंज।** सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर सरकार के द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हेरहंज प्रखण्ड क्षेत्र के सेरनदाग पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ प्रदीप कुमार दास व जिप सदस्या चंचला देवी ने दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना का लाभ वैसे लोग ले सकते हैं जिन्हें अबतक किसी प्रकार का आवास का लाभ नही मिला है।

## झामुमो जिलाध्यक्ष व डीसी हिमांशु मोहन का सहायक अध्यापकों ने जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव के सार्थक प्रयास से लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन के पहल जिले के 30 सहायक अध्यापक (पारा शिक्षकों) में 8 माह से रुके मानदेय भुगतान का रास्ता प्रशस्त होने के बाद सहायक अध्यापकों ने आभार जताया है। चंदवा प्रखण्ड अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष बेलाल अहमद ने बताया कि लातेहार जिले के 30 पारा शिक्षकों को अंडर एज के नाम पर विगत आठ महीनों से मानदेय कार्यवाई के नाम पर रोक लगा दी गई थी, जिस कारण पारा शिक्षक परेशान थे। विद्यालय से लेकर जिला तक जांच पड़ताल चल रही थी, उस दौरान उन सभी शिक्षकों द्वारा विद्यालय में कार्य करते रहे, इसी बीच शोषित पारा शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल चंदवा प्रखण्ड अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष बेलाल अहमद की अगुवाई में झामुमो जिला अध्यक्ष सह चतरा लोकसभा क्षेत्र से


आभार जताते लोग।

भावी प्रत्याशी लाल मोतीनाथ शाहदेव से मिल कर अपनी सारी समस्याओं से अवगत कराया। जिसके तुरंत बाद उनके द्वारा आश्वाशन दिया गया और भरोसा दिलाया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में किसी भी पारा शिक्षकों को बिना कोई वजह परेशान नही होने दिया जाएगा। लाल मोती नाथ शाहदेव ने उपायुक्त लातेहार से मुलाकात कर पारा शिक्षकों की समस्याओं से रु ब रु कराया गया। जिसके बाद गंभीरता दिखाते हुये उपायुक्त द्वारा संज्ञान लिया गया व आठ माह से रुके मानदेय को दीपावाली पूर्व भुगतान करने का आदेश दिया गया, जो दीपावाली पर्व के सभी पारा शिक्षकों को भुगतान होने पर सभी के घरों में दोहरी दीपावाली की खुशी मनाई गई। गुरुवार को पारा शिक्षकों के द्वारा लातेहार परिसदन में उपायुक्त हिमांशु मोहन एवं झमुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव को संयुक्त रूप से बुकें एवं शॉल से सम्मानित करते हुये आभार व्यक्त किया गया एवं शिक्षा विभाग के भी सभी अधिकारियों के प्रति आभार जताया गया। मौके पर बेलाल अहमद, सत्यवान कुमार, आमोद कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, गणेश यादव, संजीत कुमार, दिलीप कुमार, राजू महतो, पंकज गंझू, बुधराम गंझू, रीता कुमारी, सुनैना कुमारी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की नई कमेटी का हुआ गठन



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के आकलन सफल और प्रशिक्षित सहायक अध्यापको द्वारा उत्कर्मित प्राथमिक विद्यालय गढ़वाटांड़ के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन मोहम्मद शकील खान एवं अध्यक्षता महबूब आलम ने किया। बैठक में पुरानी कमेटी द्वारा सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन एवं अन्य खर्चो का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। जिसके उपरांत पुरानी कमेटी को भंग करते हुए निष्पक्ष एवं

#### शकील खान बने अध्यक्ष और संजीव बने सचिव

पारदर्शिता पूर्ण तरीके से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान, सचिव संजीव कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, संयोजक विजय यादव, उपाध्यक्ष सुषमा मिंज व आलोक कुमार, उप सचिव मोहम्मद नौशाद अंसारी, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, उप कोषाध्यक्ष दिलेश कुमार यादव, मीडिया प्रभारी अजीत कुमार सिन्हा उर्फ गुड्डू के साथ साथ प्रवक्ता दिलीप तिवारी का चयन शांतिपूर्ण तरीके से चयन किया गया। बैठक में उपस्थित सहायक अध्यापकों द्वारा सरकार के उदासीन रवैया के प्रति आक्रोश प्रकट किया गया एवं सरकार को मीडिया के माध्यम से यह भी कहा गया कि अगर वह सहायक अध्यापकों की मूल मांग वेतनमान नहीं दी जाती है तो वह मजबूरन 29 दिसंबर को राज्य सरकार स्थापना दिवस के दिन आंदोलन करने पर विवश है।

## एक नजर में

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन


कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**लातेहार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड न. 01 और 02 का करकट में किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों को लाभ देना है। जहां सरकारी योजनाओं सहित कई विभागों का स्टॉल लगाया गया है। आप सभी ग्रामीण अपना आवेदन जमा कर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं उक्त बातें विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने अपने सम्बोधन में कहीं। मौके पर कार्यक्रम के नगर पंचायत के नोडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, डीआरडए डायरेक्ट प्रभात रंजन, प्रशासक राजीव रंजन, निवर्तमान अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, उपाध्यक्ष नवीन कु. सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि विवेक चंद्रवंशी, विशाल कुमार, वीरेंद्र पाठक, चन्दन कुमार समेत हजारो लोग कार्यक्रम में मौजूद थे।

### केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन जिला कमिटी का बैठक संपन्न, जिला कार्यकारणी का किया गया गठन



**लातेहार।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसियेशन जिला कमिटी लातेहार की बैठक माको डाक बंगला लातेहार में जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता के अध्यक्षता में हुई। जिला सचिव विजय कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता न्यू आंनद फार्मा बालूमाथ, सचिव विजय कुमार न्यू जी एस फार्मा चंदवा, कोषाध्यक्ष उमा शंकर चैतन्य शिवम दवाखाना चंदवा, उपाध्यक्ष संतोष चंद्र गोस्वामी प्रभावती मेडिकल मनिका, संगठन सचिव संजीव कुमार नंदनी मेडिकल बरियातु बरियातु, सह सचिव चंद्रकांत जयसवाल हेरहंज, पीआरओ राजेंद्र प्रसाद महुआडांड़, मीडिया प्रभारी अर्जुन विश्वकर्मा, अमित कुमार, बैद्यनाथ प्रसाद बरवाडीह, अजय कुमार यादव बरवाडीह, रमेश प्रसाद गुप्ता निशा मेडिकल लातेहार, दिलीप कुमार राम मेडिकल, संजय प्रसाद गुप्ता, आनंद कुमार, मो. गौस हक मेडिकल बालूमाथ, बिरेंद्र यादव दीपक मेडिकल मकईयाटार बालूमाथ, उमेश साव मुरपा बालूमाथ, दिनेश प्रसाद आरती मेडिकल गारू के नाम शामिल है। वहीं बैठक में जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता ने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य है कि अपने दवा के प्रतिष्ठान के माध्यम से लोगों को दिन रात सेवा देना। साथ ही साथ जिले के सभी दवा दूकानदारों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर साथ रहना।

### राजदीप ने कथावाचक देवकीनंदन जी को प्राचीन मंदिर की तस्वीर भेंट कर बरवाडीह आने का दिया निमंत्रण

देश दुनिया में विख्यात है बरवाडीह का प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर


देवकीनंदन जी को निमंत्रण देते राजदीप रिकी।

**बरवाडीह।** पलामू की धरती पर पधारे देश के प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज से बरवाडीह के युवा समाजसेवी राजदीप उर्फ रिकी और कांग्रेस नेता राहुल गुप्ता ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के रूप में देश और विदेश में विख्यात बरवाडीह के प्रसिद्ध व प्राचीन पहाड़ी हनुमान मंदिर और दुजार्गीन मंदिर का फोटो प्रारूप भेंटकर बरवाडीह आने का सहृदय निमंत्रण दिया। राजदीप रिकी ने बताया कि मैं चाहता हूं कि श्री देवकीनंदन जी महाराज हमारे बरवाडीह के इस प्राचीन मंदिर की तस्वीर को अपने यहां दरबार में लगाए ताकि उनके दरबार में भागवत कथा सुनने पहुंचने वाले श्रद्धालु इस तस्वीर के माध्यम से इसकी सौंदर्यता का अवलोकन कर सकें और जान सकें कि झारखंड के लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड में स्थित प्राचीन पहाड़ी मंदिर की भी दुनिया में एक अलग पहचान हैं। बता दें कि बरवाडीह का प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर भक्तों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इस मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि यहां भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। सावन, महाशिवरात्रि, रामनवमी समेत अन्य सभी त्योहारों में और नए वर्ष पर भी यहां दूर दराज के पर्यटक की भिड़ उमड़ती हैं।

## भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर हाईवा ओनर एसोसिएशन ने किया चक्का जाम

लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि स्थानीय को हर क्षेत्र में 75% प्राथमिकता दी जाये, छलावा होने पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी

खबर मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ।** लातेहार हाईवा ऑनर एशोशिएसन ने शनिवार को बालूमाथ हाई स्कूल के समीप तुबैद से कुसमाही चलने वाले सभी हाईवा को रोककर चक्का जाम कर दिया। और अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए। चक्का जाम की सूचना पाकर लातेहार विधायक बैजनाथ राम, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव लातेहार एसडीओ मोहम्मद परवेज बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजूर, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो एवं मां अंबे कंपनी के लाइनर बलराम पांडे, कर्मी धनंजय सिंह समेत कई लोग पहुंचे


विधायक हाईवे ऑनर के साथ बैठक करते हुए।

व वार्ता किया। बैठक में हाईवा ओनर एसोसिएशन ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि तुवेद से कुशमाही तक चलने वाला हाईवा में लोकल लोगो को परिवहन नहीं करा कर कंपनी बाहर के हाईवा से अपना काम कर रही है। और जो भाड़ा निर्धारण किया गया है उसे हाईवा ऑनर का किश्ती तक नहीं निकल पा रहा है। इसलिए स्थानीय हाईवा को प्राथमिकता देते हुए भाड़ा वृद्धि किया जाए जिस पर कंपनी के बलराम पांडे ने कहा कि कंपनी द्वारा निर्धारित की गई है वह भाड़ा से अधिक हम लोग भुगतान नहीं कर पाएंगे। बाद में झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने दूरभाष पर कंपनी के जीएम सुमित चटर्जी एवं अन्य पदाधिकारी से वार्ता कर बात की। कंपनी के पदाधिकारी के आश्वासन के बाद यह तय किया गया कि आगामी 4 दिसंबर को पुनः एक बार बैठक रखी जाएगी और उसी दिन स्थानीय हाईवा को प्राथमिकता एवं भाड़ा वृद्धि समेत सभी बिंदुओं पर वार्ता होगी। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि झारखंड सरकार का यह सोच है कि स्थानीय को हर क्षेत्र में 75% प्राथमिकता दी जाए वही कंपनी द्वारा यहां के लोगों के साथ छलावा कर रही है। ऐसा किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि अगर अगले वार्ता में सकारात्मक निर्णय नहीं निकलता है तो हाईवा ऑनर के आंदोलन में मैं स्वयं साथ रहूंगा। एवं चरणबद्ध आंदोलन करूंगा। इस मौके पर एशोशिएसन सचिव मो. शाहनवाज, देवपाल कुमार, ललन सिंह, गोपाल सिंह, मो. दानिश, मो. मुजम्मिल हुसैन, राकेश कुमार साहू, चंद्रदीप साहू, प्रकाश सिन्हा, अंकित पांडे, विकास यादव, दिनेश कुमार, हरदयाल यादव समेत कई लोग उपस्थित थे ।

## वार्षिक खेलकूद का आयोजन

# स्पोर्ट से शिक्षा के साथ बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास: जुगनू



खेल का आयोजन करते छात्र, सलामी देते अतिथि एवं विजेता छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संत जेवियर कॉलेज स्कूल, महारो में शनिवार को पांचवी वार्षिक खेलकूद का आयोजन हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि उप परिवहन आयुक्त सह सचिव आरटीए जुगनू मिंज उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी, जामा उत्तम कुमार पासवान उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जुगनू मिंज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में स्पोर्ट का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आज के दौर में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहना आवश्यक है। स्पोर्ट एक ऐसा माध्यम है। जिसमें शिक्षा के साथ ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस कड़ी में संत जेवियर ग्रुप के विद्यालयों का योगदान बहुत अहम है। स्थानीय स्तर पर संत जेवियर कॉलेज, महारो स्थानीय संथाल समाज एवं समाज के सभी वर्गों के बच्चों के शिक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत है। विद्यालय का कार्य प्रशंसनीय है। वार्षिक खेल के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के चार ग्रुपों में से लोयला का पहला स्थान ब्रिटो, दूसरा कोस्टका एवं तीसरा स्थान कैंपियन का रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के सचिव फादर वरगीस, संत जेवियर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ स्टीफन राज, इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ स्टेनी राज, वाइस प्रिंसिपल जोसेफ सोरेन, कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल जिशु राज, संत जेवियर कोलिजिएट स्कूल के प्रिंसिपल फादर हिलेरी डी सूजा समेत ब्रदर और सिस्टर मौजूद थे।

# केंदुआ में 1515 आवेदन हुए प्राप्त

## अबुआ आवास योजना: सबसे ज्यादा आवेदन 928 अबुआ आवास योजना

### ऑपरेटर रहे मुस्तैद

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर प्रखंड में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ हुई। प्रखंड के सुरजुडीह पंचायत भवन परिसर में मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के 16 स्टॉल लगाया गया। आबूआ आवास योजना के लिए अलग से पंडाल की बनाई गई थी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरैयाहाट।** केन्दुआ गांव स्थित कन्या मध्य विद्यालय परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी माहेश्वरी प्रसाद यादव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए सभी विभागों का अलग अलग काउंटर लगाया गया था। सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास के काउंटर पर देखा जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की अबुआ आवास के आवेदन के बाद चार सदस्यी टीम जिसमें पंचायत के मुखिया, समिति सदस्य, सचिव और एक प्रखंड के पर्यवेक्षक शामिल रहेंगे वे सत्यता की जाँच करेंगे जिसके बाद प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु आईएएस प्रांजल ढंडा पहुंचे सभी काउंटर का निरीक्षण किया। साथ ही छात्रों के बीच निशुल्क साईकिल वितरण योजना सहित कई योजना के परिसम्पतियों का वितरण किया। जिसमें धोती साड़ी, कंबल, साईकिल व महिला समूहों को ऋण शामिल है। इस दौरान प्रमुख ललिता मरांडी, बीडीओ महेश्वरी प्रसाद यादव, बीपीओ कन्हैया झा, गौरव कुमार, मुखिया शामिल थे। शिविर में सर्वाधिक आबुवा आवास योजना के लिए 928 आवेदन, मनरेगा से संबंधित 27, पशुपालन से 28, आयुष्मान कार्ड 25, स्वास्थ्य विभाग ओपीडी 181, सोना सोबरण धोती साड़ी योजना 216, पेयजल एवं स्वच्छता 10, सर्वजन पेंशन योजना 41, ई श्रम 12, बाल विकास 37, जाति निवासी 02, जेएसएलपीएस से 08 आवेदन प्राप्त हुआ।

### कार्यक्रम का शिविर लगा

**सरैयाहाट।** केन्दुआ गांव स्थित कन्या मध्य विद्यालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगा गया। इसी बीच गांव में स्थित बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय के कक्षा में ताला लटक रहा था। हलांकि विद्यालय का कार्यालय खुला हुआ था। जहां विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक व शिक्षिका गप्पे लड़ा रहे थे। विद्यालय में छुट्टी का एक बहाना होना चाहिए, तब देखिए विद्यालय में पहले ताला लटक जाता है। पूछे जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक भोला मंडल ने कहा कि गांव में मेला लगा है। इसलिए बच्चों को छुट्टी दे दी गयी है। ज्ञात हो की प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था का ये कोई नया मामला नहीं है। प्रखंड के कई विद्यालयों में इस तरह की वाक्या सालों भर देखने को मिलती है।



सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में योजनाओं का लाभ देते विधायक नलीन सोरेन, बसंत सोरेन, सीता सोरेन, प्रमुख मर्सीलता मरांडी एवं बीडीओ माहेश्वरी प्रसाद यादव।

### एक करोड़ से अधिक परिसंपत्तियों का किया वितरण

**जामा।** जामा प्रखंड क्षेत्र के सिमरा मध्य विद्यालय मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक सीता सोरेन ने शिरकत कर एक करोड़ रुपये के परिसंपत्तियों का वितरण की।

### जनता को मिल रहा है सीधा लाभ : सीता सोरेन

**नोनीहाट।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के भतूडीया-ए पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन चीनाडंगाल फुटबॉल मैदान में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सीता सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान विधायक श्रीमति सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की सोंच के अनुरूप कार्य कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जो चलाया गया है। जिससे हजारों हजार राज्य के गरीब लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभी तरह का काम किया जाता है। कई योजना का जानकारी नहीं होता है।

### सरकार की सोंच हर गरीब को मिले अबुआ आवास योजना का लाभ: बसंत

**मसलिया।** स्थानीय विधायक विधायक बसंत सोरेन ने मसलिया के बड़ा डुमरिया पंचायत के जावाबांक मैदान में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि अक्सर समाचार पत्रों से भ्रमण करते समय आप सबों की शिकायत मिलती रहती थी कि घर गिर गया है, अब नया घर कैसे बनाएंगे। सरकार की सोच ने इस समस्या का पूर्णतः समाधान के लिए हर गरीबो के लिए आबुवा आवास योजना प्रारंभ कराई।

# गोड्डा के शांति नगर में अशांति क्यों ?

## लोहिया नगर और शांति नगर दोनो मुहल्ले की महिलाए आमने सामने



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** दो दिनों से लोहिया नगर गरम है और शांति नगर में अशांति का माहौल गरम है। वजह है एक नाला जिसे बीच में ही बंद कर दिया गया है और जल निकासी की व्यवस्था को बाधित कर दिया गया है। पुरुष बेबस है दोनो मुहल्ले की महिलाओं ने मोर्चा सम्हाल रखा है। पूर्व में ये नाला बहकर ये तालाब में गिरती थी और वो तालाब दो बीघे से ऊपर का बताया जा रहा था जो आज सिमटते सिमटते 1 बीघे से भी कम रह गया है। लोहिया नगर का ये तालाब अतिक्रमित हो चुका है और अब समस्या नाले की जल निकासी का है जिसे अतिक्रमण कर लोगों ने अपना आवास बनाकर नाले का मार्ग ही जाम कर दिया है। बात बढ़ी दोनो मुहल्ले की पुरुषों ने किनारे करते हुए महिलाओं को आगे कर दिया और महिलाएं ही मोर्चा सम्हाले हुई हैं और पुरुष कहते हैं महिलाओं तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं ,ये दोनो पक्ष के पुरुषो की शक्ति बल लगी हुई हैं। पुलिस प्रशासन कर्म चारी सर्किल इंस्पेक्टर नाले की खुदाई के लिए जेसीबी सब मौजूद हैं लेकिन महिला सशक्ति करण का असर यहां साफ देखा जा सकता है महिलाए सशक्त हुई तो पुरुष उनकी शक्ति की धारा में प्रवाहित हो गए और सामने दूसरी समूह की महिलाएं ही आगे आ खड़ी हुई है। कोई नाला बंद करने तो कोई खोलने। प्रशासनिक कर्मचारी और अधिकारी की शक्ति भी यहां ठहर सी गई हैं। ये समस्या पूरे गोड्डा की है जहां भी जिसे जगह मिली गली कूचों में बहने वाली नालियों को भी अंदर करने से बाज नहीं आते और उनके ही घर से निकलने वाली जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं रह जाती। फिलहाल महिला पुलिस भी पर्याप्त संख्या में नही है जो बल प्रयोग कर कर भी प्रशासनिक व्यवस्था बहाल की जा सके। दोनो मुहल्ले के पक्ष धर नाम के मुताबिक कोई शांति नगर से अशांत नगर बन गया है और लोहिया नगर भी तो अपने नाम के मुताबिक काफी गरम तो कभी ठंडा हो रहा है ।

### स्टॉल लगा जरूरतमंदों को दिया गया योजनाओं का लाभ

**रानेश्वर।** प्रखंड के आसनबनी पंचायत के उच्च विद्यालय आसनबनी के फुटबॉल मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बीडीओ शिवाजी भगत, सीओ मो क्यूम अंसारी, स्थानीय विधायक के पुत्र आलोक सोरेन, बीपीआरओ हरिसाधन दत्ता, प्रमुख मर्शिला बास्की, आसनबनी के सामाजिक कार्यकर्ता विमल मोदी, झामुमो पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य मो अब्दुस सलाम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष बाबुजान हेम्ब्रम, क्यूम अंसारी, हातेम मियां, विकास प्रसाद साहा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार का स्टॉल लगाकर जरूरतमंदो से आवेदन लिया गया है। कार्यक्रम में 10 जरूरतमंद लोगो के बीच कम्बल वितरण किया गया है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आसनबनी के 4 छात्रों को जाति-निवासी प्रमाण पत्र दिया गया है। जिसमें तीन-तीन छात्र एवं छात्रा के बीच साईकिल वितरण किया गया है। तीन किसान लाभुकों के बीच केसीसी ऋण का चेक वितरण किया गया।

# आपकी समस्याओ को दूर करने सरकार फिर से आयी है आपके द्वार: नलिन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा प्रखंड के पिनगड़िया पंचायत में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। षिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन एवं उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। विभिन्न विभागों के स्टॉल कार्यक्रम स्थल पर लगाये गए थे। जहां पहुंचकर आमजन सरकार के कल्यणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन कर रहे थे। आवेदकों को प्राप्त आवेदनों के लिए पावती भी प्रदान किया जा रहा था। इस अवसर पर विधायक श्री सोरेन ने कहा कि 24 से 26 दिसंबर तक आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का तीसरा चरण का पूरे राज्य में आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से उन लोगों के लिए है, जो किसी कारणवश सरकार की कल्यणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। आपके दरवाजे पर आकर सरकार आपके समस्याओं को दूर करने का कार्य कर रही है।

# वार्ड नंबर 01 सहित कुल 4 प्रखंडों के 4 पंचायतों में आयोजित हुआ शिविर

## परिसम्पतियों के वितरण के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से शिविर में आए हुए लोगों को कराया गया अवगत

**गोड्डा।** आपकी योजना -आपकी सरकार-आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 25 नवंबर 2023 को महागामा नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 01 सहित 4 पंचायतों में जिसमें गोड्डा प्रखंड के अंतर्गत ढोढ़री पोड़ैयाहाट प्रखंड के अंतर्गत बक्सरा, महागामा प्रखंड के अंतर्गत धर्मोडीह पंचायत में आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर लगाया गया। यह शिविर जिला स्तर से प्रतिनियुक्ति वरीय पदाधिकारियों के पर्यवेक्षण में लगाया गया था, जहां सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पदाधिकारियों ने लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुना तथा योग्य लाभुकों से योजना संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए ज्यादातर आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा ढोढ़री पंचायत में संबोधित करते हुए बताया गया कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरे चरण में 26 दिसंबर तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। आमजनों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने के लिए ही यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्टॉल बनाये गए हैं। स्टॉल पर पहुंच कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें,आवेदन करें तथा योजना का लाभ लें। आवेदन करने के बाद पावती रशीद निश्चित रूप से प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। सभी योग्य लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर उनके द्वारा योग्य लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, पेंशन की स्वीकृति पत्र, साइकिल की राशि, बिरसा सिंचाई कूप का स्वीकृति पत्र आदि कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिविर में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश कुमार के द्वारा बताया गया कि आज धमोर्डीह पंचायत में उपस्थित ग्रामवासी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दे सकते हैं। उनके द्वारा बताया गया कि इस शिविर के दौरान ग्रामीणों के द्वारा दिए गए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदनों पर संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने के निर्देश दिए गए। आज गोड्डा जिले के विभिन्न पंचायतों एवं वार्डो में 'आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के




तहत के द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के तहत आमजनों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान उन सबों के द्वारा आमजनों को शिविर के माध्यम से लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित भी किया गया। इसके अलावा 'आपकी-योजना-आपकी सरकार -आपके-द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को लेकर आमजनों के बीच फलदार पौधे का वितरण किया जा रहा है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम सभी सजग बनते हुए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। उक्त कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास योजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी व लाभ से लाभान्वित किया गया। साथ ही आमजनों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। वही वैसे मामले जिनका निष्पादन ऑन द स्पॉट नहीं किया जा सकता उन मामलों को निर्धारित समय सीमा के अंदर निराकरण करते हुए आवेदनकर्ता को सूचित किया जायेगा। टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए जिला स्तर से कार्यक्रम में मिलने वाले आवेदनों व शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस हेतु ऑनलाईन सिस्टम के माध्यम से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान ही रोजाना मिलने वाले आवेदनों व शिकायतों की इंट्री रोजाना किया जा रहा है जिसे आवेदक भी अपना आवेदन को ट्रैक कर सकते हैं और जिला स्तर की टीम द्वारा समस्याओं का समाधान व निष्पादन की गति की निगरानी करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से लाभुकों को लाभान्वित कर लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसम्पतियों का वितरण किया गया। इसके अलावे आज के कार्यक्रम में लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत लाभन्वित व परिसम्पतियों को वितरण के साथ आवेदन भी प्राप्त किए गये। जिनमें से ज्यादातर मामलों का निष्पादन ऑन स्पॉट किया गया। साथ हीं लाभुकों के बीच सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावे 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत सरकार की चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग के योजनाओं को प्रदर्शन करते हुए स्टॉल लगाया गया था, जहां योजनाओं से जुड़ी जानकारी के प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट का वितरण भी लोगों के बीच किया गया। विभिन्न पंचायतों में अबुआ आवास योजना को लेकर काफी संख्या में उत्साहित लाभुकों की भीड़ देखी गई, साथ ही साथ लाभुकों के आवेदनों का तत्काल प्रभाव से स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों में, अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा एवं अनुमंडल पदाधिकारी महागामा, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, जिले से प्रतिनियुक्त किए गए विभिन्न पदाधिकारीगण, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रमुख, अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विधायक दीपिका ने लगा दी है विकास योजनाओं की झड़ी

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी करीब 15 करोड़ से अधिक राशि की लागत से महागामा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांच सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह ने जानकारी देते बताया कि चार करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से बेलटिकरी से बेलटिकरी स्कूल स्मशान घाट मसकंध भांजपुर तक सड़क निर्माण, दो करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से अमडीहा पी सी सी रनुचक से बनरचूहा मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण, तीन करोड़ 81 लख रुपए की लागत से कंचनपुर मुख्य पथ अस्पताल से समध बांध भाया सुफलकित्ता छमनकित्ता तक पथ निर्माण, दो करोड़ 88 लख रुपए की लागत से ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के सदर गंगटी से अंटाडीह तक पथ निर्माण, दो करोड़ 34 लख रुपए की लागत से सन्हौली से आर ई ओ पथ भाया करबला तक पथ निर्माण कराया।

### ग्राहक सेवा शिविर 29 को

**कांडी।** डाक विभाग के तत्वावधान में 29 नवंबर को कांडी प्रखंड के बुनियादी विद्यालय सेमौरा में ग्राहक सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। डाक विभाग के कर्मी नंदलाल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित शिविर में ग्राहकों को कई प्रकार की सेवा उपलब्ध रहेगी। जिसमें बचत बैंक खाता खोलना, आवर्ती जमा खाता खोलना, सुकन्या खाता खोलना, महिला सम्मान खाता खोलना सहित अन्य प्रकार के खाता खोलना शामिल है। इसके अतिरिक्त शिविर में पांच वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाना, सभी उम्र के लोगों के आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर जोड़ना, स्वास्थ्य व वाहन बीमा का कार्य, बिजली बिल जमा करने सहित अन्य कार्य किये जायेंगे।

### 11 को आम समस्या को लेकर भाकपा निकालेगी महारैली

**सिमरिया।** भाकपा अंचल परिषद की बैठक शनिवार को डाक बंगला में संयुक्त वाम मोर्चा के संयोजक कॉमरेड अर्जुन कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जबकि संचालन जिला प्रवक्ता दशरथ ठाकुर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अंचल मंत्री गयानाथ पाण्डेय के द्वारा कार्य रिपोर्ट पेश कर किया गया। बैठक में संगठन को सशक्त और मजबूत करने पर बल दिया गया। बैठक में अंचल मंत्री ने बताया कि 26 नवंबर को किसान मजदूर के आम समस्या को लेकर रांची राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय पड़ाव डाला जाएगा। जिसमे सिमरिया और चतरा से पार्टी के 200 कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके बाद यहां 27 को सीपीआई माले और 28 को सीपीआई एम का धरना दिया जाएगा।

### अमर बाउरी का जन्मदिन मना

**चतरा।** अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश पासवान के नेतृत्व में भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी का जन्मदिन मनाया गया। आयोजन चतरा के जिला परिषद ने नजदीक उत्सव पैलेश में मनाया गया। मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश पासवान व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा ने संयुक्त रूप से केक काट कर मनाया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य विनय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा आदि थे।

## पेज 1 का शेष

### गेम चेंजर साबित हो रहा...

**कोई वित्तीय संकट नहीं आने देंगे :** सीएम ने कहा कि आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, विद्यार्थी, युवा, महिला और बुजुर्ग, हर किसी के लिए सरकार की योजनाएं हैं। सरकार के स्तर पर इन योजनाओं को जन आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुरूप धरातल पर उतारने का काम हो रहा है। इन योजनाओं के संचालन में धन की कमी आड़े न आयेगी। मौके पर राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी और दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा जूली खिस्टमनी हेम्ब्रम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद दादेल, डीआईडी सुदर्शन प्रसाद मंडल और पाकुड़ जिले के डीसी-एसपी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### स्वदेशी क्षमताओं पर भरोसा...

इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोमांचक उड़ान भरी थी। **वाजपेयी ने दिया था नाम :** वायुसेना बेड़े में हल्के फाइटर विमान को शामिल करने की तैयारी 1983 में ही शुरू हो गयी थी। मकसद था रूसी फाइटर मिग-21 के विकल्प में नया फाइटर जेट तैयार करना और देश में हल्का फाइटर जेट बनाना। करीब 18 साल की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार जनवरी 2001 में इसने पहली बार उड़ान भरी। उस समय देश में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी। वाजपेयी ने ही एलसीए को तेजस नाम दिया था। तब उन्होंने कहा था कि ये संस्कृत शब्द है, जिसका मतलब चमक है।

### अब हाथ से ड्रिलिंग...

फिर ड्रिलिंग शुरू होने के कुछ देर बाद ऑगर मशीन किसी धातु की वस्तु के कारण बाधित हो गयी थी। इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को भी अमेरिकी ऑगर मशीन में आयी तकनीकी खराबी के बाद ड्रिलिंग रोकनी पड़ी था। शुक्रवार को दोबारा शुरू की गयी थी जिसके बाद मजदूरों के बाहर निकलने की उम्मीद बढ़ गयी, लेकिन एक बार फिर बुरी खबर सुनने को मिली। मलबा साफ करने के दौरान हैवी ऑगर ड्रिलिंग मशीन से लोहे की रॉड और पाइप टकराये हैं। इससे ऑगर मशीन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

### अलग उत्तर बंगाल राज्य...

निर्णय लिया गया कि 20 दिसंबर को दिल्ली में धरना दिया जायेगा। फ्रंट जनवरी में सिलीगुड़ी, कूच बिहार और रायगंज (उत्तर दिनाजपुर) में मेगा रैलियां भी करेगा। मोर्चा के संयोजक और गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (बिमल गुरुंग) की केंद्रीय समिति के सदस्य दीपेंद्र निरौला ने कहा, इससे पहले, अलग-अलग समुदायों द्वारा अलग उत्तर बंगाल राज्य के लिए कई आंदोलन हुए थे। हमने अलग गोरखालैंड राज्य की मांग को लेकर आंदोलन किया। इस क्षेत्र ने तीन आंदोलन देखे हैं। लेकिन अब हम सभी अलग उत्तर बंगाल राज्य की मांग के साथ एकजुट हो गये।

### आठ लड़कियों की न्यूड...

फिर उसे अपने जाल में फंसा कर उसकी आपत्तिजनक तस्वीर हासिल कर ली। इसके बाद विवेक ने उस लड़की को ब्लैकमेल करना शुरू किया। वह इस लड़की से उसकी सहेलियों की भी तस्वीरें मंगाया करता था और फिर उन्हें डिपफेक फोटो के जरिये न्यूड वीडियो में जोड़कर वायरल कर देता था। **क्या है मामला :** सिटी एसपी ने बताया कि दो दिन पूर्व कुछ लड़कियां मिलने पहुंची थी। सभी की उम्र 16 से 17 साल के बीच थी। वे काफी डरी हुई थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए सिटी एसपी ने उन्हें सारी बात बताने को कहा। जो कुछ भी सामने आया वह बेहद चौंकाने वाला था। नाबालिक लड़कियों ने बताया कि एक युवक ने उनके जैसी आठ लड़कियों की डीपफेक फोटो बनाकर उसमें न्यूड वीडियो लगा दिया है। वह व्यक्ति उस वीडियो को सोशल साइट्स पर अपलोड भी कर रहा है। आनन-फानन में साइबर टीम के साथ आरोपी के खिलाफ जानकारी जुटाना शुरू की ताकि उसे गिरफ्तार किया जा सके। **डीपफेक के खिलाफ सख्त कानून शीघ्र :** आजकल डीपफेक बहुत ज्यादा चर्चा में है। पीएम मोदी भी इस पर चिंता जता चुके हैं। आये दिन किसी न किसी सेलिब्रिटी का डीपफेक वीडियो नजर आता है। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार नया नियम लायेगी। केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'डीपफेक' से निपटने के लिए जल्द ही नये कानून लाने की बात कही है। इस मुद्दे पर उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया मंचों के प्रतिनिधियों से चर्चा भी की थी।

# पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्या में चार दोषियों को उम्रकैद

## 15 साल बाद दिल्ली की अदालत ने सुनाया फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हुई हत्या के मामले में शनिवार को चार दोषियों को आजीवन कारावास, जबकि पांचवें दोषी को तीन साल जेल की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडेय ने सजा सुनाते हुए कहा कि यह अपराध दुर्लभतम मामलों की श्रेणी में नहीं आता है, इसलिए मौत की सजा का अनुरोध अस्वीकार किया जाता है। अदालत ने मामले में दोषी

▸▸ **रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक, अजय कुमार को आजीवन कारावास और अजय सेठी को तीन साल कारावास की सजा**

करार दिये गए रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को आजीवन कारावास, जबकि पांचवें दोषी अजय सेठी को तीन साल साधारण कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कपूर, शुक्ला, मलिक और



कुमार पर 1.25-1.25 लाख रुपये का जबकि सेठी पर 7.25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि सेठी पहले ही 14 साल से अधिक समय जेल में गुजार चुका है। इसने कहा कि दोषियों पर लगाई गई कुल जुमार्ना राशि पीड़िता के परिवार को दी जाएगी। सुनवाई के दौरान पीड़िता की मां माधवी विश्वनाथन ने अदालत से कहा कि वह पिछले 15 साल से न्याय मिलने का इंतजार कर रही हैं। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल में पत्रकार के रूप में कार्यरत विश्वनाथन की 30 सितंबर, 2008 की देर रात दक्षिणी दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह कार्य स्थल से घर लौट रही थीं। पुलिस ने दावा किया था कि हत्या का मकसद लूटपाट करना था। अदालत ने 18 अक्टूबर को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया था। अजय सेठी को आईपीसी की धारा 411 (चोरी की संपत्ति बेईमानी से प्राप्त करने) तथा संगठित अपराध को बढ़ावा देने, जानबूझकर मदद करने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए मकोका के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कपूर ने लूटपाट करने के लिए 30 सितंबर, 2008 को दक्षिण दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग पर विश्वनाथन की कार का पीछा करते समय उन्हें गोली मार दी थी। कपूर के साथ शुक्ला, कुमार और मलिक भी थे।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक मामले में पूर्व एसपी गुरबिंदर सिंह निलंबित

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले साल जनवरी में पंजाब दौरे के दौरान उनकी सुरक्षा में हुई चूक को लेकर लापरवाही बरतने के आरोप में राज्य के पुलिस अधीक्षक रैंक के एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। घटना के समय पुलिस अधीक्षक (अभियान) के पद पर गुरबिंदर सिंह तैनात थे और वह फिरोजपुर में ड्यूटी पर थे। पंजाब गृह विभाग द्वारा बुधवार को जारी एक आदेश के अनुसार, वर्तमान में बठिंडा जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। फिरोजपुर में, पांच जनवरी 2022 को प्रदर्शनकारियों की नाकेबंदी के कारण प्रधानमंत्री मोदी का काफिला एक फ्लाईओवर पर फंस गया था। इसके बाद वह रैली सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए बिना पंजाब से दिल्ली लौट गए थे। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षा में हुई चूक से एक बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था। निलंबन आदेश के



अनुसार, घटना पर 18 अक्टूबर 2023 की एक रिपोर्ट डीजीपी ने सौंपी थी, जिसमें राज्य पुलिस प्रमुख ने कहा था कि सिंह ने अपनी ड्यूटी उपयुक्त रूप से नहीं की। सक्षम प्राधिकारी के स्तर पर मामले पर विचार के बाद संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। सुरक्षा चूक की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने इससे पहले राज्य के कई अधिकारियों को इस चूक के लिए जिम्मेदार ठहराया था। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 12 जनवरी को सुरक्षा चूक की जांच के लिए समिति नियुक्त करते हुए कहा था कि घटना से उपजे सवालों को एकतरफा जांच के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है।

# राजस्थान में 68.24 % वोटिंग

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए मतदान 68 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रदेश में 68.24 प्रतिशत मतदाता अपने मतदान किया। जिसमें सर्वाधिक 76.57 प्रतिशत मतदान जैसलमेर जिले में हुआ जबकि सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली में दर्ज किया गया। इसके अलावा हनुमानगढ़ में 75. 75 प्रतिशत, धौलपुर में 74.11, जालोर में 74.10 , प्रतापगढ़ में 73.56, झालावाड़ में 73.37, बारां में 73. 12 बांसवाड़ा में 72.49, गंगानगर 72.09, बूंदी में 70.40, धौलपुर में 62. 72, चुरु में 70. 22 , चित्तौड़गढ़ में 69.68, भीलवाड़ा में 68. 39, बाड़मेर में 69. 98, जयपुर में 69.22, भरतपुर में 67. 26, बीकानेर में 66.56, दौसा में 67.29, डूंगरपुर में 65.86, करौली में 65. 12, नागौर में 66. 73, सवाईमाधोपुर 65.73 एवं सिरोही

**जैसलमेर में सबसे अधिक 76.57 प्रतिशत और सबसे कम 60.71 प्रतिशत पाली में हुआ मतदान**

में 63.62 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह अन्य जिलों में भी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग किया।

इससे पहले सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान शांतिपूर्वक शुरू हुआ। कुछ स्थानों पर ईवीएम में मामूली गड़बड़ी के बाद बदलने की सूचना मिली और फतेहपुर शेखावाटी में पथराव में एक कांस्टेबल घायल सहित छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्वक हुआ। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समेत कांग्रेस और बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं ने सुबह ही मतदान किया।

गहलोत ने कहा कि कांग्रेस की जीत के बाद आलाकमान मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी अगले मुख्यमंत्री पर फैसला लेंगे।₹ उधर, इसी सवाल पर पूर्व



उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि जो किस्मत में होता है उसे कोई मिटा नहीं सकता। उन्होंने कहा, ₹और अगर यह आपके भाग्य में नहीं है तो कोई कुछ नहीं दे सकता। पार्टी की विचारधारा सबसे ऊपर है। भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे ने झालावाड़ में वोट डालने के बाद अपनी पार्टी की जीत पर भरोसा जताया और लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने को कहा। चूरू के सरदारशहर में एक बूथ पर कांग्रेस और बीजेपी कार्यकताओं के बीच झड़प भी हुई. अलवर, झालावाड़, श्रीमाधोपुर सहित कई विधानसभाओं के बूथों पर दूल्हा-दुल्हन भी मतदान करने पहुंचे। टोंक की निवाई विधानसभा में 113 साल की मतदाता भूली देवी ने वोट डाला।

## शीतकालीन सत्र को ले दो दिसंबर को सर्वदलीय बैठक

**नयी दिल्ली।** सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले दो दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। शीतकालीन सत्र चार दिसंबर को शुरू होगा और 22 दिसंबर को समाप्त होगा। आमतौर पर सर्वदलीय बैठक सत्र शुरू होने से एक दिन पहले बुलाई जाती है, लेकिन इस बार तीन दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना के कारण इसे दो दिसंबर को बुलाया गया है। विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर इस सत्र पर देखने को मिलेगा। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़े मामले में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट भी इस सत्र के दौरान सदन में पेश की जाएगी। समिति ने मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की अनुशंसा की है। प्रमुख आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीन विधेयकों पर सत्र के दौरान विचार किए जाने की संभावना है। गृह मामलों की स्थायी समिति ने हाल ही में तीन विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट को स्वीकारा है। संसद में लंबित एक अन्य प्रमुख विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है।

## टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआइ ने शुरू की जांच

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार निरोधक लोकपाल के निर्देश पर तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्रारंभिक जांच दर्ज की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों को लेकर मोइत्रा के खिलाफ एक शिकायत के साथ लोकपाल का रुख किया था। दुबे ने मोइत्रा पर मौद्रिक लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का भी आरोप लगाया है। लोकसभा की आचार समिति भी मोइत्रा पर लगे आरोपों की जांच कर रही है। सीबीआई ने एक प्रारंभिक जांच दर्ज की है जो यह पता लगाने की दिशा में पहला कदम है कि क्या आरोप पूर्ण स्तरीय जांच के योग्य हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान यदि पर्याप्त प्रथम दृष्टया सामग्री मिलती है, तो सीबीआई इसे प्राथमिकी में बदल सकती है। दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना

**भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने मामले में लोकपाल से की शिकायत**



बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। मोइत्रा ने कोई भी गलत काम करने से इनकार किया है और दावा किया है कि उन्हें निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि उन्होंने अडाणी समूह के सौदों पर सवाल उठाए थे।

## मनी लॉड्रिंग मामले में डीएलएफ के ठिकानों पर इडी का छापा

**164 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला**

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट फर्म सुपरटेक और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच तेज कर दी है। ईडी ने इसी कड़ी में गुरुग्राम में शनिवार को रियल स्टेट कंपनी डीएलएफ के ठिकानों पर छापा मारा आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ईडी ने रियल एस्टेट फर्म सुपरटेक और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत गुरुग्राम में डीएलएफ के परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने पिछले कुछ दिनों में की गई कार्रवाई के दौरान कुछ दस्तावेज भी जब्त किए हैं। हालांकि, डीएलएफ से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। यह मामला दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के रियल स्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके समूह की कंपनियों के खिलाफ 670 घर खरीदारों से 164 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज 26 एफआईआर से जुड़ा हुआ है। ईडी ने इस मामले में सुपरटेक के प्रवर्तक राम किशोर अरोड़ा को जून में गिरफ्तार किया था।

## आदित्य एल 1 अपने अंतिम चरण के निकट : सोमनाथ

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि सूर्य का अध्ययन करने से जुड़े भारत के पहले अंतरिक्ष मिशन के तहत प्रक्षेपित आदित्य एल1 अंतरिक्ष यान अपने अंतिम चरण के करीब है और एल1 बिंदु में प्रवेश करने की प्रक्रिया सात जनवरी, 2024 तक पूरी होने की उम्मीद है। इसरो प्रमुख ने पहले ध्वनि रॉकेट प्रक्षेपण के 60वें वर्ष के उपलक्ष्य में विक्रम साराबाई अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर कहा कि आदित्य रास्ते में है। मुझे लगता है कि यह अपने अंतिम चरण में लगभग पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यान के एल1 बिंदु में प्रवेश की अंतिम तैयारियां लगातार आगे बढ़ रही हैं। सोमनाथ ने कहा कि एल1 बिंदु में प्रवेश करने की अंतिम प्रक्रिया संभवतः सात जनवरी, 2024 तक पूरी हो जाएगी। आदित्य एल1 का दो सितंबर को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से सफलतापूर्वक

**एल1 बिंदु में प्रवेश करने की अंतिम प्रक्रिया सात जनवरी को पूरी हो जाएगी : इसरो**



प्रक्षेपण किया गया था। इसरो के अनुसार, आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला है। अंतरिक्ष यान 125 दिन में पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करने के बाद लैग्रेंजियन बिंदु एल1 के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित होगा। एल1 बिंदु को सूर्य के सबसे निकट माना जाता है। आदित्य एल1 सूर्य के रहस्य जानने के लिए विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक अध्ययन करने के साथ ही विश्लेषण के वास्ते इसकी तस्वीरें भी धरती पर भेजेगा।

## एक नजर में

### गाजा में बंधक बनाए गए हैं दर्जनों मोशे

**मुंबई।** मुंबई में 15 साल पहले हुए आतंकवादी हमले के दौरान नरीमन हाउस में मारे गए इजराइली दंपति के एक करीबी रिश्तेदार मोशे होजबर्ग ने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष की तुलना 2008 के मुंबई हमले से करते हुए कहा कि हमास ने गाजा में दर्जनों बच्चे बंधक बना रखे हैं। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले के दौरान नरीमन हाउस में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने बेबी मोशे के माता-पिता की हत्या कर दी थी। हालांकि, उस वक्त दो वर्ष की आयु के रहे इस बच्चे को उसकी भारतीय आया सैंड्रा सैमुएल ने बचा लिया था। बेबी मोशी के चाचा मोशे होजबर्ग ने कहा कि गाजा में बच्चों को बंधक बनाया जाना उन्हें मुंबई हमलों के दौरान बेबी मोशे से जुड़ी घटना की याद दिलाता है। मोशे होजबर्ग ने मुंबई हमले की 15वीं बरसी से ठीक पहले अमेरिका के एक अज्ञात स्थान से यह बात कही। पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने मुंबई हमले को अंजाम दिया था।

### इजराइल ने हिजबुल्लाह की मिसाइल को मार गिराया

**तेल अवीव।** इजराइल ने देश के उत्तर में लेबनान से दागी गई गाइडेड मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है। सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल आतंकी समूह हिजबुल्लाह ने गाजा पट्टी में संघर्ष विराम के बीच दागी। स्थानीय समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल ने इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हवाले से कहा है कि इस मिसाइल को मार गिराने के बाद इजराइल के सुरक्षाबलों ने हिजबुल्लाह के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर हमले का जवाब दिया। आईडीएफ ने शनिवार सुबह जारी बयान में कहा है कि हिजबुल्लाह की मिसाइल से कोई नुकसान नहीं हुआ।

### कराची : मॉल में आग से 11 लोगों की मौत

**कराची ।** पाकिस्तान में कराची शहर के एक मॉल में शनिवार को भीषण आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुबह करीब सात बजे दूसरी मंजिल पर लगी आग ने शॉपिंग मॉल की चौथी, पांचवीं और छठी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग किस वजह से लगी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुबीन अहमद ने कहा कि आग में 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हैं। आग पर काबू पाने के लिए इमारत की बिजली आपूर्ति काटनी पड़ी।

### ओडिशा में ट्रक पलटने से पांच मजदूरों की मौत

**मलकानगिरि।** ओडिशा के मलकानगिरि जिले में शनिवार को एक ट्रक के पलट जाने से उसमें सवार कम से कम पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा स्वाभिमान अंचल के हंतलागुडा घाट इलाके में हुआ, जब सीमेंट से लदा ट्रक 12 मजदूरों को लेकर चित्रकोंडा से जोडाम्बा जा रहा था। पुलिस और स्थानीय लोगों ने सीमेंट की बोरियों के नीचे दबे मजदूरों के शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि घायलों को जोडाम्बा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### संजय सिंह की जमानत पर सुनवाई 28 को

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर 28 नवंबर को सुनवाई कर सकती है। मामले पर शनिवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई स्थगित कर दी गई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार अक्टूबर को सिंह को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि सिंह ने रद्द की जा चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## रणदीप हुड्डा 29 को इंफाल में करेंगे शादी

मुंबई। अभिनेता रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम 29 नवंबर को मणिपुर के इंफाल में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों ने शनिवार को यह घोषणा की। रणदीप(47) और लिन ने इंस्टाग्राम पर शादी का विवरण साझा किया गया। जिसमें लिन के गृहनगर में शादी होगी और मुंबई में फिल्म जगत के दोस्तों के लिए रिसेप्शन रखा जाएगा। इस युगल ने संयुक्त बयान में कहा कि महाभारत से प्रेरणा लेते हुए जहां अर्जुन ने मणिपुर की योद्धा राजकुमारी चित्रांगदा से शादी की थी। हम भी अपने परिवार और दोस्तों के आशीर्वाद से वहीं शादी कर रहे हैं। इन्होंने कहा कि हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है, हमारी शादी 29 नवंबर, 2023 को मणिपुर के इंफाल में होगी जिसके बाद मुंबई में रिसेप्शन होगा। जैसा कि हम नए सफर की शुरूआत कर रहे हैं, हम संस्कृतियों के इस मिलन के लिए आपका आशीर्वाद और प्यार चाहते हैं। इसके लिए हम सदैव ऋणी और आभारी रहेंगे।

**AFFIDAVIT**

I, PARMESHWAR SAHU S/O Late Ramjee Sahu, age 41 yrs. resident of village chapa tola P.O. Arsande, Boreya P.S. Kanke Dist. Ranchi Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:



1. That I am an Indian national and resident of the above mentioned address.
2. That my actual and correct name is PARMESHWAR SAHU.
3. That by mistake my name was written as BENI SAHU PARMESWA, in my Adhar card bearing Adhar NO. 829343414257.
4. That in School leaving Certificate was issued in the name of PARMESHWAR SAHU.
5. That PARMESHWAR SAHU and BENI SAHU PARMESWA is the name of one and same person.
6. That the statements made above are true and correct if any found false I shall be responsible for the same.

1176/17/11/2023.

# कांग्रेस और बीआरएस ने तेलंगाना की जनता से किया विश्वासघात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर तेलंगाना के लोगों के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने वादा किया कि विधानसभा के चुनाव में जीत के बाद भाजपा पिछड़े वर्ग से मुख्यमंत्री बनाएगी।

नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के कामारेड्डी में एक चुनावी जनसभा में भाजपा को वादा पूरा करने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड का गठन और जनजातीय विश्वविद्यालय का वादा हमने पूरा किया है। राज्य के दलितों के एक वर्ग माडिगा को सशक्त करने के लिए केंद्र सरकार प्रयास कर रही है। इस संबंध में उन्होंने कल अधिकारियों से बातचीत भी की है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। वहां

**केसीआर सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं को एटीएम के तौर पर इस्तेमाल किया : मोदी**

भी केंद्र सरकार पुरजोर तरीके से इस वर्ग के हित की बात करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की केसीआर सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं को एटीएम के तौर पर इस्तेमाल किया है। हर सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार हो रहा है। परियोजना की लागत लगातार बढ़ रही है और काम पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि केसीआर सरकार ने युवाओं की उपेक्षा की और उनके शिक्षा और रोजगार के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस और बीआरएस को भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीआरएस पहले टीआरएस थी और कांग्रेस के गठबंधन का नाम



पहले यूपीए था। अब इन्होंने अपने नाम बदल लिए हैं लेकिन नाम बदलने से इतिहास नहीं बदलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार एमएसपी के तहत 20 लाख टन की अतिरिक्त खरीद करेगी। साथ ही गरीबों को अगले 5 वर्षों तक मुक्त राशन मिलता रहेगा। उन्हें विश्वास है कि तेलंगाना और तेलुगु लोगों ने मुश्किल वक्त में जिस तरह से भाजपा का साथ दिया है वह आगे भी साथ देते रहेंगे।

## तेलंगाना में मुस्लिम आरक्षण असंवैधानिकः योगी

**हैदराबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना में मुस्लिम आरक्षण डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का अपमान है। तेलंगाना के कुमुराम भीम आसिफाबाद जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुसलमानों को आरक्षण असंवैधानिक है और इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस और कांग्रेस, दोनों ही दल देश को एक नए विभाजन की ओर ले जाना चाहते हैं।

योगी ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति का गंदा खेल अब तेलंगाना में देखा जा सकता है। जब बीआरएस सरकार मुस्लिम आरक्षण की घोषणा करती है तब हमने तेलंगाना में देखा कि एक सरकार समाज को विभाजित करने के लिए किस हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम आरक्षण अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उनके अधिकारों से वंचित करने की साजिश का हिस्सा है। योगी ने कहा कि यह डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान का अपमान है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की सरकार बनती है तो वह धर्म-आधारित असंवैधानिक आरक्षण को खत्म कर देगी और ओबीसी, अनुसूचित जाति-जनजाति को इसका लाभ देगी। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं, किसानों और महिलाओं से किए गए चुनावी वादों को पूरा न करके उन्हें धोखा दिया है।

## फिल्म द बुल में काम करेंगे सलमान खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान, करण जौहर की फिल्म द बुल में काम करते नजर आ सकते हैं। काफी दिनों से खबरें आ रही थीं कि सलमान खान ,करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनने जा रही फिल्म में काम करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन विष्णु वर्धन करेंगे। सलमान खान , करण जौहर की फिल्म द बुल में काम करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म 'द बुल' में सलमान खान पैरामिलिट्री ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। सलमान खान और करण जौहर 25 साल बाद एक बार फिर साथ में आ रहे हैं। सलमान खान ने करण जौहर की वर्ष 1998 में प्रदर्शित फिल्म कुछ कुछ होता है में काम किया था। इस फिल्म में सलमान खान ने कैमियो रोल किया था।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# डॉक्टरों के सलाह पर ही दवा लें

मनमर्जी से एंटीबायोटिक दवाइयां खाना या डॉक्टरों अथवा झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा रोगी को बार-बार हाई पावर की दवाएं देने से एक वक्त ऐसा भी आता है जब बीमारी में किसी भी तरह की दवा काम नहीं करती। यह स्थिति एंटीबायोटिक रेसिसटेंसी कहलाती है और हाल ही एक अमरीकी महिला की इस कारण से मौत हो गई। इस मरीज पर 13 तरह की एंटीबायोटिक दवाइयों का भी असर नहीं हुआ। चिंताजनक बात यह है कि मरीज के शरीर में यह खतरनाक सुपरबग भारत में इलाज के दौरान पनपा।

**यह था केस**

दो साल पहले भारत आई 70 वर्षीय महिला को पैर की हड्डी में फ्रेक्चर व इसमें हुए इंफेक्शन के चलते दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती किया गया था। डॉक्टर द्वारा की गई जरूरी जांचों के आधार पर सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार ड्रग रेसिसटेंस वर्ग के एक दुर्लभ बैक्टीरिया से उसके शरीर में ब्लड इंफेक्शन हुआ और सेप्टिक शॉक (इंफेक्शन का रक्त के जरिए अन्य अंगों को नुकसान) के कारण मौत हुई।

**दवाओं के बेअसर होने के कारण**

मुख्य कारण बैक्टीरिया की पहचान के आधार पर दवा न देना है। अच्छी क्वालिटी, सही तरीके से या दवा का पूरा कोर्स न लेना। एक्सपायरी या रोग की जानकारी के अभाव में कोई भी दवा लेना, बैक्टीरिया का स्वतः दवा के प्रति बेअसर होना, किसी अन्य माध्यम से शरीर में आए बैक्टीरिया का शारीरिक संरचना के अनुसार असर।

**क्या सिरदर्द, पेटदर्द या एसिडिटी जैसी परेशानियों में ली जाने वाली दवाएं ड्रग रेसिसटेंस का कारण बन सकती हैं?**

नहीं, ये दवा शरीर में हुए ऐसे अंदरुनी बदलाव के लिए काम करती हैं जो किसी बैक्टीरिया से नहीं हुए हैं। इसलिए इनसे ड्रग रेसिसटेंस नहीं होता। लेकिन इन दवाओं को बिना डॉक्टरी सलाह लेने से निर्धारित अंग से जुड़ी समस्या पर इनका असर धीरे-धीरे कम होने लगता है।

**रेसिसटेंस खत्म करने वाली दवाएं भी कई बार काम नहीं करती हैं, ऐसा क्यों?**

ज्यादातर मामलों में यदि शरीर में कोई दवा असर करना बंद कर दे तो इस समस्या को ठीक करना मुश्किल हो सकता है। क्योंकि जो बैक्टीरिया धीरे-धीरे एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति असरहीन हो जाते हैं उनपर दूसरी दवाओं का असर नहीं होता। ऐसे में मरीज का इलाज शुरुआत से कर लंबे समय तक चलता है।

**ऐसे मरीजों को किस तरह दवा देते हैं**

ड्रग रेसिसटेंस वाले मरीजों को बीमारी की गंभीरता के अनुसार दवा देते हैं इसलिए कोई भी बैक्टीरियल, फंगल या वायरस जनित रोग में बिना कल्चर टैस्ट के दवा न लें। सही जीवाणु की पहचान के आधार पर ही दवा व उसकी डोज तय होती है। डॉक्टर द्वारा बताए गए तरीके, डोज, समय व निश्चित गैप में दवा लें।

**डॉक्टरी रायः**

कुछ बैक्टीरिया धीरे-धीरे एंटीबायोटिक दवा के प्रति बेअसर हो जाते हैं। ऐसे में इनके लिए प्रयोग होने वाली हाई डोज दवाएं भी काम नहीं कर पाती। महिला के शरीर में सुपरबग हेल्थ वर्कर के संपर्क में आने, यूटीआई, किसी इंस्ट्रूमेंट या कैथेटर आदि के प्रयोग से पहुंचा होगा। एर्टापेनम, डोरीपेरम व मॉक्सीफ्लेक्सेसिन रेसिसटेंस दवाओं को बिना डॉक्टरी सलाह के न लें।



# मसाज से लाभ



**आज** ज्यादातर लोग मोटापे की समस्या से परेशान है, इसके लिए लोग घंटो जिम जाकर एक्सरसाइज करते है और डाइटिंग शुरू कर देते है लेकिन इसके बावजूद भी लोग मोटापा कम करने में सफल नहीं हो पाते। कहते है कि मानव शरीर सिर से लेकर पैर तक आपस में जुड़ा होता है।

शरीर में मौजूद नसें, रक्त धमनियां,मांसपेशियां, स्नायु और हड्डियों आपस में मिलकर शरीर रूपी इस मशीन चलाने का काम करते है। अगर शरीर के किसी अंग पर दबाव पड़ता है तो उससे शरीर में पूरे हिस्से पर प्रबाव पड़ता है। ऐसे ही आप शरीर में कुछ अंग होते है, जिनकी मसाज करने से पेट की चर्बी कम होती है।

## कानों पर मसाज

अपने कान पर दबाव बिंदु का पता लगाएं, इस बिंदु को दबाकर भूख पर नियंत्रण करना आसान होगा और आप ओवरईटिंग से बचेंगे। इसी बिंदु के ऊपर मांसल फ्लैप होता है , जिसे 3 मिनट के लिए इस जगह पर लगातार दबाव डालें। धीरे-धीरे प्रेशर बढाएं।

## घुटनों पर मसाज

घुटनों के बाईं ओर ठीक नीचे ताीना बिंदु होते हैं जिन पर दबाव देने से शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रहता है और मोटापा कम होता है।

## हथेली की मसाज

हथेलियों में अंगूठे के पास वाले उभरे भाग पर व्यक्ति की सहन क्षमता के अनुसार दबाव दें। इसके बाद अच्छी मात्रा में गुनगुना पानी का सेवन करें जिससे टॉक्सिन शरीर से निकल जाएं।

## कंधे की मसाज

दाहिने कंधे के मध्य भाग में हाथ की उंगुली और अंगूठे से दिन में 2 बार लगभग आधा मिनट तक दबाव देना चाहिए। लेकिन ध्यान रहे एक्यूप्रेशर के इस प्रयोग को खाली पेट ना करें।

## एड़ी पर मसाज

एड़ी की हड्डी यानी एंकल बोन पर पर हाथ की चारों उगुलियों को रखें और धीरे-धीरे दबाव दें। इस मसाज से पाचन तंत्र ठीक रहता है।

# गोरे रंग की दिवानगी



हर लड़की चाहती है कि उसका रंग गौरा हो और वह सबसे खूबसूरत दिखे। इसके लिए वह तरह-तरह की क्रीम का भी इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में वे यह भूल जाती है कि घर में भी ऐसी बहुत सी चीजे मौजूद होती है जिन्हें अपनाकर वह बेदाग और गौरी त्वचा पा सकती हैं। इससे आप समय और पैसों दोनों की बचत कर सकती हैं।

1. चेहरा धोंए

चेहरे पर धूल मिट्टी और गंदगी न बैठने दें। हमेशा अपना चेहरा साफ रखे। इसके अलावा स्किन केयर टिशयू हमेशा अपने पास रखें।

2. नींबू

रोजाना एक नींबू को चेहरे पर रगड़े। ऐसा करने से आप कुछ ही दिनों गौरी त्वचा पाएंगी।

3. दही

दही में प्रोबायोटिक तत्व होते हैं जो त्वचा को साफ कर के उसे अंदर से गोरा करते हैं। हर रोज दही से अपने चेहरे की मसाज करें।इससे चेहरा दिनों-दिन निखरेगा।

4. हल्दी

हल्दी, चिरौंजी 50-50 ग्रा. लेकर पाऊडर बना लें। एक-एक चम्मच सब चीजों को मिलाकर इसमें 6 चम्मच शहद मिलाएं और नींबू का रस तथा गुलाब जल डालकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं।

5. संतरे के छिलके

नींबू और संतरे के छिलकों को सुखाकर चूर्ण बना लें। इस पाऊडर को हफ्ते में एक बार बिना मलाई के दूध में मिलाकर लगाएं, त्वचा में चमक आएगी।

# आंखों को जलन से बचाएं



**कम्प्यूटर** पर बैठकर घंटों काम करने से आंखों में जलन, ड्रायनेस, थकान और धुंधलापन होना आम बात है। अगर आपको अपनी आंखों को स्वस्थ रखना है तो बस रोजाना करें ये एक्सरसाइज। बड़े ही आराम से इसे ऑफिस में या फिर कहीं भी बैठकर किया जा सकता है।

## पलकें झपकाना

2 मिनट में हर 3-4 सेकंड के लिए अपनी पलकें झपकाएं। आपने काम के दौरान थोड़ा सा वक्त निकालकर यह एक्सरसाइज़ करने से आप तरोताजा महसूस करेंगे। पलकों को झपकाने से आंखें तरोताजा और हाइड्रेटेड बनी रहती हैं।

## गोल-गोल घुमाएं आंखें

आंखों को पहले दस बार क्लॉकवाइज और दस बार एंटी-क्लॉकवाइज घुमाएं। आंखों की रोशनी बेहतर करने के लिए यह एक बढ़िया एक्सरसाइज है।

## आंखों को दें आराम

आंखों को आराम देने के लिए एक कुर्सी पर आराम से बैठ जाएं। इसके बाद अपना सिर पीछे करके कुछ देर के लिए अपनी आंखें बंद कर लें। 3 मिनट तक इसी पोजीशन में बने रहें। दिन में कम से कम एक बार यह एक्सरसाइज जरूर करें।

## खानपान पर दें ध्यान

अपने खानपान में विटामिन ए, सी, ई और कॉपर व ज़िंक जैसे मिनरल्स को शामिल करें ये बेहतर दृष्टि के लिए बहुत जरूरी हैं। इसके अलावा आप विटामिन ए युक्त चीजें, जैसे- गाजर, पालक, टमाटर, तरबूज, एप्रीकोट, शकरकंद, अंगूर आदि भी डायट में शामिल कर सकते हैं।

# नेचुरल फूड सबसे अच्छा

**बच्चों** के शरीर में सही विकास होना बेहद आवशयक होता है। अगर आपके बच्चे की हड्डियां मजबूत नहीं हैं या उसे आएं दिन दर्द होता रहता है तो आपको उस पर ध्यान देने की आवशयकता है। जानिए कौन-कौन से प्राकृतिक उत्पाद आप अपने बच्चे को दे सकती हैं जिसकी मदद से वो स्ट्रांग बन सकता है।

**दूध से बने उत्पाद :** दूध से बने उत्पाद जैसे- दही, छाछ, पनीर या चीज़ आदि में कैल्शियम की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। इससे बच्चे के शरीर की हड्डी और उसके दांत काफी मजबूत हो जाते हैं।

**शकरकंद :** शकरकंद में उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है जो कि शरीर को स्ट्रांग बनाता है। बच्चे को शकरकंद कच्ची या भून कर दें। आप चाहें तो इसका हलवा भी बनाकर दे सकती हैं।



**सोया दूध :** बच्चे को सोया दूध दें, इसमें काफी पौष्टिक तत्व होते हें जो शरीर को मजबूत बनाते हैं और बच्चे के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढा देते हैं।

**मटर :** बच्चे को आप मटर से बनी कई डिशेज को बनाकर खिलाएं। मटर में कई पोषक तत्व होते हैं जो बॉडी को मजबूत बना देते हैं।

**औरेंज :** संतरें में साइट्रस होता है जो बच्चे की हड्डियों को मजबूत बना देता है और कैल्शियम व विटामिन सी से भर देता है।

**रागी :** रागी से बच्चे को कैल्शियम की भरपूर मात्रा मिल जाएगी। यह शरीर के लिए बेहद अच्छा होगा। आप चाहें तो रागी पाउडर को आटे में मिलाकर रोटी भी बच्चे को दे सकती हैं।

**नट्स :** नट्स जैसे बादाम में भी कैल्शियम होता है जिसे बच्चे चाव से खा सकते हैं। यह शरीर को मजबूत बनाएं रखता है।

# लगातार छींक से बचने के घरेलू उपाए

आप सुबह सुबह उठते हैं और छींकना शुरू कर देते हैं और यह प्रक्रिया कुछ समय तक लगातार चलती रहती है। यह आपमें चिढ. पैदा करता है और आप चाहते हैं कि इससे आपको जल्द ही मुक्ति मिले। इसलिए अगर आप इसका उपाय ढूंढ रहे हैं तो इन घरेलु उपचारों की मदद लें। यहाँ पर 15 घरेलु उपचारों के बारे में बताया गया है जिससे आपको छींक से तुरंत राहत मिलेगी।



**अदरकः** छींक की परेशानी के लिए सबसे सही घरेलु उपचार है अदरक। इसे आप चाय में डालकर या पावडर बना कर गुड़ के साथ ले सकते हैं।

**लहसनः** दूसरा राहत देने वाला उपचार आप लहसन से कर सकते हैं। यह एंटी बैक्टीरियल होता है। कुछ लहसन को कूच कर पानी में डाल कर उबाल लें। अब पानी में से लहसुन छान लें और पानी ले लें। आप लहसुन को कूच कर उसकी सुगंध भी ले सकते हैं।

**दालचीनीः** दालचीनी में एंटी वायरल गुण होते हैं। एक चुटकी दालचीनी पाउडर को शहद में डालकर पीएं। यह छींक और जुकाम का काफी असरदार निवारण है।

**शहद और निम्बूः** अगर आप छींक से तुरंत राहत चाहते हैं तो शहद और नीम्बू को मिलाकर लें। शहद एंटी बैक्टीरियल होता है और नीम्बू में विटामिन सी होता है। इन दोनों को गुनगुने पानी में मिलाकर पीएं। इससे आपकी छींक कम हो जायेगी।

**चामोमील चायः** अगर आप लगातार छींक रहे हैं तो चामोमील चाय दिन में दो बार पीएं। इससे छींक में तुरंत असर दिखेगा।

**यूकेलीप्टस का तेलः** यह तेल छींक में रामबाण इलाज कहलाता है। खौलते पानी में इस तेल की कुछ बूंदें डाल दें। इसके भाप को अंदर लें। इससे छींक और बंद नाक में काफी आराम मिलेगा।

**काली मिर्चः** अगर आप लगातार छींक से कॉफिन परेशान हैं तो आधा चम्मच काली मिर्च पाउडर लें और इसे गुनगुने पानी के साथ लें। इससे ज़ुकाम और छींक में आराम मिलेगा।

**सौंफ की चायः** सौंफ में एंटी वायरल और एंटीबायोटिक गुण होते हैं। खौलते पानी में एक चम्मच सौंफ पाउडर डाल कर इस चाय को बनाते हैं। इससे छींक में आराम मिलता है।

**गर्म पानी का भाप लेंः** गर्म पानी का भाप लेने से बलगम पिघलता है और नाक साफ होती है। यह छींक से काफी राहत दिलाता है।

**हल्दीः** हल्दी में करक्यूमिन होता है जो असरदार सर्दी खांसी की दवा होती है। इससे एलर्जी और छींक से छुटकारा मिल जाता है। इसे आप सब्ज़ी बनातेवक़्त करी में भी डाल सकते हैं या पाउडर की तरह भी ले सकते हैं।

**ओकराः** ओकरा से छींक और बहती नाक में तुरंत आराम मिलता है। ओकरा में चिपचिपा पदार्थ म्यूसिलेज होता है जो छींक में तुरंत आराम दिलाता है। बीज निकालकर ओकरा के बाहरी हिस्से को उबाल लें। इसे ठंडा कर पानी के साथ लें।

**हींगः** अगर आप लगातार छींक और बहते नाक से परेशान हैं तो थोड़ा हींग लेकर इसके गंध को अंदर लें। इससे छींक में आराम मिलेगा।

**पान का पत्ताः** यह छींक का सबसे सही घरेलु उपचार है। आपको एक चम्मच पान के पत्ते का जूस पीना है। इससे लगातार होती छींक रुक जायेगी।

**पुदीने का तेलः** छींक का एक और असरदार और घरेलु उपाय है पुदीने का तेल। खौलते पानी में पुदीने तेल की कुछ बूंदें डाल दें। इसके भाप को अंदर लें। इससे छींक में राहत मिलती है।

**अजवाइनः** पानी उबाल कर उसमें एक चम्मच आजवाइन डालें। अब इसे छान कर इसमें एक चम्मच शहद मिला लें और इसे पीएं। इससे छींक और बहती नाक पर असर दिखेगा।

# मुंह में छाले पड़ना आम समस्या करें देशी ईलाज



मुंह में छाले पड़ना, यह तो एक आम समस्या है। लेकिन अगर इस पर ठीक तरह से ध्यान ना दिया जाए तो यह समस्या आपके लिए खतरनाक भी साबित हो सकती है। इसलिए आज हम कुछ ऐसे 6 घरेलू नुस्खे लेकर आए है जिन्हें अपनाकर आप अपने मुंह और जीभ के छालों आसानी से ठीक कर सकते हैं।

1. शहद

मुंह के छालों को ठीक करने के लिए शहद एक दवाई की तरह काम करता है। रूई को शहद में डूबोकर छालों वाली जगह पर लगाएं।

2. एलोवेरा

एलोवेरा के जूस या जेल को छालों वाली जगह पर लगाने से काफी आराम मिलता है।

3. इलायची

दो-तीन इलायची को पीस कर एक चम्मच शहद में मिला लें। फिर इस मिश्रण को छालों वाली जगह पर लगाएं।

4. घी

घी के इस्तेमाल से भी छालों की समस्या को दूर किया जा सकता है। घी को सोने से पहले छालों वाली जगह लगा लें।

5. हरा धनिया

हरे धनिए की तीन-चार पत्तियों को पीस लें। फिर इसके रस को छालों वाली जगह पर लगाएं। ऐसा करने से छालों की समस्या दूर हो जाती है।

6. बर्फ

बर्फ से भी छालों को ठीक किया जा सकता है। एक बर्फ का टुकड़ा लेकर छालों वाली जगह पच्चीस सैकेंड के लिए रखें। ऐसा करने से काफी राहत महसूस होती है।

# सीने में जलन यानी एसिडिटी

आजकल गलत खान-पान और मसालेदार भोजन के कारण गैस,बदहजमी, एसिडिटी और खासतौर पर सीने में जलन हर 10 में से 6 व्यक्तियों को नजर आती है। यह जलन कभी-कभी गले में होती है तो कभी छाती में। यह इतनी भयानक होती है कि इससे पीड़ति रोगी बेचैनी का शिकार हो जाता है। कई बार तो समस्या इतनी बढ़ जाती है कि डॉक्टरी मदद लेनी पडती है। आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताने जा रहे है जिससे आप इस परेशानी का घर पर ही हल निकाल सकते हैं।



- एक गिलास पानी में दो चम्मच शहद और दो चम्मच सेब का सिरका डालकर खाना खाने से पहले रोजाना पीएं। यह एक असरदार उपाय है।
- खाना खाने से पहले एलोवीरा जूस पीने से राहत मिलती है।
- भोजन खाने के बाद सौंफ जरूर चबाएं, इससे खाना असानी से पच जाता है।
- ताजा पुदीने के पतों का रस रोज पीना लाभकारी है।
- अदरक की चाय पीने से भी लाभ मिलता है।
- रोज सुबह तुलसी के ताजा पत्ते चबाएं।
- सीने में जलन होने पर ठंड़ा दूध पीने से इस परेशानी से निजात पाई जा सकती है।
- खाने में नींबू का प्रयोग जरूर करना चाहिए। भोजन करने के 1 घंटे पहले नींबू के रस में काला नमक मिलाकर पीने से सीने की जलन में फायदा मिलता है।
- नारियल का पानी पीना भी सीने की जलन को खत्म करता है।

# प्याज कई रोगों के लिए रामवाण

**प्याज** महंगा है लेकिन पूरे दुनिया में इसका उपयोग किया जाता है। प्याज भी तीन तरह के होते है जैसे रक्त,श्वेत, और पीला प्याज। इतना ही नहीं प्याज पत्तों का इस्तेमाल भी खाने में किया जाता है। प्याज कई गुणो से भरपूर होती है, इसमें प्राकृतिक शक्कर ,विटामिन्स ए ,बी,सी ,और इ होता है। इसके अलावा इसमें मिनरल्स जैसे सोडियम ,पोटैशियम,आयरन,दिएट्री फाइबर होता हैं। प्याज फोलिक एसिड का सबसे अच्छा स्त्रोत है। इसके सेवन से हम लोग लंबे समय तक बीमारियों से बचे रहते है।

## इंफैक्शन

प्याज में एंटीबायोटिक, एंटीसेप्टिक जैसे कई तत्व होते है, जो शरीर में होने वाले इंफैक्शन को खत्म करते हैं और कई तरह की समस्याओं से बचाते है।

## प्रतिरोधक क्षमता

प्याज में फाइटोकेमिकल्स होता हैं, जो की हमारे शरीर में विटामिन 'सी ' को बढ़ता हैं और हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढाने में मदद करता हैं।



## सही रक्त प्रवाह

प्याज में क्रोमियम तत्व पाया जाता हैं जो की रक्त प्रवाह को सुचारू ढंग से चलाता हैं और शरीर के शक्कर को नियंत्रित रखता हैं। अगर कच्चे प्याज का सेवन किया जाएं तो कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल और ह्रदय को स्वस्थ रखता हैं।

## कीड़ो के काटने पर

किसी भी प्रकार के कीड़े-मकोड़े के काटने पर प्याज का रस लगाने से जलन और दर्द में बहुत राहत मिलती हैं।

## नाक की नकसीर

अगर नाक के रक्त आता हो या नकसीर चलती हो तो नाक में प्याज के रस का 1-2 बूंदे डाले। इससे नाक से रक्त आना बंद हो जाता हैं।

## पथरी का इलाज

पथरी के लिए प्याज के रस में चीनी मिलाकर लेने से पथरी खत्म हो कर मूत्र के जरिए बाहर आ जाती है।

## अनिद्रा

अगर अनिद्रा की समस्या हो तो प्याज का सेवन करें। इससे यह शिकायत भी खत्म हो जाएगी।

# आग में झुलसकर दो महिला समेत तीन की मौत, दो की स्थिति नाजुक

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में एक घर में भीषण आग लगने से 5 लोग बुरी तरह झुलस गए। जिसमें तीन की मौत हो गई। वही घायल तीन में से दो लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना घोड़ासहन रेलवे गुमटी रोड के स्टेट बैंक के समीप की है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की अहले सुबह सुबोध पंडित के घर में रुई के गोदाम में अचानक आग भड़क गई। जो देखते ही देखते घर के दुसरी मंजिल को भी अपने आगोश में ले लिया।इस घटना में सुबोध पंडित, पुत्र रौशन, बहू और पत्नी बुरी तरह झुलस गए।जिसमें तीन लोगो की मौत हो गई। जिसमे सुबोध का बेटा रोशन और बहू कविता और बेटी शालू शामिल है। सुबोध अपने परिवार के साथ





काठमांडू में रहते हैं। वे सपरिवार कल ही घोड़ासहन पहुंचे थे। आग लगने की वजह रूई के गोदाम में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि रुई के गोदाम में भड़की आग कब पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया किसी को पता ही नहीं चला। जिस कारण घर में मौजूद लोगों को इतना भी वक्त नहीं मिला कि वो घर से निकल पाएं।जिस कारण सभी बुरी तरह झुलस गए। घर से आग की लपटें को देख स्थानीय लोगो ने फायर बिग्रेड को सूचित किया,जिसने कड़ी मशक्कत के बाद दीवार को तोड़ कर आग पर काबू पाया। अगलगी की सूचना पर वहां लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जिससे पूरे इलाके अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। सिकरहना एसडीएम ने बताया कि हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 2 लोग बुरी तरह झुलस गए हैं।जिसमे एक की छत से कूदने के कारण हाथ पैर में फैक्चर है,सभी का समुचित इलाज किया जा रहा है,लेकिन घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर तीन सदस्यीय टीम गठित की गयी है,इसके साथ ही स्थानीय पुलिस भी घटना के ठोस कारणों की जांच में जुटी है।

## बिहार की दुर्दशा के लिए राजद-जदयू व भाजपा समान रूप से जिम्मेदार : संजय



**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** बिहार को रसातल में पहुंचाने में सभी राजनैतिक दल समान रूप से जिम्मेदार है।बिहार में व्याप्त गरीबी,अशिक्षा और बेरोजगारी की समस्या को सभी दलो ने मिलकर विकराल बना दिया है।जिसमे राजद-जदयू और भाजपा समान रूप से जिम्मेदार है,अब इन दलो को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है।उक्त बाते जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने मोतिहारी स्थित जनसुराज कार्यालय में शनिवार को कही। उन्होंने कहा पिछले बत्तीस वर्षों से बिहार में जात-पात और धर्म-मजहब की राजनीति हो रही है। पन्द्रह वर्षों तक लालू यादव-राबड़ी देवी की सरकार ने जात-पात की राजनीति कर जंगल राज चलाया, तो नीतीश कुमार ने सांप्रदायिकता फैला कर सत्ता हथियाने वाली भाजपा के साथ मिलकर बिहार को रसातल में पहुंचा दिया। इन तीनों दलों की सरकारो ने बिहार में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी को बढाया है।

## मुंगेर में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास कार्यक्रम में नीतीश ने कहा

# केंद्र विशेष राज्य का दर्जा दे तो दो साल में बिहार से गरीबी हट जाएगी

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है। मुंगेर में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास कार्यक्रम में नीतीश ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा मिले तो बिहार से दो साल के अंदर गरीबी खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि स्पेशल स्टेटस के लिए हम अभियान चलाएंगे। बिहार आर्थिक रूप से पिछड़ा है इसलिए इसे विशेष दर्जा मिलना ही चाहिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मुंगेर में मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी। जिले के बाक पंचायत स्थित मंगरा पोखर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हमने जाति गणना करवाकर बिहार के हर एक



परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी ली। इस सर्वे से पता चला है कि हर वर्ग और हर जाति में गरीब मौजूद हैं। इसके लिए गरीबों के कल्याण के लिए राज्य सरकार योजनाएं लेकर आई हैं। मुंगेर में करीब 300 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। सीएम नीतीश ने कहा कि यहां सिर्फ मेडिकल की पढ़ाई नहीं होगी बल्कि 630 बेड का अस्पताल भी बनेगा। शनिवार को मंच से रिमोट दबाकर मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल के शिलान्यास के साथ-साथ मुंगेर सदर अस्पताल में 100 बेड के प्रीफैबरीकेटेड हॉस्पिटल और 30 बेड के पीकू वार्ड का भी शुभारंभ किया। सभा स्थल पर मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंगेर एक पौराणिक स्थल है हमें इसके विकास के लिए विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2005 से जब से आप लोगों ने काम का मौका दिया तब से लगातार काम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और जेडीयू अध्यक्ष सह मुंगेर सांसद ललन सिंह ने भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र के विजयी पोखर में मिले एक अज्ञात युवक के शव मामले का पुलिस ने 48 घंटे के अंदर सफल उद्भेदन कर लिया है। साथ ही हत्या में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर किया है। इसकी जानकारी देते सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार ने शनिवार को बताया कि बीते बुधवार को मोहम्द सेराज की हत्या आपसी दुश्मनी में की गयी थी। मृतक सेराज अपने दोस्तो के साथ हैदराबाद रह कर काम करता था। किसी बात को लेकर हुई दुश्मनी में विजयी गाँव के ही दो दोस्त रत्नेश कुमार एवं कुंदन कुमार ने मिलकर छठ की रात में उसका गला दबा कर हत्या कर शव को तालाब में फेक दिया था।

## बाढ़ एवं कटाव से सुरक्षा की छह योजनाओं को मिली मंजूरी

**बेगूसराय (हि.स.)।** बेगूसराय जिले के विभिन्न प्रखंडों में गंगा नदी की बाढ़ एवं कटाव से सुरक्षा की छह योजनाओं को जल संसाधन तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा ने मंजूरी दे दी है। प्राक्कलन के अनुसार इन योजनाओं पर करीब 55 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जल संसाधन विभाग द्वारा इसकी टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जल संसाधन विभाग के सूत्रों से शनिवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार मटिहानी प्रखंड के छितरौर गांव में गुप्ता-लखमीनियां तटबंध के किलोमीटर 4.50 पर तथा नयागांव में गुप्ता-लखमीनियां तटबंध के किलोमीटर 5.50 पर लैंड स्पर का पुर्नस्थापन कार्य कराया जाएगा। इस कार्य से गुप्ता लखमिनियां तटबंध की कटाव से सुरक्षा होगी। स्वीकृति की जानकारी मिलने से लोगो में खुशी है। इस सुरक्षात्मक कार्य के होने से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के बरौनी रिफाइनरी, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के बरौनी थर्मल पावर स्टेशन, हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के बरौनी खाद कारखाना, पूर्व मध्य रेलवे का सभी प्रमुख रेल लाइन, राष्ट्रीय उच्च पथ, बेगूसराय इंडस्ट्रियल टाउन तथा मटिहानी प्रखंड आदि को बाढ़ से सुरक्षा मिलेगी। गंगा नदी के बाएं तट पर स्थित बिसौआ जमींदारी बांध पर तेघड़ा प्रखंड के बिनलपुर गांव में किलोमीटर 12.00 से 12.70 के बीच तथा बछवाड़ा प्रखंड के भगवानपुर चक्की गांव में किलोमीटर 10.80 से 11.20 के बीच कटाव निरोधक कार्य कराए जाएंगे।

# एशिया के सबसे बड़े पशु मेले का रंगारंग आगाज

एजेंसी

**सोनपुर।** बिहार के सारण जिला के हरिहर क्षेत्र सोनपुर में शनिवार की देर शाम एशिया के सबसे बड़े पशु मेला का रंगारंग आगाज हो गया। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव द्वारा मेले का उद्घाटन किया गया और फिर मेला दर्पण पत्रिका का विमोचन हुआ। डीएम अमन समीर नव सबसे पहले अतिथियों का स्वागत किया। जिसके बाद मेला से संबंधित एक एप भी लॉन्च किया गया। पहले दिन बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रद्धा पंडित ने अपने गीतों से पंडाल में बैठे दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार सभी





कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। अब समापन के दिन तक हर दिन नामचीन कलाकारों की प्रस्तुति होगी। साथ ही राज्य के लोक कलाकारों को भी सांस्कृतिक मंच से लोकगीतों की प्रस्तुति का अवसर दिया जायेगा। सारण के विभिन्न विद्यालयों से भी कार्यक्रम के लिए बच्चों का चयन किया गया है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र राय ने कहा यह मेला सभ्यता और संस्कृति का संगम है। इस मेले के विकास के लिए सरकार काम कर रही है। मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सह प्रभारी मंत्री सारण सुमित कुमार सिंह ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का पौराणिक महत्व है। पर्यटक के आगमन में कमी पर कहते हुए कहा कि संस्कृति को बचाते हुए कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत है। मेले मे मवेशी के आगमन को बढावा दिया जाता है। श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि जिसकी जितनी भागीदारी उसके उतनी हिस्सेदारी होनी चाहिये। वर्तमान सरकार गरीबों के हित के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नीतीश-तेजस्वी के नेतृत्व में लगातार गरीबों के हित में काम हो रहा है। भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री आलोक मेहता ने कहा की मेले का एतिहासिक और पौराणिक महत्व है।

## ताबड़तोड़ लोन देगी यह फाइनेंस कंपनी

**नयी दिल्ली।** देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में शामिल एलएंडटी फाइनेंस ने भारत में ग्रामीण और छोटे कस्बों में, विशेष रूप से कर्ज लेने को इच्छुक महिलाओं को लोन देने के लिए एक डील की है। इसके तहत कंपनी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ 12.5 करोड़ डॉलर के लोन के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी के मुताबिक लोन में एडीबी से 12.5 करोड़ डॉलर तक के कर्ज और अन्य विकास भागीदारों से अतिरिक्त 12.5 करोड़ डॉलर का सहयोग शामिल है। रकम का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा महिला उधारकताओं के लिए आवंटित किया गया है, जबकि शेष राशि किसानों तथा सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के साथ-साथ नये दोपहिया वाहन खरीदने के लिए होगा।

**क्या कहा अधिकारी ने:** एलएंडटी फाइनेंस के समूह मुख्य वित्त अधिकारी सचिन जोशी ने कहा, एडीबी के साथ यह सहयोग सामाजिक जिम्मेदारी के हमारे बुनियादी मूल्यों के अनुरूप है...। इससे वित्तीय अंतर को पाटने और देश भर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के हमारे चल रहे प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। एडीबी की महानिदेशक (निजी क्षेत्र परिचालन विभाग) सुजैन गैबौरी ने कहा कि देश की 65 फीसदी आबादी खेती किसानी में लगी हुई है, जो राष्ट्रीय आय में लगभग 50 फीसदी योगदान देती है।

# शेयर बाजार में दहाड़ रहा है टाटा का स्टॉक, मिला 1400% का दमदार रिटर्न

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टाटा ग्रुप की ज्यादातर कंपनियों ने लॉन्ग टर्म में शेयर बाजार में अच्छा रिटर्न दिया है। टाइटन इन्हीं में से एक है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले 10 सालों के दौरान 1400 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। यानी अगर किसी निवेशक ने 10 साल पहले 10,000 रुपये का निवेश टाइटन में किया होगा तो उसका पैसा अबतक 1.4 लाख रुपये होल्ड करने पर हो गया होगा। पिछले 5 सालों के दौरान टाइटन ने पोजीशनल निवेशकों के पैसों को



तीन गुना कर दिया है। बीते एक साल में टाइटन के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत बढ़ा है। जबकि निफ्टी-50 में इस दौरान महज 7 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। कंपनी के मौजूदा शेयर होल्डिंग पैटर्न के अनुसार प्रमोटर्स की कंपनी में कुल हिस्सेदारी 52.9 प्रतिशत है। वहीं, पब्लिक की शेयर होल्डिंग 42.1 प्रतिशत की है। म्युचुअल फंड्स कंपनियों के पास टाइटन का 5.28 प्रतिशत और विदेशी निवेशकों के पास 18.2 प्रतिशत हिस्सा है। सितंबर तिमाही में टाइटन का नेट प्रॉफिट 940 करोड़ रुपये रहा है। जोकि पिछले साल के सितंबर तिमाही के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के रेवन्यू में भी 34 प्रतिशत का सालाना आधार पर इजाफा देखने को मिला है। बता दें, जुलाई से सितंबर 2023 के दौरान 11,660 करोड़ रुपये का कुल रेवन्यू रहा है।

# लोन पर 7% की ब्याज सब्सिडी, हर महीने कैशबैक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कोरोना काल में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्स को राहत देने के लिए एक स्कीम की शुरूआत की थी। यह प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) स्कीम है। इस स्कीम का मकसद स्ट्रीट वेंडरों को कोविड-19 महामारी में बुरी तरह प्रभावित हो चुके उनके व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के लोन की सुविधा देना है। योजना की कई खास बातें हैं। आइए इसके बारे में जान लेते हैं।



**10 हजार रुपये तक मिलेगा लोन:** एक वर्ष की अवधि के लिए बिना किसी गारंटी के 10,000 रुपये तक का लोन मिलता है। समय पर इस लोन का री-पेमेंट करने पर 20,000 रुपये लोन की दूसरी और 50,000 रुपये लोन की तीसरी किश्त की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही प्रति वर्ष 7 प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी दिया जाएगा। यह रकम 400 रुपये तक होगी।

वहीं, प्रति वर्ष ग्राहक को 1200 रुपये तक कैशबैक मिल जाएंगे। बता दें कि प्रति डिजिटल लेन-देन पर एक रुपये से 100 रुपये प्रति माह तक कैशबैक मिलता है। इसका मतलब है कि एक वर्ष में 1200 रुपये का कैशबैक मिलेगा।

**राज्यों को जिम्मेदारी:** योजना के तहत पात्र स्ट्रीट वेंडरों की पहचान और नए आवेदन जुटाने के लिए राज्य/यूएलबी जिम्मेदार हैं। हालांकि, लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए, मंत्रालय कई पहल कर रहा है जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों/ यूएलबी/ऋण प्रदाता संस्थानों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करना, रेडियो जिंगल, टेलीविजन विज्ञापन और समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिये समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाना शामिल हैं।

## एक नजर में

### नीतीश के विवादित बयान की सुनवाई टली अगली सुनवाई एक दिसम्बर को

**पटना(हि.स.)।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने सदन में महिलाओं के सामने जो कुछ कहा उसको लेकर उनकी खूब फजीहत हुई थी। सदन में मुख्यमंत्री के विवादित बयान के खिलाफ मुजफ्फरपुर के सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर कराया गया था, जिसपर शनिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब मामले पर अगली सुनवाई एक दिसम्बर को होगी। सीएम नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं को लेकर सदन में दिए गए विवादित बयान को लेकर उनके खिलाफ अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने परिवाद दायर कराया था। आज ऐन वक्त पर सुनवाई टल गई। परिवादी सह अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महीने का आखिरी शनिवार होने के कारण कोर्ट ने मामले की सुनवाई को टाल दिया है। सीजेएम कोर्ट में अब इस मामले पर एक दिसम्बर को सुनवाई होगी।

### नेपाली शराब के साथ दो धंधेबाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला स्थित सिकटा थाने के प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,सिकटा के नजदीक से पुलिस ने बिना नम्बर के बाइक पर लदे 149 बोतल नेपाली शराब समेत दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज में मझौलिया थाना क्षेत्र के गुरचुरवा गांव के कृष्ण कुमार और धनंजय यादव शामिल है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रमेश कुमार महतो ने आज बताया कि सूचना मिला कि पड़ोसी देश नेपाल की ओर से भारी मात्रा में शराब की खेप भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाला है।सूचना मिलते ही विद्यालय,सिकटा के ईदगीर्द नाकेबंदी कर दी गई।जैसे ही बिना नम्बर के एक बाइक पर दो सवार पहुंचे जवानों ने रोककर तलाशी ली।तलाशी के दौरान उनके पास से जुट के बोरे में रखे एक बोरे से 90 बोतल कस्तूरी निम्बू फ्रेस व दूसरे बोरे से कस्तूरी प्रीमियम 35 बोतल तथा 24 बोतल कस्तूरी निम्बू फ्रेस जब्त की गई।थानाध्यक्ष महतो ने मामले में एफआईआर दर्ज कर दोनों धंधेबाज को आज जेल भेज दिया गया है।

### लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकने को लेकर निकाली गयी जागरूकता रैली

**सहरसा (हि.स.)।** महिला विकास निगम एवं जीविका के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विकास भवन सभागार परिसर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नई पहल चेतना के अंतर्गत लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकने संबंधी मुद्दे को लेकर रैली एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत शपथ दिलाई गई कि आज नई चेतना अभियान के प्रथम दिवस पर हम शपथ लेते हैं कि हिंसा के खिलाफ आवाज उठाएंगे।साथ ही कभी मुकदर्शक बनकर नहीं रहेंगे। हम शपथ लेते हैं की सहायता मांगने और एवं सहायता देने में पीछे नहीं रहेंगे और सबको हिंसा के खिलाफ जोड़ेंगे। हम शपथ लेते हैं कि सबके साथ समान व्यवहार करेंगे और इसकी शुरूआत हम अपने घर से करेंगे। हम शपथ लेते हैं कि लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी को तोड़ेंगे। महिला विकास निगम के केंद्र प्रशासिका मुक्ति श्रीवास्तव एवं आईसीडीएस की डीपीओ कुमारी पुष्पा ने बताया कि लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकने को लेकर 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक पखवाड़ा आयोजन जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें सेविका सहायिका एवं जीविका दीदियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी, आरक्षी अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, महिला विकास निगम के राज्य प्रतिनिधि अरुण कुमार चौधरी एवं उपेंद्र कुमार सिंह सहित जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी,जीविका डीपीएम, सामाजिक विकास प्रबंध बाल विकास परियोजना सहित अन्य मौजूद थे।

### कच्चा तेल 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 81 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड का भाव 0.84 डॉलर यानी 1.03 फीसदी की गिरावट के साथ 80.58 डॉलर प्रति बैरल पर है। इसी तरह वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.56 डॉलर यानी 2.02 फीसदी लुढ़ककर 75.54 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है।

### भाजपा के पान, तांती, बुनकर सम्मेलन में 200 लोग भी नहीं पहुंचे, आरजेडी बोला- जेडीयू नहीं बीजेपी टूटेगी



**पटन।** बिहार की राजधानी पटना में शनिवार को बीजेपी के पान, तांती, बुनकर समाज पर केंद्रित सम्मलेन में कुर्सियां खाली रहने पर राजनीति गर्मा गई है। जेडीयू और आरजेडी ने इसे लेकर बीजेपी पर तंज कसा है। बापू सभागार में आयोजित वीरांगना झलकारी बाई जयंती समारोह में भीड़ नहीं उमड़ी। आगे की कुछ सीटों को छोड़कर पूरे हॉल की कुर्सियां खाली रही। आरजेडी ने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी एक तरफ जेडीयू में टूट का दावा कर रही है, दूसरी तरफ खुद ही भीड़ नहीं जुटा पा रही है। टूट जेडीयू में नहीं बीजेपी में होगी। लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने शनिवार को बीजेपी के पान, तांती व बुनकर समाज के कार्यक्रम को लेकर तंज किया। उन्होंने दावा किया कि इस कार्यक्रम में 50-60 लोग ही जुटे। आरजेडी नेता ने कहा कि इस कार्यक्रम के असफल होने पर बीजेपी बौखला गई है। बीजेपी के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के टूटने की बात कर रहे हैं, जबकि भाजपा ही टूटेगी। दूसरी ओर, जेडीयू ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बीजेपी के कार्यक्रम का वीडियो शेयर किया। इसमें खाली पड़ी कुर्सियों पर तंज कसते हुए कहा कि झूठ की बुनियाद पर चलने वाली पार्टी का ये पूरा सच है। बीजेपी खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है। मगर पटना में आयोजित बीजेपी के एक कार्यक्रम में गिनती के 100 लोग भी नहीं पहुंच पाए। बता दें कि पान, तांती और बुनकर जाति के लोगों पर फोकस करते हुए बीजेपी ने शनिवार को वीरांगना झलकारी बाई जयंती समारोह का आयोजन किया।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में डीएलएफ के गुरुग्राम स्थित ठिकानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट फर्म सुपरटेक और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच तेज कर दी है। ईडी ने इसी कड़ी में गुरुग्राम में शनिवार को रियल स्टेट कंपनी डीएलएफ के ठिकानों पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ईडी ने रियल एस्टेट फर्म सुपरटेक और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत गुरुग्राम में डीएलएफ के परिसरों की तलाशी ली। ईडी ने पिछले कुछ दिनों में की गई कार्रवाई के दौरान कुछ दस्तावेज भी जब्त किए हैं। हालांकि, डीएलएफ से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। यह मामला दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के रियल स्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और उसके समूह की कंपनियों के खिलाफ 670 घर खरीदारों से 164 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज 26 एफआईआर से जुड़ा हुआ है। ईडी ने इस मामले में सुपरटेक के प्रवर्तक राम किशोर अरोड़ा को जून में गिरफ्तार किया था।